सेंसेक्स 71,186.86 ▼ -313.90
डॉलर 83.181 ▼ +0.015

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 09.0 | 17.0 |
| धनबाद | 23.0 | 11.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 11.0 | 21.0 |
| पलामू | 22.0 | 10.0 | 17.0 |


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, पौष शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 342, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय वर्जिनिटी व चेस्टिटी के विचार ने किया ...6


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


रवीना ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार ... 10 देश-विदेश




## एक नजर

### बीजेपी के दीवार लेखन कार्यक्रम की शुरूआत

**भरनो।** सांसद सुदर्शन भगत ने गुमला जिला के भरनो प्रखंड अन्तर्गत मसिया गांव से दीवार लेखन का कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस कार्यक्रम के तहत दीवारों पर स्लोगन ₹एक बार फिर से मोदी सरकार₹ लिखा जा रहा है। मौके पर श्री भगत ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं आम जनों के लिए है। इससे जनता को काफी लाभ मिल रहा है। इसलिए जनता एक बार फिर से मोदी सरकार को लाने के लिए कृत्संकल्प है।

### उज्ज्वला योजना के तहत गैस व चूल्हे का वितरण



**मांडर।** उज्ज्वला योजना के तहत गुरुवार को प्रखंड के मुड़मा में 51 महिलाओं के बीच गैस एवं चूल्हा का वितरण किया गया। वितरक आनंद गैस एजेंसी के प्रोपराइटर प्रकाश आनंद ने बताया कि केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत सभी महिलाओं को गैस एवं इससे संबंधित पूरी सामग्री मुफ्त में दी जा रही है। वहीं गैस और चूल्हा प्रकार महिलाएं काफी खुश नजर आई और सरकार का धन्यवाद दिया।

### खिलाड़ियों के बीच किया खेल सामग्री का वितरण

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सिलागाई मे भारतीय किसान श्रमिक यूनियन के रांची जिला अध्यक्ष अनिल गोप की ओर से खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल सामग्री का वितरण किया गया। सिलागाई के खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट बैट बॉल का वितरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज खेल करियर का बड़ा माध्यम बन गया है।

### खेल सामग्री का वितरण



**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने सिलागाईं पंचायत के हुरहुरी गॉव में होनहार क्रिकेट खिलाड़ीयों के बीच बैट,बॉल और विकेट का बितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सिर्फ उसे प्लेटफार्म की जरूरत है। जिसे भी मौका मिला है उन्हें अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है। गुमला के देहात के रहने वाले रॉबिन मिंज ने इसे सच कर दिखाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि खेल से मनुष्य स्वस्थ रहता है।

### रामोत्सव चित्रकला शिविर में छात्रों ने भगवान राम को कैनवास पर उकेरा

**रांची।** कलाकृति स्कूल आफ आर्ट्स के छात्रों के द्वारा रामोत्सव एक दिवसीय चित्रकला शिविर का आयोजन फिरायालाल चौक में किया गया । इस अवसर पर कलाकृति स्कूल आफ आर्ट्स के लगभग 30 छात्रों ने भगवान राम की पेंटिंग्स को बड़े साइज के कैनवास पर उकेरा।

# झारखंड : ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कटकर पांच लोगों की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

झारखंड के सरायकेला जिले के गमहरिया स्टेशन के पास गुरुवार को रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान पांच लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जब गम्हरिया और आदित्यपुर रेलवे स्टेशन के बीच बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए गम्हरिया स्टेशन आ रहे थे, तभी उत्कल एक्सप्रेस की चपेट आ गए, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना रेलवे पोल संख्या 260/20 के पास की है। बताया जाता है कि सभी मृतक बड़ाबंम्बू और खरसावां रेलवे स्टेशन के थे, जो काम करने आदित्यपुर और गम्हरिया जाते थे। गुरुवार शाम वापस ट्रेन पकड़ने आने के दौरान यह घटना घटी। फिलहाल शवों की शिनाख्त नहीं हो पायी है। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के डीसीएम देवराज बेनर्जी ने बताया है कि घटना की सूचना उन्हें मिली है ।लेकिन इस हादसे में कितने लोगों की जान गयी है यह अब तक स्पष्ट नहीं है। सटीक जानकारी मिलने के बाद आधिकारिक रूप से जानकारी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली पुरी उत्कल एक्सप्रेस टाटानगर स्टेशन जा रही थी। इस बीच गम्हरिया रेलवे स्टेशन के पास घने कोहरे के कारण रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान पांच लोग तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे द्वारा सभी शव रेलवे ट्रैक से हटाने का कार्य जारी है। वहीं जमशेदपुर रेल एसपी ऋषव कुमार झा घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। गम्हरिया थाना पुलिस समेत रेलवे पुलिस अन्य शव तलाश में जुटी है।

# अफवाहों पर उग्र न हों और भीड़ का हिसा न बनें : डिप्टी कमांडेंट



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

106 रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने गुरुवार को बिरसा कॉलेज खूंटी के छात्र- छात्राओं के समक्ष रैपिड एक्शन फोर्स की कार्यशैली, उसकी महत्ता तथा नागरिकों की सुरक्षा समस्याओं में सहभागिता संबंधी डॉक्यूमेंट्री दिखाई। 106 रैफ जमशेदपुर के डिप्टी कमांडेंट प्रकाश चंद्र बादल ने छात्रों को रैपिड एक्शन फोर्स के मोटो अर्थात सर्विंग ह्यूमैनिटी विथ सेंसिटिव पुलिसिंग के बारे विस्तार से समझाया और इसमें भर्ती होने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। रैफ की नीली वर्दी होने का कारण भी उन्होंने छात्रों से साझा करते हुए कहा कि यह शांति का प्रतीक है और रैफ का काम ही है हिंसा रहित कार्यशैली से शांति बहाल करना। उन्होंने छात्रों को अफवाहों पर उग्र न होने को कहा तथा आक्रोशित भीड़ का हिस्सा न बनने को कहा। इंस्पेक्टर शंभू तिवारी और इंस्पेक्टर लक्ष्मण राय ने भी रैफ से जुड़ने का जुनून और अपने सेवा काल के किस्सों से अवगत कराया। एएसआई बीरेंद्र राम और कांस्टेबल कुमार गौतम सिंह ने भी अपने अनुभव छात्रों से साझा किया। कार्यक्रम में दंगारोधी उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया और छात्रों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों का जवाब भी दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले राममय हुआ खलारी



**खलारी।** अयोध्या जी में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश राममय हो चला है। इसमें खलारी भी पीछे नहीं है। खलारी के सभी मंदिरों, प्रमुख चौक चौराहों पर 22 जनवरी को अलग अलग कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। कहीं अखंड हरिकीर्तन होना है तो कहीं भजन संगीत। मंदिरों को अभी से सजाया जा रहा है। श्री जानकी रमन मंदिर में भगवान की विशेष पूजा आरती होगी। पूरे मंदिर परिसर में दीया जलाया जाएगा। जय माता दी ग्रुप के द्वारा खीर वितरण करने की योजना है। अयोध्या जी में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहाड़ी मंदिर खलारी में अखंड हरिकीर्तन किया जाएगा। लगभग सभी मंदिर व चौक चौराहों में दीपोत्सव होगा। इसके अलावा करकट्टा, धमधमिया, डकरा, लपरा, राय आदि के सभी प्रमुख मंदिरों में अलग अलग कार्यक्रम तय किए गए हैं। सभी मंदिरों में दीपोत्सव होगा। सभी सनातनी अपने अपने घर में दीवाली की तरह दीया जलाने की तैयारी में हैं। केडी बाजार के दुकान व केडी रोड को पट्टीनुमा भगवा झंडी से सजाया जा रहा है। बाजार में श्रीराम लिखा भगवा पताका, झंडी बिक रहा है। कई लोग अभी से अपने घरों के बाहर भगवा पताका लगा लिए हैं। खलारी जेहलीटांड़ के कुम्हारों के लिए दूसरी बार दीपावली जैसा अवसर है। कुम्हारों ने पहले से ही दीया बनाकर रखा है। कई कुम्हारों को बाहर के लोग भी आर्डर दे गए हैं।

### सफाई मित्रों के बीच किया गया किट का वितरण



**चान्हो।** चोरेया पंचायत के मधुकम के ग्रामीणों को सफाई कीट देकर ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया गया। ग्रामीणों ने श्रमदान करके अपने गांव के नाली की साफ सफाई, रोड की मरम्मति एवं गाँव में जगह जगह हो रहे जल जमाव को रोकने का कार्य किया। उत्साहवर्धन हेतु पंचायत के मुखिया रेखा सांगा, पंचायत समिति सदस्य सुषमा देवी एवं नवभारत जागृति केंद्र के सहायक परियोजना प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता, प्रियांशु कुमार ने यह कीट दिया।। मुखिया ने कहा कि इस तरह के ही सामूहिक एकता के साथ कार्य करने से हमारे गांव में साफ सफाई एवं गांव की पानी गांव को रोकने के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकता है सिर्फ हम सरकार के भरोसे रहेंगे तो कार्य को सुचारू रूप से कर पाना मुश्किल होगा।

### बाघवार क्रिकेट एकेडमी की टीम ने एक तरफा मुकाबले में गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी को हराया



**चान्हो।** गुरुवार को वेंचर स्किल अंडर 14 क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतर्गत नेहरू स्टेडियम रांची में खेले गए एक लीग मैच में बाघवार क्रिकेट एकेडमी की टीम ने गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी की टीम को एक तरफा मुकाबले में 79 रनों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 25 ओवरों में बाघवार क्रिकेट एकेडमी की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 145 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाज आदर्श राज एवं हर्ष राज ने अपनी टीम के लिए 30-30 रनों का योगदान दिया। 145 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी की टीम 21.4 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर केवल 66 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने टीम को बधाई दी और कहा कि टीम की इस सफलता का पूरा श्रेय इस टीम के कोच अजय कुमार सिंह एवं टीम मैनेजर हरे कृष्णा सिंह को जाता है।

### बेड़ो पंचायत भवन स्थित गुमटी का शटर तोड़कर हुई चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो पंचायत भवन स्थित गुमटी के शूटर को तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना बुधवार की रात्रि की है। इधर गुमटी में हुई चोरी को लेकर भुक्तभोगी महिला आभा देवी ने गुमटी में हुई चोरी को लेकर बेड़ो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इधर घटना के बाद गुरुवार की सुबह भुक्तभोगी महिला आभा देवी ने बताया कि बुधवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने मेरे दुकान में शटर को तोड़कर दुकान में रखें बेचने वाले पेट्रोल, पान मसाला, गुटका, सिगरेट समेत कुछ रुपए अपने साथ ले गए। आभा देवी ने पुलिस प्रशासन से अज्ञात चोरों को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# साधु का चरित्र कपास के सफेद फूल की तरह : डॉ उमाकांतानंद सरस्वती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरिद्वार धाम से पधारे श्री श्री 1008 जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर उमाकांतनंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्री राम कथा का यह आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ पर पवित्र ग्रंथ श्री रामायण का पूजन, वंदन, माल्यार्पण आज के मुख्य यजमान बीरेंद्र सिंह सपत्नी रेणु सिंह ने किया। ब्यास पीठ पर विराजमान स्वामी जी को चंदन ,वंदन ,माल्यार्पण और आरती के बाद महाराज जी कथा अमृत वर्षा का लाभ देते हुए कहा। विश्वामित्र जी संत मुनियो के संग जनकपुरी पहुँच जाते है राजा जनक को जानकारी मिली वो स्वागत पर द्वार तक पहुँच गए। संसार की वस्तुओं में जिनका कोई लगाव नही वो भगवान के दर्शन को पहुंच गए। गुरु जी कहते है शक्ति चाहिए तो प्रभु के पास जाइये ओर भक्ति चाहिए तो माँ शक्ति के पास जाइये। अलौकिक सौंदर्य के विषय पर चर्चा की सीता जी के विषय मे चर्चा कर धनुष यज्ञ की विस्तृत चर्चा की। सीता मा के अलौकिक सौंदर्य देख ही यह धनुष यज्ञ हो रहा। सीता जी के विवाह स्वयम्बर में देश विदेश के राजा महाराजा पधारे हुए थे धनुष तोड़ने के कयास उस समय असफल हुआ जब भगवान श्री राम के विराट रूप को उन्होंने देखा। उन्होंने कहा हर आदमी का अपना संसार होता है श्री राम कथा में हमेशा हनुमान जी को बुलाते हैं संत को जो कथा स्थल में दिखता है कथा में उसी प्रसंग के साथ आगे बढ़ते है। उन्होंने कहा साधु का चरित्र कपास के सफेद फूल की तरह होता है क्योंकि समाज की कमी को दूर करने के लिए अपना त्याग करते है। संसार मे सुख दुख हमारे भावना का खेल है क्योंकि सुख शांति की कोई सीमा नहीं जीवन मे सुख दुख व भावना को सुधार लिया जाय तो दृस्टि ही बदल जाएगी।

# सहायक प्राध्यापकों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से मिले। शिक्षकों ने कुलपति से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के साथ विलय करने की घोषणा का विरोध किया गया है। विरोध करने गए शिक्षकों ने कहा कि आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया अतिथि शिक्षकों से बिलकुल भिन्न है। इसलिए अतिथि शिक्षकों का विलय आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के साथ नहीं किया जाए। हालांकि कुलपति ने स्पष्ट कहा कि मेरी ऐसी कोई मनसा नहीं है और न ही मीडिया को कोई बयान दिया है। अतिथि सहायक अध्यापक खुद ऐसी खबर फैला रहे हैं। इससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

# छोटाचंगडू में नीलगिरी मेले का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातू पंचायत के छोटाचांगडु गांव में निलगिरी मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले में मुख्य अतिथि पुर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, पूर्व विधायक अमित महतो, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, मुखिया शर्मिला कुमारी, पूर्व शिक्षक भजोहरी महतो, भुपेंद्र भगत, प्रकाश महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। विधायक एवं अन्य अतिथियों ने लोगो का अभिवादन किया तथा पारंपरिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने को लेकर मेला समिति के सदस्यों की सराहना की। दिन भर कोहरे, ठंड तथा दोपहर को हल्की बुंदा बांदी के बावजूद भी मेले में भीड़ उमड़ी। मेले में झूमर, पांता नाच समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने मिक्की माउस स्लाइडिंग व डिस्को डांस में खूब आनंद लिया। वहीं लोगों ने नीलगिरी पहाड़ पर स्थित मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना भी की। नीलगिरी पहाड़ से आसपास का नजारा व मेले का दृश्य देखते ही बनता है। लोगों ने मेले में घरेलू सामान, खिलौने, रेडीमेड कपड़े एवं अन्य सामानों के खरिदारी के साथ साथ चाट, चाउमिन, फुचक, आइसक्रीम खाकर आनंद लिया। मेले के सफल आयोजन में त्रिलोचन बड़ाइक, शिवनाथ महतो, बनमली महतो, चतुर महतो, उत्तम मांझी समेत समिति के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव की माता का निधन



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के केशा गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव की माता चरिया उराइन का निधन हो गया। वह 60 वर्ष की थी तथा चार दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ गई थी। जिन्हें रिम्स रांची में भर्ती कराया गया था। बुधवार को लगभग 3 बजे उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पति बुदका उरांव,बेटा बुदू उरांव, प्रदेशीय उरांव, बिरजू उरांव, चरवा उरांव व बेटी जितनी उराइन,गुन्दू उराइन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके पैतृक गांव केशा में 12:30 बजे किया जाएगा। इधर भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव के माता के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### मॉडल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक दिवस पर बैठक संपन्न

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 18 बालिकाओं को किया गया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय व मॉडल स्कूल बेड़ो में बुधवार को 'अभिभावक शिक्षक बैठक' दिवस का आयोजन किया गया । जहां माता पिता एवं अभिभावकों को बच्चों के शिक्षा से जोड़ने उन्हें संवेदनशील बनाने एवं लर्निंग गैप को कम करने उद्देश्य से विद्यालय स्तर बैठक की गई। जहां कई मुद्दों पर चर्चा करते प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो ने कहा कि छात्र-छात्राओं का विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से हो सके इसके लिए अभिभावकों में भी जागरुकता लाने पर बल दिया। साथ ही बच्चों में अनुशासन पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाली सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन करने बालिकाओं में क्रमशः अनिमा कुमारी, अनुष्का कुमारी रोशनी कुमारी, सोनी कुमारी, खुशबू, नीलू लकड़ा, मोनिका भगत, गंगी कुमारी, सीमा कुमारी, सरस्वती, अंजनी उरांव, सपना, सोनी उरांव, काजल, नीली, पूजा व राखी समेत कुल अठारह छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ मुखिया सुशांति भगत, प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीखा उरांव ने पुरस्कृत किया। बैठक का संचालन शिक्षक सुनील कुमार दास ने किया। इधर मॉडल स्कूल में भी अभिभावक शिक्षक के साथ मुखिया सुशांति भगत, प्रभारी प्रधानाध्यापक भिनसेन्ट सोरेन की उपस्थिति व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिव शंकर कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। वहीं मुद्दों पर चर्चा करते हुए कक्षा में छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति पर बल दिया गया। वहीं प्रोजेक्ट रेल के बारे में चर्चा की गई। बैठक में प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो, शिक्षक बसंत कुमार सिंह, कादिर, शिक्षिका श्वेता कुमारी, ममता कुमारी, अंजली कुमारी, राजश्री कच्छप, मंजु कुमारी, रवि कुमार समेत विभिन्न गांवों से आये अभिभावक उपस्थित थे।

### भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया कंबल का वितरण

# ग्रामीणों में दिखी खुशी



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के दानेकेरा पंचायत के कोयनारा गांव में गुरुवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने सैंकड़ों जरूरतमन्दों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए मेरी तरफ से आप सभी जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है ।जिससे बुजुर्ग लोगों को ठंड से राहत मिल सकेगा। उन्होंने कहा केंद्र सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। इसके लिए कई योजनाएं संचालित किया जा रहा है ताकि कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे ।मौके पर मुखिया भुचला मुंडा,बंधन लोहरा,बंधना उरांव,सोमनाथ बड़ाईक, राजू बड़ाईक, सालिक बड़ाईक, दिलीप उरांव, तेजुवा उरांव, चामू बड़ाईक, चामू मुंडा, धर्मेंदर बड़ाईक, भीखराम बड़ाईक, देवचरन लोहरा,वीणा देवी, आरती देवी, हीरामणि देवी, सविता देवी, देवी, चरकु साहू, विजय सिंह, जनार्दन दास सहित कई लोग मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 05/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-18.01.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/KODERMA/07/2023-24 | प्रखण्ड चन्दवारा अन्तर्गत उरवाँ चांदनी चौक से सैनिक रोड तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0) | 1,59,26,100/- | एक करोड़ उनसठ लाख छब्बीस हजार एक सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| | RWD/KODERMA/08/2023-24 | प्रखण्ड चन्दवारा अन्तर्गत मथाडीह कालीकरण रोड से थाम पी0डब्लयू0डी0 रोड भाया पुरनाथाम तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0) | 3,59,36,200/- | तीन करोड़ उनसठ लाख छत्तीस हजार दो सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–29.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–12.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–13.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा, झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.316414 Rural Work Department(23-24):D

संसेक्स 71,186.86 ▼ -313.90
डॉलर 83.181 ▼ -0.015

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 09.0 | 17.0 |
| धनबाद | 23.0 | 11.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 11.0 | 21.0 |
| पलामू | 22.0 | 10.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, पौष शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 342, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय वर्जिनिटी व चेस्टिटी के विचार ने किया ...6


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


रवीना ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार ... 10 देश-विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,300

चांदी (1 किलो) 77,400

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है।

यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# अब भी जारी है रावण के 'मैं' और राम के विजय की संघर्षगाथा

**प्रवीण प्रियदर्शी। रांची**

यह कहानी तो सभी जानते हैं कि जब भगवान राम महाज्ञानी, परम वैभववान, त्रिलोक विजेता लंकाधिपति रावण को मारकर अपनी भार्या सीता के साथ अयोध्या वापस लौटे... तो माता कौशल्या ने रामचंद्र से पूछा कि रावण को किसने मारा। तो रामजी ने कहा, मैंने रावण को नहीं मारा रावण को तो 'मैं' ने मारा मतलब रावण को उसके अहंकार ने मारा। बड़े ही संयोग की बात है कि त्रेता और द्वापर युग बीत जाने के बाद कलयुग के इस कालखंड में भी भारतभूमि पर राम और रावण के अहंकार का युद्ध अब भी जारी है। आज जब साढ़े पांच सौ वर्ष के लंबे बलिदानपूर्ण संघर्ष के बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की बेला आई है तो फिर राजनीतिक समाज के एक वर्ग के समर्थन की राह में अहंकार का दानव आन खड़ा हुआ है। किसी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में राजनीति नजर आ रही है तो किसी को आमंत्रण के तरीके पर आपत्ति है, किसी को प्राण प्रतिष्ठा में पारंपरिक विधि-विधान का उल्लंघन नजर आ रहा है तो कोई कह रहा है कि राम मंदिर में जितना खर्च हो रहा है उसमें इतने अस्पताल, स्कूल, कॉलेज और सड़क बन सकते थे तो किसी को राम में नहीं अस्पताल में राहत मिल रहा है। हां इनमें से अधिकतर लोग दशकों तक और अब भी बिना किसी आमंत्रण और पूरे राजनीतिक जलवे-जलाल के साथ अन्य धार्मिक आयोजनों में शामिल होते रहे हैं। तब किसी को न खर्च पर आपत्ति हुई, न आमंत्रण के तरीके पर। वस्तुतः में यह कथित आपत्ति उन संस्थाओं और व्यक्तियों के उस जागृत 'मैं' का प्रकटीकरण है जो भारत के हर सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक उपादान पर अपना जन्मजात अधिकार मानता रहा है। लोकतंत्र की महिमापूर्ण ताकत और अपने सिद्धांत के सिद्धी के



लिए एकनिष्ठ संघर्ष ने अगर आज किसी और संस्था या व्यक्ति को यह अवसर प्रदान कर दिया है तो कई लोग जल-भूनकर कर राख हो गए हैं। उनके विशेषाधिकार को ठेस लगा है कि कोई और कैसे इतिहास की वो लकीर खींचने का भागी बन रहा है जो शायद अमिट हो जाए। इस जलन और चुभन से उनके मन में हिंसा की वो अग्नि जल रही है जिसमें उन्हें इस देश में राम की महत्ता का भान भी नहीं हो पा रहा है। इस देश में राम और कृष्ण दो ऐसे आदर्श पुरुष हैं जिनके इतर न जिंदगी है न मृत्यु। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के इस महावसर के उत्साह और उल्लास का दर्शन भारत ही नहीं दुनिया के कई देशों में देखने को मिल रहा है। कोई पैदल राम लला के दर्शन को जा रहा है तो कई धार्मिक दीवार तोड़ रहा है, कोई इतिहास की गलतियों को सुधारने की हिमायत में जुट गया है तो कोई अपनी रचनात्मक शक्ति का सहारा ले रहा है। फिर ऐसे में इस देश की नब्ज की समझ का दावा करने वाले इस भावना को नहीं समझ रहे हों...माना नहीं जा सकता। लेकिन दंभ और अहंकार विवेक के हर मार्ग को अवरुद्ध कर जलन-चुभन और बेचैनी की उस ज्वाला को धधका देती है जिससे लोग निश्चयात्मक क्षमता खो बैठते हैं। तभी कई लोग द्वंद्व में फंसे अपने सामने दिख रहे सीधे और स्पष्ट मार्ग का अवलंबन नहीं कर पा रहे हैं.... लेकिन राजनीतिक दोमुंहेपन की विरासत और अपने सोच-समझ की बंद कोठी की मजबूरी के कारण न तो खुद को इस मार्ग से दूर दिखाना चाहते हैं और न ही इस मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं। राम के बहाने 21वीं शताब्दी में भारतीय राजनीति फिर उसी दोराहे पर आ खड़ी हुई है जहां रावण अपने को गलत जानता हुआ भी गलत मानने को तैयार नहीं था और राम को उसपर विजय के लिए सर्वसमाज के साथ रामसेतु बनाना पड़ा था। इस बार फिर से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के रूप में रामसेतु का नया प्रारूप तैयार है और रामलला के विराजमान होने के साथ ही सर्वसमाज की मान्यता, भावना, समर्पण और एकात्मवाद की जीत का पताका लहराने को तैयार है। आपको अपना पक्ष अपने विवेक और दंभ-अहंकार के आधार पर चुनना है। यहीं से नये भारत के नये गौरवगाथा का सृजन होना है, एक नई रचना गढ़ी जानी है, नया गीत लिखा जाना है। तो बोलिए जय श्री राम।

## एक नजर

### पीएम मोदी का 27 को प्रस्तावित धनबाद दौरा स्थगित

**धनबाद।** एक बार फिर पीएम का प्रस्तावित धनबाद दौरा रद्द हो गया है। पीएम 27 जनवरी को धनबाद आने वाले थे। इस दौरान वो धनबाद के सिंदरी स्थित हर्ल प्लांट का उद्घाटन करने वाले थे। प्रधानमंत्री का दौरा रद्द होने से प्लांट के उद्घाटन के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। पीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर धनबाद जिला प्रशासन सहित धनबाद, गिरिडीह और कोडरमा के भाजपा नेता और कार्यकर्ता जोरशोर से तैयारियों में जुटे थे।

### झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा, कब होगी जेटेट परीक्षा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल प्रिया यादव एवं अन्य की याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में स्पेसिफिक शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि जेटेट परीक्षा कब ली जाएगी। जेटेट परीक्षा की टाइम फ्रेम निर्धारित कर राज्य सरकार को बताने का निर्देश दिया है।

### ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत


(जैकेट इनसाइड पर )


# सीएम के खिलाफ एजेंसी कोई एक्शन लेती है तो विद्रोह होगा

### आज राजभवन के सामने आदिवासी संगठन पारंपरिक हथियार के साथ प्रदर्शन करेंगे

### मोरहाबादी मैदान में जुटेंगे, फिर ढोल-नगाड़ा बजाकर पैदल राजभवन मार्च करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी को अब झारखंड की राजनीतिक पार्टियों खुली चुनौती दे रहीं हैं। ईडी ने जब से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लैंड स्कैम में समन भेजना शुरू किया है तब सेअलग-अलग तरह से विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। अब ईडी पर दबाव वाली राजनीति शुरू हो गई है। यहां तक कि मुख्यमंत्री ने पहले इसे कोर्ट में चुनौती दी वहां से राहत नहीं मिलने पर भी अड़ियल रवैया अपनाए रखा और कैबिनेट सचिव से पत्र भी लिखवाया कि जांच के पहले राज्य सरकार को जांच का कारण बताएं। इधर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की सहमति के बाद 20 जनवरी को ईडी की टीम सीएम आवास पर बयान दर्ज करने के लिए जाने वाली है।

वहीं सीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आशंका को लेकर कई आदिवासी संगठनों ने ऐलान कर दिया है कि अगर सीएम के खिलाफ एजेंसी कोई एक्शन लेती है तो विद्रोह का बिगुल फूंक दिया जाएगा। अलर गलत हुआ तो पूरे झारखंड में आग लगेगी उसकी आंच में सिर्फ वैसे लोग जलेंगे जो ईडी का समर्थन करते हैं।

### केंद्र के इशारे पर ईडी काम कर रही





केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केंद्र के इशारे पर ईडी एक आदिवासी सीएम को परेशान कर रही है। ईडी सिर्फ गैर भाजपा शासित राज्यों में कार्रवाई कर रही है। केंद्र व ईडी का मकसद हेमंत सरकार को अस्थिर करने की है। इससे झारखंड के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि समन की आड़ में मुख्यमंत्री को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कई जिलों से आदिवासी व अन्य लोग जैसे गुमला, लोहरदगा, रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग व अन्य जगह से आएंगे। सभी मोरहाबादी में जुटेंगे, फिर यहां से ढोल नगाड़ा बजाकर राजभवन पैदल मार्च करेंगे। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 19 जनवरी को राजभवन के सामने कई आदिवासी संगठनों के बैनर तले पारंपरिक हथियार के साथ प्रदर्शन किया जाएगा।

### आदिवासियों की पहचान और सम्मान का सवाल महत्वपूर्ण : बंधु तिर्की



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने बुधवार को कहा कि आदिवासियों की पहचान के साथ ही उनके सम्मान का सवाल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों के सवाल और आदिवासियत के मुद्दे से किसी भी हाल में समझौता नहीं होगा। 4 फरवरी को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आदिवासी एकता महारैली की तैयारी के सिलसिले में वह मधुकम जतरा मैदान में एक बैठक में बोल रहे थे। तिर्की ने महारैली के प्रचार-प्रसार के लिये पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अनेक निर्देश दिये। आदिवासी एकता महारैली को सफल बनाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया और अपने-अपने क्षेत्र से अधिकाधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

### ईडी ने डीजीपी और मुख्य सचिव से मांगी सुरक्षा

इधर ईडी ने डीजीपी अजय कुमार सिंह व मुख्य सचिव एल खियांगते को पत्र लिख सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने की मांग की है। मालूम हो कि झामुमो सहित कई संगठन लगातार ईडी को धमकी दे रहे हैं।

### साहिबगंज डीसी से पूछताछ आज

अवैध खनन मामले में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से ईडी शुक्रवार को पूछताछ करेगी। इससे पूर्व 17 जनवरी को ईडी ने दूसरा समन भेजा है। ईडी ने रामनिवास यादव को 19 जनवरी को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले डीसी रामनिवास यादव को बीते छह जनवरी को समन भेजकर 11 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि, उपस्थित नहीं हुए थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे।


### शीतलहर के कारण राज्य के स्कूलों का समय बदला

**रांची।** झारखंड के सभी स्कूलों का समय बदल गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इसकी चिट्ठी गुरुवार को जारी कर दी गई। इसमें कहा गया है कि झारखंड के सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी प्राइवेट स्कूलों का समय बदला जाता है। 19 जनवरी से 25 जनवरी तक केजी से पांचवीं तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक चलेंगी। छठी से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह नौ बजे से तीन बजे तक चलेंगी। मध्याह्न भोजन पहले की तरह बच्चों को मिलती रहेगी। मध्याह्न भोजन पूर्ववत चालू रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# झारखंड में घने कोहरे के चलते 20 उड़ानें रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में कोहरा और बादल छाये हुए हैं। गुरुवार को कोहरे के कारण दिनभर लोगों को ठंड का एहसास हुआ। कोहरे के कारण रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली 20 फ्लाइट गुरुवार को कैंसिल कर दी गयी। गुरुवार को रांची एयरपोर्ट में विजिबिलिटी 500 मीटर से भी कम रही। बताया जाता है कि छोटे विमान के लिए 900 से 1000 मीटर और बड़े विमानों की लैंडिंग के लिए 1400 से 1500 मीटर विजिबिलिटी होनी चाहिए। रांची एयरपोर्ट से 18 जनवरी को 27 जोड़ी फ्लाइट का शिड्यूल तय था। इनमें 20 को कैंसिल करना पड़ा।



### ये उड़ानें हुई रद्द

दिल्ली-रांची इंडिगो की फ्लाइट, मुंबई-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस, दिल्ली-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया, अहमदाबाद-रांची इंडिगो, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया, दिल्ली-रांची एयर इंडिया, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस, दिल्ली-रांची एयर इंडिया, बेंगलुरु-रांची एयर इंडिया, दिल्ली-रांची इंडिगो।

अब 19 जनवरी को 22 जोड़ी फ्लाइट को ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

# वेद मंत्रों की ध्वनियों के बीच गर्भगृह में विराजमान हुए रामलला



**एजेंसी। अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि में नवीन राम मंदिर के गर्भगृह के आसन पर भगवान श्री राम के विग्रह को रख दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के तृतीय दिवस गुरुवार को वैदिक पंडितों के द्वारा पूर्ण पूजन विधि के साथ भगवान राम की अचल विग्रह को आसन पर विराजित किया गया। रामलला की मूर्ति को आसन पर स्थापित करने में कुल चार घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। हालांकि आखिरी तौर पर श्री राम की अचल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। लेकिन पूरी तरीके से ढकी हुई रामलला की मूर्ति ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

### सीएस ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**रांची।** राज्य में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर मुख्य सचिव एल खियांग्यते ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्य सचिव ने खासकर 22 जनवरी को लेकर आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर राज्य से भी काफी संख्या में लोग अयोध्या जाएंगे। इस दौरान ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर


## इंडिया

# गूगल ने निजता का हनन रोकने के लिए किया बड़ा फैसला



सुनील बादल

*विश्व* के साथ आधुनिक भारत में रोटी कपड़ा और मोबाइल आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। गूगल के प्रति दीवानगी से क्रोम दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय ब्राउजर है। अच्छी बात यह है कि इस वर्ष के अंत तक गूगल सभी क्रोम उपयोगकर्ताओं के लिए थर्ड पार्टी कुकीज को समाप्त कर देगा। ऑनलाइन विज्ञापन उद्योग के इतिहास में विश्व के 600 अरब डॉलर वार्षिक लेनदेन का यह सबसे बड़े बदलावों में से एक होगा।नब्बे के दशक में कंप्यूटर इंटरनेट की दुनिया में एक छोटी-सी पहल ने लोगों के वेबसाइट इस्तेमाल के अनुभव को उल्लेखनीय तरीके से बदल दिया और इसका श्रेय जाता है नेटवर्क इंजीनियर लू मोंटुल्ली को, जिन्होंने एचटीटीपी कुकी का आविष्कार किया था । इस कुकी से ही हमारी वेबसाइट गतिविधियां नियंत्रित्र होती हैं । कुकीज को कई वर्गों में बांटा गया है, जैसे अति आवश्यक कुकीज, वर्किंग कुकीज, फर्स्ट पार्टी कुकीज, सेकेंड पार्टी कुकीज और थर्ड पार्टी कुकीज। वर्तमान में गूगल थर्ड पार्टी कुकीज का सपोर्ट बंद कर रहा है, जिससे ऑनलाइन विज्ञापन के बाजार में बड़ी हलचल मची हुई है। सामान्य तौर पर कुकीज ऑनलाइन वेबसाइट पर हमारी गतिविधियां ट्रैक करती हैं और उन गतिविधियों से कुकीज देने वाली वेबसाइट को अवगत कराती हैं। आप ने अनुभव किया होगा कि आप किसी वस्तु,दुकान या सेवा की खोज या वेबसाइट देखते हैं तो यह गतिविधि वेबसाइट प्रदाता कंपनी को कुकीज के माध्यम से पता चल जाती है और अगली बार जब आप ऑनलाइन होते हैं तो वह तत्काल अपने आप आ जाती है। आजकल एआई के प्रयोग से यह इतनी तेजी से और सटीक होता कि हमें तुरंत अपने आप सर्च के विकल्प दिखाई पड़ने लगते हैं। अरबों के ऑनलाइन विज्ञापन का बाजार इसी सर्वेक्षण पर टिका है कि उपभोक्ता चाहता क्या है और यहीं से उपभोक्ता का ब्राउजिंग डाटा महत्वपूर्ण हो जाता है। सवाल उठता है कि फिर थर्ड पार्टी कुकीज बंद होने



पर इतना हंगामा क्यों हो रहा है, तो उसका कारण यह है कि थर्ड पार्टी कुकीज प्रायः वेबसाइट सेवा प्रदाता के अनुबंध के कारण किसी अन्य सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान की जाती है, जो हमारे अनुभव से इतर यह रिकॉर्ड करती है कि हम वेबसाइट या ऑनलाइन क्या कर रहे हैं। अगर इसे ऐसे समझें कि हमने गूगल पर जूते सर्च किए और उसके बाद हम किसी अन्य वेबसाइट पर जाते हैं, तो वहां भी हमें जूते के विज्ञापन दिखने लगते हैं, जो थर्ड पार्टी कुकीज द्वारा दी गई सूचना के कारण होता है। पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग भी अब अपनी निजता के प्रति बहुत जागरूक हुए हैं और उपभोक्ताओं की मांग का सम्मान करते हुए गूगल ने थर्ड पार्टी कुकीज का प्रयोग चरणबद्ध तरीके से बंद करना शुरू कर दिया है। हालांकि गूगल का यह प्रयास पहले केवल क्रोम उपयोगकर्ताओं के एक हिस्से को प्रभावित करेगा, पर अंततः इसका नतीजा यह हो सकता है कि अरबों इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को कम विज्ञापन दिखाई देंगे, जो उनकी ऑनलाइन ब्राउजिंग आदतों से काफी मेल खाते हैं। पिछले दशक के अंत में मोजिला के फायरफॉक्स और एप्पल के सफारी ब्राउजर ने लोगों की निजता और गोपनीयता चिंताओं के कारण कुकीज को ट्रैक करने पर सीमा रेखा लगानी शुरू कर दी थीं। गूगल ने 2020 में उन्हें क्रोम से हटाने की योजना बनाई, पर विज्ञापन उद्योग और गोपनीयता के समर्थकों की चिंताएं दूर करने के लिए इस प्रक्रिया में कई बार देरी हुई। गेट ऐप की एक रिपोर्ट के अनुसार सेवा प्रदाताओं को लगता है कि उन्हें अपना व्यावसायिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी लागत को पांच प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाना पड़ सकता है। उपभोक्ताओं की निजता के लिए यह कोई बहुत बड़ी राहत नहीं है, क्योंकि अधिकतर सेवा प्रदाता अब ऐप का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं, जिससे उन्हें ज्यादा सटीक और ज्यादा व्यक्तिगत सूचनाएं प्राप्त होंगी। दुनिया भर के देश गोपनीयता कानून में अब कुकी प्रयोग और उस पर सहमति संबंधी प्रावधान जोड़ रहे हैं, ताकि बिना सहमति के सूचनाएं साझा न हों और गोपनीयता बरकरार रहे। गूगल का ये प्रयास निजी सूचना आधारित व्यवसायों पर न केवल दूरगामी प्रभाव डालेगा, बल्कि ऑनलाइन विज्ञापन के नए-नए तरीके भी लोग खोज ही लेंगे। महत्वपूर्ण यह है कि इंटरनेट में निजता के लिए सावधानी और सतर्कता आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री ने राम मंदिर पर डाक टिकट जारी किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अयोध्या के राम मंदिर पर छह विशेष स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर से भगवान राम को समर्पित टिकटों वाली एक बुकलेट का भी अनावरण किया। स्मारक डाक टिकटों में राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी शामिल हैं। वहीं स्टाम्प बुकलेट विभिन्न समाजों पर भगवान राम की अंतरराष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित करने का एक प्रयास है। 48 पृष्ठों की इस पुस्तक में अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, कंबोडिया और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों सहित 20 से अधिक देशों द्वारा जारी किए गए डाक टिकट शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा कि आज, मुझे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से संबंधित एक और कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। आज, राम मंदिर को समर्पित छह डाक टिकट जारी किए गए। इसके अलावा, दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक भी जारी की गई। डाक टिकट विचारों, इतिहास और ऐतिहासिक अवसरों को अगली पीढ़ी ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

# अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर झारखंड में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दिन राज्य के भी मंदिरों में पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुख्यालय ने राज्य के विभिन्न जिलों में 3500 अतिरिक्त बलों की तैनाती की है। साथ ही पुलिस मुख्यालय ने जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 22 जनवरी को यूपी के अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 3500 अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति हुई है। सभी एसपी और एसएसपी से कहा गया



है कि तैनात अतिरिक्त बलों को पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी के साथ सभी दंगा रोधी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराते हुए विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त करें। यह प्रतिनियुक्ति गुरुवार से 23 तक की गई है। पूर्वी पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 300, सरायकेला में 100, खूंटी में 100, सिमडेगा में 100, गुमला में 100, लोहरदगा में 200, हजारीबाग में 300, गिरिडीह में 100 लाठी बल और 50 सशस्त्र बल, कोडरमा में 150, चतरा में 150, रामगढ में 100, बोकारो में 200, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 100, धनबाद में 200, पलामू में 200, लातेहार में 100,गढ़वा में 100, देवघर में 150, दुमका में 150, पाकुड में 100, साहेबगंज में 150, जामताड़ा में 150 और गोड्डा में 150 लाठी बल सहित अन्य बल तैनात रहेंगे।

## 22 को राजकीय अवकाश घोषित करें मुख्यमंत्री : अमर बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर 22 जनवरी को झारखंड में राजकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि 22 जनवरी भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम क्षण होगा। इस दिन पूरा देश और पूरा विश्व अयोध्या धाम के श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनेगा। श्रीराम न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे विश्व के आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि जब अयोध्या नगरी में पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही हो तब उस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए 22 जनवरी को सरकार राजकीय अवकाश घोषित करे। अमर बाउरी ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि जिस तरह कई राज्यों ने इस तिथि को राजकीय अवकाश घोषित किया है, उसी प्रकार इस ऐतिहासिक पल को झारखंड के हित में 22 जनवरी को राजकीय अवकाश घोषित करेंगे।

## मंदिर हमारी आस्था के केंद्र, स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी: दीपक



देवालयों में स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को गंगानगर, हरमू शिव मंदिर परिसर में राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश के नेतृत्व में विधायक नवीन जायसवाल के साथ स्थानीय लोगों ने श्रमदान किया। इस दौरान प्रकाश ने कहा कि 22 जनवरी को वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 22 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। इसके निमित्त हरमू के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री के आह्वान के साथ ही अब संपूर्ण भारत में हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महासचिव बरी

**रांची।** ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या श्रीवास्तव की अदालत ने गुरुवार को झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी को एक मामले में बरी कर दिया है। यह मामला वर्ष 2016 का है। इसमें एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा एवं मारपीट को लेकर कोतवाली थाना में दर्ज प्राथमिकी को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रवि मुखर्जी और राजीव कुमार तिवारी के ऊपर लगा आरोप प्रमाणित नहीं हुआ। इसलिए दोनों को बरी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में जाकिर हुसैन पार्क के पास होमगार्ड जवानों को पुलिस बहाली में आरक्षण देने कि मांग को लेकर आंदोलन हुआ था। यह मामला कोतवाली थाना के दारोगा वासुदेव मुंडा के बयान पर दर्ज दर्ज हुआ था।

### झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में आरोपित झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया। बेहतर इलाज के लिए संजीव सिंह की ओर से 30 दिन का प्रोविजनल बेल मांगा गया था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज शुरू हो गया है। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह का इलाज काफी धीमी गति से चल रहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता और सरकार का पक्ष जानने के बाद कहा कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज हो रहा है, इसलिए उनकी जमानत याचिका खारिज की जाती है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय के कोर्ट में हुई। उल्लेखनीय है कि नीरज सिंह की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल, 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाई कोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी।

### सांसद महुआ माजी ने खेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने गुरुवार को राज्य के खेल मंत्री हफीजुल अंसारी के आवास पहुंची। वहां उन्होंने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महुआ माजी ने झारखंड में साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी एवं नाट्य अकादमी जैसे विभाग के गठन की मांग की। साथ ही झारखंड सरकार के कला और संस्कृति विभाग के मंत्री हफीजुल से इसपर विचार करने का आग्रह भी किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने कहा कि संबंधित विभागीय मंत्री ने हमें आश्वस्त किया है कि जल्द ही विभिन्न अकादमी का गठन किया जाएगा। इसे लेकर पहल भी की जा चुकी है।

### आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**रांची।** पोताला स्वेटर मार्केट सर्कुलर रोड में भारत-तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं महासचिव अनिल अरुण के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो की दिनांक 01 जनवरी को भारत-तिब्बत मैत्री संघ के संस्थापक अमरनाथ राज का देहांत हो गया था। उनकी आत्मा की शांति के लिए तिब्बती स्वेटर मार्केट के प्रवासी तिब्बती प्रार्थना सभा का आयोजन अपने संस्थापक के लिए रखा था।  इस शोकसभा में मुख्य रूप से स्वर्गीय अमरनाथ राज की पत्नी के साथ पूरा परिवार एवं सीरिंग दोरजे, एन दोरजे, टी जमदुल, हुंडूप, टी लुनडूप, दिलीप वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक होगा राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा अनुसूचित जनजाति जनजाति मोर्चा की बैठक गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में 11 फरवरी को रांची में होनी वाली राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनजाति सम्मेलन में एक लाख से अधिक आदिवासी शामिल होंगे। इसके लिए मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता



गांव-गांव एवं बूथ में जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आदिवासी समाज के लिए किए गए कार्यों को बताए हुए सम्मेलन में आने का निमंत्रण दे। मरांडी ने कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक और राज्य एवं राष्ट्रीय पटल पर मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि जनजाति सम्मेलन के लिए मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। सम्मेलन में झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, बिहार, नार्थ ईस्ट में सभी राज्य से प्रतिनिधि से शत-प्रतिशत आदिवासी शामिल होंगे। बैठक में मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, मोर्चा प्रभारी रामकुमार पाहन सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## चतरा लोस दलित गौरव मिलन समारोह संपन्न

**चतरा।** डाक बंगला सिमरिया में गुरुवार को चतरा लोकसभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष सुबेश राम व संचालन मुकेश कुमार राम ने किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान उपस्थित थे। मौके पर समाज के विकास की योजनाओं पर चर्चा हुई। नेशनल कोऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान व विशिष्ट अतिथि केदार पासवान ने कहा कि समाज हित के पार्टी की विचारधारा लोगों तक पहुंचाना जरूरी है।

# राजीव अरूण एक्का को सीएम के अपर मुख्य सचिव का प्रभार

**राज्य के नौ आइएएस अधिकारियों का किया गया तबादला**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने नौ आइएएस अफसरों का तबादला किया है। राजीव अरूण एक्का को सदस्य राजस्व पर्षद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। राजीव अरूण एक्का अब मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव के भी प्रभार में रहेंगे। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय की प्रधान सचिव वंदना दादेल को महिला बाल विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा को प्रधान सचिव योजना विकास विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। पेयजल विभाग के सचिव मनीष रंजन को भू-राजस्व विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। राजेश शर्मा को श्रम विभाग से स्थानांतरित कर पेयजल विभाग का सचिव बनाया गया है। प्रशांत कुमार को वित्त विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं एटीआई के निदेशक के श्रीनिवासन को स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

# बिना घूस दिये सरकारी कार्यालयों में नहीं होता काम : एनोस एक्का

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। बिना घूस के किसी सरकारी कार्यालय में कोई काम नहीं होता। हेमंत सोरन अपना खजाना भरने में लगे हैं। एनोस एक्का गुरुवार को तोरपा में आयोजित झारखंड पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यकताओं से भरे खचाखच भरे विवाह मंडप में उनोस एक्का ने कहा कि राज्य सरकार में शामिल झामुमो, कांग्रेस को मणिपुर में एक आदिवासी युवती से हुए दुष्कर्म की घटना नजर तो आती है, पर तोरपा आदिचासी युवती के साथ हुए दुष्कर्म और जयपुर कीयवती की गुमला में हुई नृशंस हत्या इन राजनीतिक दलों को नहीं दिखती। आज तक किसी भी दल ने इसकी निंदा तक नहीं की। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ही माटी और गांवों से जुड़ी पार्टी है। इसी ने तोरपा से झारखंड आंदोलन की शुरूआत की थी। पूर्व मंत्री ने कहा कि अपने पांच साल के मंत्रित्व



काल में अर्जुन मुंडा ने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि विधायक पूरी तरह सुस्त हो गये हैं। ऐसे विधायक को जल्द से जल्द बदल देना चाहिए। एनोस एक्का ने कहा कि भारी संख्या में दूसरे दलों के लोग झारखंड पार्टी से जुड रहे हैं। आज भी दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदसयता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए कई लोगों ने इच्छा जताई है, पर टिकट उसी को दिया जायेगा, जिसकों जनता कहेगी और जा लगातार क्षेत्र में काम करेगा। उन्होंने कहा कि न तो भाजपा और न ही कांग्रेस या झारखंड मुक्ति मोर्चा क्षेत्र की भलाई कर सकते हैं। इसिलिए एक बार फिर से झारखंड पार्टी को मजबूत करना है। एनोस एक्का ने कहा कि बहुत जल्द झारखंड पार्टी नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन करेंगी। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक भगत ने कहा कि झारखंड पार्टी राज्य की बुनियाद है।

उन्होंने कहा कि यही पार्टी जल, जंगल और जमीन के लिए आंदोलन करनेवाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि झारखंडराज्य पाने के लिए हमारे पूर्वजों ने कुबार्नी दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ने लोगों के स्वाभिमान की रक्षा करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब एनोस एक्का राज्य के ग्रामीस मंत्री थे, उस समय जितन काम हुआ था, वें अब भी नजर आते हैं, लेकिन वर्तमान सरकार के पास गांवों के विकास की कोई योंजना नहीं है।

## भाजपा कभी धर्म के नाम पर तो कभी जाति के नाम पर भ्रम फैला रही : राजद



**रांची।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा कभी धर्म के नाम पर तो कभी जाति के नाम पर भ्रम फैला रही है। समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ जो लड़ाई छेड़ी है उसे लड़ने के लिए झारखंड से नेता गौतम सागर राणा ने पुनः राजद की सदस्यता ग्रहण की है। इनके आने से झारखंड में पार्टी मजबूत होगी। संजय ने कहा कि हमारे नेता आईएनडीआईए की अगुवाई कर रहे हैं। इसलिए सीट बंटवारे में कोई दिक्कत नहीं है। सीट के लिए किसी तरह का कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीट बंटवारे का निर्णय लेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा को यदि देश से भगाना है तो आईएनडीआईए के सभी नेताओं का मानना है कि सभी दलों को कहीं न कहीं त्याग करना होगा।

## पोस्ते की खेती को फाइनेंस करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

**रांची।** राज्य के पलामू और लातेहार जिले में पोस्ता की खेती को फाइनेंस करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है। इस कार्रवाई में एनसीबी भी अब शामिल होगी। हालांकि, पोस्ता की खेती रोकना पुलिस-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है। झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर पोस्त की खेती की जा रही है। बाहरी लोग पोस्ता की इस खेती को फाइनेंस कर रहे हैं। इस खेती में बाहर के बड़े ड्रग नेटवर्क और उनसे जुड़े लोग पैसा लगा रहे हैं। इसका नेटवर्क झारखंड, बिहार, यूपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैला हुआ है। पुलिस ने पोस्ता की खेती और उससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना तैयार की है।

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल छाजन परियोजनाओं का लक्ष्य हासिल करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से सर्ड में झारखंड जलछाजन योजना के एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने राज्य में चल रहे सभी 28 परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि परियोजना क्षेत्र में जहां भी कार्य किया जा रहा है, वहां जन सूचना पट्ट जरूर लगाया जाए। झारखंड की मनरेगा आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड जलछाजन मिशन बी राजेश्वरी ने कहा कि झारखंड में मरुस्थलीकरण 69% है जो देश में पहला स्थान है।

राज्य के 40 प्रखंड ऐसे है जो गंभीर जल संकट है। इन



परिस्थितियों के रोकथाम के लिए जलछाजन योजना पर प्रभावी काम एक मात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि अगले एक माह के अंदर परियोजनाओं  अन्तर्गत सभी बंजर और परती भूमि को चिन्हित कर वहां भूगर्भ जल स्तर में सुधार किया जा सके। उन्होंने इसे प्राथमिकता के तौर पर लागू करने को कहा ताकि इससे जल एवं मिट्टी का संरक्षण किया जा सके। कार्यशाला में जलछाजन मिशन के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



PR No. 316484 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

# विद्यार्थी शार्ट कट रास्ता के बजाय सटीक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें: राज्यपाल

## सरला बिरला विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में 575 छात्र व छात्राओं को दी गयी डिग्रियां



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए छात्रों को शार्ट कट रास्ता के बजाय सटीक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपाल ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। बिरला नॉलेज सिटी, महिलौंग के बसंत कुमार बिरला सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि विक्रम साराभाई स्पेस स्टेशन के निदेशक डॉ एस उन्नीकृष्णन नायर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के प्रो राधाकांत पाढ़ी शामिल हुए। समारोह में 575 छात्र/छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गई। साथ ही 23 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। विवि के रजिस्ट्रार प्रो वी के सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों को क्षणिक असफलता से नहीं घबराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में अवसरों की भरमार होती है। कठिन परिश्रम और अपने लक्ष्य और काम के प्रति समर्पण से इन अवसरों का लाभ अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सटीक लक्ष्य का निर्धारण कर उस रास्ते पर उत्तरोत्तर चलने और एकाग्रता से समर्पित होने की सलाह दी। राज्यपाल ने कहा कि असफलता सभी के जीवन में आती है। लेकिन इससे उबरकर व्यक्ति को अपने जीवन में आगे बढ़ना होगा। डॉ उन्नीकृष्णन नायर ने विद्यार्थियों को छोटी-छोटी समस्याओं को समय रहते सुलझाने की सलाह दी, कहा इससे समस्याएं बड़ी नहीं हो पाती। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने कुलाधिपति जयश्री मोहता के संदेश को साझा किया। स्वागत भाषण में कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने स्व बी के बिरला और स्व सरला देवी बिरला के विजन की चर्चा करते हुए एसबीयू के विभिन्न संकायों के बारे में चर्चा की। समारोह में पद्मश्री अशोक भगत, इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ और डॉ. एस. उन्नीकृष्णन को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ. प्रदीप वर्मा, पूर्व आईएएस आदित्य स्वरूप, आईआईएम के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव, पूर्व कुलपति कामिनी कुमार, दीपक बंका, विजय कुमार सिंह, अशोक अस्थाना, राहुल वत्स, नीलिमा पाठक, संदीप कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ सरस्वती मिश्रा, डॉ पंकज कुमार गोस्वामी, डॉ विश्वरूप सामंता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रांची स्मार्ट सिटी का डिस्प्ले दिल्ली में

**रांची।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय समेत कई संगठनों के सहयोग से 31वां कन्वर्जेंस इंडिया और 9वीं स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय इस एक्सपो में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से भी स्टॉल लगाया गया है। जिसमें स्मार्ट सिटी की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2 में रांची स्मार्ट सिटी का स्टॉल लगाया गया है। जहां विभिन्न परियोजनाओं के डिस्प्ले लगाए गए है। स्टॉल में पूरे शहर का 3डी मॉडल है। इसके साथ ही ई ऑक्शन प्रक्रिया, पब्लिक बाइसाइकिल शेयरिंग सिस्टम, इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, इंटीग्रेटेड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, ग्रीन इनिशिएटिव, एसटीपी और महत्वपूर्ण अवाड्र्स का भी डिस्प्ले लगाया गया है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के पीआरओ अमित कुमार ने बताया कि स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे डीएवी हेहल के छात्र, ली शपथ



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का शपथ दिलायी गई। यातायात सुरक्षा से संबंधित पत्रिका भी बच्चों के बीच वितरित किया गया। विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड ए के अमरेश ने बच्चों को यातायात नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई। बच्चों को एक स्लोगन भी दिया गया, यातायात नियम अपनाएं, सुरक्षित झारखंड बनाएं। शपथ समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य एस के मिश्रा कहा कि हमें हमेशा यातायात नियमों का प्रतिबद्धता से पालन करना चाहिए। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट हमेशा लगाए रखना चाहिए। वाहन चलाने के दौरान कभी भी मोबाइल से बात न करें।

### गणतंत्र दिवस समारोह परेड का रिहर्सल



**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में परेड का रिहर्सल किया गया। इस रिहर्सल में सीआरपीएफ, आईटीबीपी, आर्मी, एसएसबी, झारखंड जगुआर, जैप, होम गार्ड, एनसीसी (बालक व बालिका) और स्काउट एंड गाइड के जवानों ने हिस्सा लिया। दूसरी तरफ मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के साथ-साथ पूरे शहर में सुरक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने समारोह की तैयारी को लेकर कई जरूरी दिशा-निर्देश दिये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर समारोह स्थल व उसके आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान समारोह स्थल की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जायेगी। एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मी सादे लिबास में तैनात रहेंगे।

### विश्वकर्मा अधिकार रैली 18 फरवरी को मोरहाबादी में

**रांची।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज 18 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में विश्वकर्मा अधिकार रैली करेगा। विश्वकर्मा अधिकार रैली की सफलता के लिए आज विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक अशोक कुमार राणा, डॉ. दुर्गा लाल शर्मा एवं राजकिशोर राणा के नेतृत्व मे पंडरा क्षेत्र में रैली का सफलता के लिए जनसंपर्क किया जाएगा। विश्वकर्मा बंधुओं से मिलकर 18 फरवरी को रैली में आने के लिए आग्रह किया जाएगा। अशोक कुमार राणा एवं सुबोध कुमार शर्मा ने कहा 18 फरवरी को झारखंड राज्य के सभी जिलों से विश्वकर्मा बंधुगण रैली में सिरकत करेंगें। उन्हें रांची रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड में भव्य स्वागत कर रैली स्थल मोरहाबादी मैदान लाया जाएगा। मंच के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों का रैली की सफलता के लिए प्रतिदिन जनसंपर्क 18 फरवरी तक जारी रखेंगे। यह जानकारी रविन्द्र कुमार शर्मा ने दी है।

### एचईसी के आंदोलनकारियों ने मांगों को लेकर तीनों प्लांटों पर की तालाबंदी



**रांची।** बकाये वेतन की भुगतान की मांग को लेकर हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) मुख्यालय में दूसरे दिन भी तालबंदी की गयी है। कंपनी के अफसरों और मजदूरों ने अपनी मांग को लेकर एचईसी के तीनों प्लांटों में तालाबंदी कर दी है। इसके साथ ही मुख्यालय सहित तीनों प्लांट में सभी के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। इससे पहले गुरूवार सुबह 8 बजे से मजदूर कंपनी मुख्यालय के बाहर जुटने लगे थे। इसके बाद हेवी मशीन टूल्स प्लांट (एचएमटीपी), हेवी मशीन बिल्डिंग प्लांट (एचएमबीपी) और फाउंड्री फोर्ज प्लांट (एफएफपी) के मुख्य गेट के साथ-साथ निगम मुख्यालय के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। इस तालाबंदी के बाद एचईसी एक प्रकार से बंद पड़ गया है। कर्मचारियों ने कंपनी में अनिश्चित काल के लिए तालाबंदी की है। एचईसी प्रबंधन द्वारा कर्मियों की मांगों के प्रति उदासीनता अपनाने के कारण सात श्रमिक संगठन एक मंच पर आकर आंदोलन कर रहे हैं।

### सरकार जल्द फैसला नहीं लेगी तो दफादार चौकीदार फिर करेंगे आंदोलन

**रांची।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत स्तरीय बैठक में पुराने विधानसभा हाल में हुई। जिसमें 6 सूत्री मांगों पर जल्द फैसला लेने की मां सरकार से की गयी। उपस्थित चौकीदारों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने कहा कि वफादार चौकीदारों की मांग जायज है। राज्यभर में लगभग 450 चौकीदार आज आंदोलनर है। इसके पीछे सरकार का स्पष्ट फैसला नहीं लिया जाना एकमात्र कारण है। उन्होंने कहा कि विधायक उमाशंकर अकेला और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के साथ हुई 6 सूत्री मांगों पर बैठक पर सरकार ने अपना सकारात्मक आश्वासन दिया है। परंतु अब तक आश्वासन को अमल पर नहीं लाया गया है। हमें भरोसा है कि चौकीदारों की मांग जरूर पूरा होगी। हमने अपना आंदोलन भी विधायक और पूर्व मंत्री के आश्वासन पर स्थगित किया है। अगर सरकार हमारी 6 सूत्री मांगों को लेकर जल्द निर्णय नहीं लेती है।

### राज्य के संसदीय क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के मार्गदर्शन में श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आगामी लोक सभा चुनाव के लिए राज्य के सभी संसदीय क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग पदाधिकारियों का 16 से 20 जनवरी तक 5 दिवसीय प्रशिक्षण सह सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पदाधिकारी एवं राज्य के एनएलएमटी प्रशिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों को लोक चुनाव के एआरओ के दायित्वों से जुड़े सभी जरूरी बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में पदाधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट, नामंकन, पोस्टल बैलट, चुनाव संबंधित सामग्री से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों, निर्वाचन प्रक्रियाओं तथा बारीकियों के बारे में जानकारी दी। ईडीसी, ईटीपीबीएस से जुड़ी तकनीकी जानकारी के डाक मतपत्र की मदद से मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी कोटि के मतदाताओं के लिए निर्धारित प्रक्रिया, ईवीएम और वीवीपैट जागरूकता आदि के संबंध में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने विषय के व्याख्यान दे रहे हैं।

## एक नजर

### डोरंडा से 19 को निकलेगी श्रीराम दर्शन यात्रा

**रांची।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री चैती दुर्गा पूजा समिति डोरंडा 19 जनवरी को श्रीराम दर्शन यात्रा निकालेगी। संस्थापक सदस्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि दोपहर तीन बजे दर्शन यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा पूजा परिसर से शुरू होकर झंडा चौक, गांधी मैदान, विवेकानंद चौक होते हुए तपोवन मंदिर निवारणपुर पहुंचेगी। यात्रा के मार्ग में सभी मंदिरों में भी विशेष पूजा होगी। पूजा परिसर में शाम पांच बजे भजन संध्या होगा। श्रीराम दरबार का पुष्प श्रृंगार किया जायेगा।

### प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में 22 को होगा भव्य आयोजन

**रांची।** सेवा सदन पथ पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 22 जनवरी को समारोह होगा। मंदिर समिति ने यह निर्णय लिया है कि अयोध्या में प्रभु रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर एवं इसके आसपास के सारे वातावरण को राममय कर दिया जाए। मंदिर समिति एवं श्री हनुमान मंडल के संयुक्त प्रयास मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे से सभी भक्तों के लिए श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन पर किया जाएगा।

### रिम्स में 50 बेड के नए न्यूरोसर्जरी वार्ड का उद्घाटन जल्द

**रांची।** रिम्स के नए न्यूरोसर्जरी वार्ड को अगले सप्ताह शुरू करने की तैयारी है। इसे लेकर रिम्स में बने अस्थायी कोविड अस्पताल में लगे बेड का निरीक्षण किया गया। रिम्स निदेशक, अधीक्षक व उपाधीक्षक ने इन बेड का मुआयना किया और 50 बेड चिन्हित किए हैं। जिसे नए न्यूरोसर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। यह वार्ड पुराने इमरजेंसी के पास बना है, जहां पर न्यूरो के मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी गई है। रिम्स में न्यूरो सर्जरी वार्ड के लिए बेड बढ़ जाने से मरीजों को काफी सुविधा होगी।







# कोहरे में लिपटी राजधानी, विमान व रेल सेवा प्रभावित

## कड़ाके के ठंड से जनजीवन प्रभावित, तीन दिनों तक कोहरा व धुंध होने की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मौसम में हुए तेजी से बदलाव का असर राजधानी सहित राज्य के लोगों को देखने को मिला। गुरूवार की सुबह घने कोहरा के बीच हुआ। कोहरा के कारण धूप नहीं निकली और हल्की हवा चलने से कड़ाके की ठंड ने लोगों का जीना मुहाल हो गया। घना कोहरा होने की वजह से विजिबिलिटी काफी कम रही। इससे हवाई और रेल यातायात पर असर पड़ा है। सड़क पर भी वाहनों की गति धीमी रही। सुबह से घना कोहरा और हल्की हवा चलने के कारण राजधानी में कड़ाके की ठंड रही। ठंड से बचने के लिए लोगों को एक से अधिक गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। दिन को भी लोगों को टोपी, मफलर और हैंड ग्लब्स पहना पड़ा। ठंड के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। मौसम विभाग केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर पश्चिमी दिशा से आ रही हवा ने पूरे राज्य के तापमान में गिरावट ला दी है। 19 से 21 जनवरी तक राजधानी समेत पूरे राज्य में कोहरे या धुंध और बाद में बादल छाए रहने की संभावना है। इससे मौसम शुष्क बना रहेगा।

### सड़क पर वाहनों की रफ्तार रही धीमी

सुबह से घना कोहरा ने सड़क पर वाहनों की रफ्तार कम कर दी। शहरी क्षेत्र में तो विजिबिलिटी 500 मीटर की रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह विजिबिलिटी 50 मीटर रही। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में व हाइवे में सभी चालकों को दोपहर में भी लाइट जलाकर धीमी गति में वाहन चलाने पड़े।

### विमान सेवा पूरी तरह प्रभावित, यात्री रहे परेशान

घने कोहरे के कारण बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सात विमानों को रद्द करना पड़ा। दूसरी राज्यों की ओर जाने वाली कुछ विमाने रद्द कर दी गई है। इस सूची में रांची से दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और बेंगलुरु के लिए विमान शामिल है। कुछ उड़ान को रांची की जगह भुवनेश्वर में लैंडिंग कराया गया है।

### रेल की रफ्तार हुई धीमी

घने और मध्यम दर्जे की कोहरे का रेल यातायात पर व्यापक असर रहा। कोहरा ने ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी है। उत्तर भारत और पड़ोसी राज्य बिहार-उत्तर प्रदेश से चलने वाली ज्यादातर ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। इससे रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### ठंड में बच्चें गये स्कूल, टाईमिंग बदली

घने कोहरा और कपकपाती ठंड के बीच बच्चों को स्कूल जाना पड़ा रहा है। अभिभावक भी बच्चों को ठंड से बचाव के लिए पूरे शरीर को गर्म कपड़ों से ढंक कर भेज रहे है। वहीं गुरुवार देर शाम राज्य सरकार शिक्षा विभाग की ओर से सभी स्कूलों की टामिंग बदलने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

### कोहरा को लेकर येलो अलर्ट जारी

मौसम केंद्र, रांची के अनुसार आसमान में बादल छाए रहने की वजह से राज्य के ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। अगले तीन दिनों तक राज्य में कोहरा और धुंध रहने की संभावना है। इसे लेकर मौसम केंद्र ने राज्य में येलो अलर्ट जारी किया है। लोगों को सावधान रहने को कहा गया है।

## मेधा डेयरी का मेधा दही खाओ-इनाम पाओ प्रतियोगिता 20 को




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड की प्रख्यात ब्रांड मेधा द्वारा मेधा दही खाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 20 जनवरी को मेधा डेयरी, होटवार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। रांची में प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को निर्धारित समय तीन मिनट के अंदर दही खाने का मौका दिया जाएगा। जो प्रतिभागी निर्धारित समय में सबसे अधिक दही खा सकेगा। उसे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीया पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता रेजिस्टर्ड प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के दिन 20 जनवरी को सुबह 10 बजे मेधा डेयरी, होटवार में वैध फोटो प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रतिभागिता के लिए मेधा डेयरी के किसी भी एक मोबाईल नंबर 7544003456, 7544003449 और 7360035223 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

## 'शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है चाणक्य आईएएस एकेडमी'

### चाणक्य आईएएस एकेडमी लालपुर शाखा में मनाई गई 21वीं वर्षगांठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लालपुर स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के रांची शाखा में संस्थान का 21वीं वर्षगांठ गुरुवार को मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल होकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मन में लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति और जज्बा के साथ उचित मार्गदर्शन हो तो सफलता हासिल करना आसान हो जाता है। सक्सेस गुरू एके मिश्रा का मार्गदर्शक आप सभी अभ्यर्थियों को लगातार मिलता है, तो निश्चित रूप से आप सब आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने संस्थान के 21वें वर्षगांठ पर खुशी जाहिर करते हुए मौजूद अभ्यर्थियों को ज़िंदगी में सफलता रूपी खुशी के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी अपने ज़िंदगी को ऑटो ड्राइव मोड पर कभी ना छोड़ें। हम क्या कर सकते हैं यह हमसे अच्छा कोई दूसरा कोई नहीं बताएगा। इसलिए इस जवाब की तलाश हमें खुद अपने भीतर तलाशनी चाहिए। उन्होंने इस बात की भी घोषणा की कि चाणक्य आईएएस अकादमी के सारे शाखाओं में पाठयक्रम में पर्सनालिटी डेवलप्मेंट के क्लास को भी जोड़ा जाएगा।

## राज्य सरकार ने ओबीसी संवर्ग में राज्यांश से कुल 426 करोड़ किया है व्यय

# केंद्र ने नहीं दिया छात्रवृति का 377 करोड़, इंतजार में छात्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के हजारों छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति राशि की नहीं मिली है। जिस कारण उनके समक्ष आगे की पढ़ाई जारी रखने में कठिनाईयां आ रही है। छात्र और कई छात्र संगठन छात्रों का बकाया छात्रवृति की मांग को लेकर लगातार सरकार पर दबाव बना रहे है। छात्र संगठनों का आरोप है कि राज्य सरकार की लापरवाही के कारण हजारों छात्रों की छात्रवृति लंबित है। लेकिन मामले की पड़ताल करने पर पाया गया कि केंद्र सरकार ने अपने हिस्से की राशि में कटौती कर दी। जिस कारण राज्य सरकार को छात्रवृति के भुगतान में परेशानी हो रही है। राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में केंद्र सरकार से लगातार पत्राचार भी किया जा रहा है।



### छात्रवृत्ति के बकाया का शीघ्र भुगतान हो : आजसू

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला एवं राहुल तिवारी के नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव वरुण एक्का के नाम उनके कार्यालय में एक मांग पत्र सौंपा। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार से लगभग एक लाख छात्र-छात्राओं को अब तक पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप राशि की प्राप्ति नहीं हुई है। जिस कारण छात्र-छात्राएं काफी परेशान है। उन्होंने कहा कि राज्य के 50 प्रतिशत छात्र-छात्राएं एसटी, एससी और ओबीसी मध्यवर्ग या निम्नवर्ग घरों से आते हैं।

### केंद्र द्वारा पैसे नहीं देने से छात्रों का रह गया बकाया

अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति मद में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से राशि दिये जाने का प्रावधान है। जिसमें अनुसूचित जाति संवर्ग के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली राशि का भुगतान हो चुका है। परन्तु, केंद्र सरकार द्वारा 2021-22 के लिए 5797 छात्र-छात्राओं को मिलने वाली राशि उपलब्ध नहीं करायी गई है। झारखंड राज्य द्वारा 55041 डाटा 11-08-2021 से 17-12-2022 के बीच साझा किये गये थे। जिनमें 49244 छात्र-छात्राओं का भुगतान हो गया है। जबकि, 5797 छात्र-छात्राओं का भुगतान नहीं हो पाया है। इसी क्रम में पुनः 8 जनवरी 2024 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार को लंबित भुगतान के लिए पत्र प्रेषित किया गया है।

### राज्य सरकार ने कुल 426 करोड़ किये व्यय

पिछड़ी जाति संवर्ग के वित्तीय वर्ष 2021-22 में एवं 2022-23 के बकाया छात्रवृत्ति भुगतान के लिए भारत सरकार से आवंटन प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी राज्य सरकार ने राज्यांश की राशि से छात्रवृत्ति का भुगतान करने की अनुमति प्रदान की। केंद्र सरकार से 174 करोड़ प्राप्त होना था। किंतु केवल 53 करोड़ ही प्राप्त हुआ। वर्ष 2022-23 में केंद्र सरकार से 256 करोड़ प्राप्त होना था। किंतु कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई। राज्य सरकार ने कुल 426 करोड़ व्यय किया है।

**30 जनवरी तक हो जाएगा भुगतान** | आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को 30 जनवरी तक स्कॉलरशिप की बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। बकाया भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। किसी भी एसटी छात्र का बकाया नहीं है, सभी का भुगतात हो गया है।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 22 जनवरी को होगा भव्य आयोजन

**रांची।** श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अपर बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्री माहेश्वरी सभा और श्री हनुमान मंडल द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में सुबह 11.30 बजे से एलइडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या धाम के श्री रामजन्म भूमि मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान की सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। अयोध्या में रामलला के विराजमान होने पर मंदिर परिसर में 1500 दिए प्रज्वलित कर दिवाली मनाई जाएगी। हनुमान मंडल द्वारा संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक संगीतमय भजन प्रस्तुत किया जाएगा। रात्रि 8 बजे आरती के बाद लक्ष्मीनारायण मंदिर सभागार में भगवान का प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति सदस्य एवं कार्यक्रम संयोजक शिव शंकर साबू के दिशा निर्देश में सभी समाज बंधुओं के साथ किया जायेगा।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### 22 जनवरी को मांस मछली की बिक्री पर रोक लगाए प्रशासन

**सिमडेगा।** अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को जिले में मांस मछली की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है। हिंदू बिग्रेड ने डीसी से पूरे देश में हो रहे धार्मिक कार्यक्रम और सनातनियों के आस्था को देखते हुए 22 जनवरी को ड्राई डे घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिले में सभी मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों में 21 जनवरी से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। लोग पूरी पवित्रता के साथ पूजा की तैयारी कर रहे है।

### गणतंत्र दिवस को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक आज

**सिमडेगा।** गणतंत्र दिवस को लेकर सिमडेगा सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजन शुक्रवार को किया गया है। जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि बैठक में गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार पुर्वक चर्चा की जाएगी इसके अलावा 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आदि चीजों को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। उन्होंने बैठक में शांति समिति के सभी सदस्य एवं जनप्रतिनिधि एवं शहर के गण्यमान्य लोगों को बैठक में उपस्थित रहने को लेकर अपील की है की है।

### जगन्नाथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज निकलेगी कलश यात्रा

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के जोकबहार गांव में जगन्नाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोहपूर्वक शुरू हुई, जहां ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विद्वान पंडितों की उपस्थिति में सम्पन्न कराया जा रहा है। बताया गया कि गुरुवार को शाम में अंकुरा रोपन, वही आज कलश यात्रा के साथ अधिवास पूजन, 20 जनवरी को संतों का प्रवचन एवं भजन, 21 जनवरी को अखंड हरि कीर्तन नाम यज्ञ प्रारंभ और 22 जनवरी को नगर भ्रमण, शोभा यात्रा, मूर्ति स्थापना एवं महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इधर बताया कि कलश यात्रा को लेकर सभी प्रकार की तैयारी की जा चुकी है आज भव्य तरीके से सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुषों की मौजूदगी में कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें लोगों की भीड़ उमड़ेगी।

### फैक्ट्रियों में रासायनिक दुर्घटना से निपटने के लिए हुआ मॉक अभ्यास कार्यक्रम

**कोडरमा।** जिले में संचालित फैक्ट्रीयों में रसायनिक दुर्घटना से निपटने के लिए एनडीआरएफ और जिला प्रशासन के सयुक्त तत्वावधान में केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल एंड न्यूक्लेलियर एमरजेंसी को लेकर बांझेडीह स्थित केटीपीएस सभागार में मॉक अभ्यास का अजोजन किया गया। मॉक अभ्यास के पहले दिन सीबीआरएन के तहत एमरजेंसी के समय बरते जाने वाले सावधानियों के बारे में एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट सुहैल लखानी ने विस्तार से बताया गया।

# पार्वती शर्मा महिला इंटर कॉलेज में लगा हमारा संकल्प विकसित भारत शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के दिन केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम लगातार सिमडेगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही है वहीं शहरी क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत गुरुवार को पार्वती शर्मा महिला इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित की गई। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवम इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्यक्रम की जा रही है।सर्वप्रथम स्वागत समिति के द्वारा स्वागत गान के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विकसित भारत निर्माण हेतु सभी के द्वारा संकल्प लिया गया, उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि ₹भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सन्देश का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को सुनाया गया।मौके पर पीएम आवास लाभार्थी अंतोनिया एक्का, रोजाडुंगडुंग को सांकेतिक चाभी सुपूर्द की गई।लाभार्थी पिंटू महतो के द्वारा अनुभव साझा किया।कार्यक्रम में क्विज एवं चित्रकारी प्रतियोगिता कराया गया तथा बच्चो के बीच पुरुस्कार वितरण किया गया। इस दौरान महिला सहायता समूह के बीच परिसंपत्तियों के वितरण के तहत सांकेतिक चेक दिया गया।अंत में प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा के संबोधन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

### गुमो में 21 जनवरी को भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**कोडरमा।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बरवाडीह गुमो के बसंती दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर से 21 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा पूरे गांव कर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। इसी दिन रामचरितमानस का अखंड पाठ होगा। 22 जनवरी को पाठ समाप्ति के बाद हवन, प्रसाद वितरण एवं शाम में जागरण कार्यक्रम होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में बसंती दुर्गा पूजा समिति एवं बजरंगबली संकीर्तन समाज बरवाडीह गुमो के सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कामेश्वर महतो, उमेश सिंह, बजरंगी लाल विश्वकर्मा, राजेश पांडेय, विनोद कुमार पांडेय, आलोक पांडेय, पप्पू मोदी, संजय राम, कृष्ण वर्मा, दीपू वर्मा, मनोज वर्मा, अशोक यादव, लवजीत विश्वकर्मा, पिंकू शर्मा, दीपक विश्वकर्मा, किशोर दास, बिरजू दास, कृष्णा वर्णवाल, कमलेश वर्मा, दीपक राज, सीताराम प्रसाद वर्मा, शिव शंकर वर्मा, उपेंद्र वर्मा, बबलू मोदी, युगल वर्मा आदि सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या की तरह सज रहा सिमडेगा




सिमडेगा-अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे सिमडेगा जिले भर में उत्साह का माहौल है जगह-जगह पर भगवा ध्वज से चौक चौराहे गली मोहल्ले को सजाने का काम किया जा रहा है ताकि अयोध्या के समान सजावट हो सके। इधर सिमडेगा शहर के प्रिंस चौक में दुर्गा पूजा समिति द्वारा रोड की दोनों और भगवा ध्वज एवं आकर्षक विद्युत सजावट कर रही है तो वहीं दूसरी ओर ओमकार समिति द्वारा 22 जनवरी को महा आरती एवं चौक को सजाने का काम युद्ध स्तर पर कर रही है इसके अलावा महावीर चौक में रामनवमी प्रबंधन समिति महावीर मंडल के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम भजन संध्या आदि कार्यक्रम को लेकर तैयारी कर रही है और चौक चौराहों में भगवा एवं महावीर ध्वज से शहर में सभी तरफ राम में माहौल बन रही है। इसके अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है जिले के 10 प्रखंड अंतर्गत 94 पंचायत के 454 राजस्व ग्रामों में इसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारी करते हुए 2980 टोली गठन करते हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को भव्य रूप देने के लिए राम भक्त कार्य में लगे हुए हैं।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा मंडल कोलेबीरा ने बाघचंडी मंदिर और बजरंगबली मंदिर में की साफ-सफाई की




**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था का केंद्र कोलेबिरा के कल्हाटोली स्थित मां बाघचंडी मंदिर परिसर एवं रणबहादुर सिंह चौक स्थित जय बजरंगबली मंदिर की साफ-सफाई भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार के नेतृत्व में किया गया। साथ ही गांव के सभी मन्दिरों पर सफाई अभियान जारी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कहा गया था कि 14 जनवरी से सभी मन्दिरों में साफ सफाई हो जो कि हर गांव हर क्षेत्र में ये अभियान मूर्तरूप होता दिख रहा है। कोलेबिरा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि 22 जनवरी के दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होना है, और अभी इसमें 3 दिन शेष रह गए हैं। पीएम मोदी और हमारे माननीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी भी मंदिर परिसरों की सफाई कर रहे हैं।मौके पर डॉ महेंद्र भगत महामंत्री रोहित कुमार साहू ,जनेश्वर बिल्हौर, नीरज कुमार साहू स्वच्छता प्रभारी दिलेश्वर सिंह एंव भोला साहु उपस्थित हुए।

### यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला थाना की पुलिस ने यौन शोषण के आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। बताया गया कि बोला थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ बोला थाना क्षेत्र के रवि रोशन सोरेंग नामक युवक द्वारा शादी की झांसा देकर लंबे समय तक यौन शोषण करता रहा और बाद में शादी से इनकार कर दिया ,जिसके बाद पीड़िता ने महिला थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की जिसके आलोक में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। उसके विरुद्ध महिला थाना कांड संख्या 1/24 धारा 376,313,323,341 के तहत मामला दर्ज किया।

### वन विभाग ने हाथी प्रभावितों के बीच बांटी राहत सामग्री



**बानो।** वन विभाग बानो द्वारा प्रखण्ड के चाटूओडा ,उकौली व चकलाबास में ग्रामीणों के बीच हाथी से बचाव को लेकर सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर वनपाल विवेक कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि गाँव में जंगली हाथी का हमला कभी हो सकता है।जब हाथी के आने की सूचना मिले तो घर के पास अलाव की व्यवस्था करें।आग के नजदीक हाथी नही आते हैं।हाथी के पास न जाये ।कभी भी दुर्घटना हो सकती है।ग्रामीणों के बीच मशाल व टोर्च का वितरण किया गया तथा उसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।मौके पर वन कर्मी लखिन्द्र कुमार सिंह ,उदय प्रताप सिंह व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत वाहनों में परिवहन विभाग ने लगाए पोस्टर



**सिमडेगा।** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह के निर्देश पर सिमडेगा जिले भर में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम संचालित की जा रही है जिसके तहत गुरुवार को सिमडेगा महावीर चौक में पुलिस एवं परिवहन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों में स्टिकर लगाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर आटो एवं मोटरसाइकिल में स्टीकर लगाते हुए लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की बात कही गई मौके पर सड़क सुरक्षा मैनेजर अजीत कुमार रवि एवं साजन ट्रैफिक रवि शंकर सिंह की मौजूदगी में लोगों को नियमों को पालन करने की बात कही गई उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कर चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें साथ ही अपने साथ सभी प्रकार के दस्तावेज रखे ताकि किसी प्रकार से कोई भी परेशान ना इस मौके पर सड़क सुरक्षा के सिद्धार्थ कुमार एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

### दो ट्रकों में सीधी टक्कर, चालक हुआ गंभीर रूप से घायल




**कोलेबिरा।** थाना अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप नेशनल हाईवे में गुरुवार को दो ट्रकों के बीच आमने सामने जोरदार भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर ट्रक के अंदर चालक फस गया जिसे काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोग एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से बाहर निकालकर उसे इलाज के लिए कोलेबिरा भेजा गया जहां पर उसकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची भेज दिया गया मिली जानकारी के अनुसार ट्रक सीजी 07 सीएल5320 भिलाई की ओर वहीं विपरीत दिशा से एक ट्रक जिसका नम्बर जेएच 01 एफए 3870 रांची की ओर जा रही थी। इसी बीच प्रखंड कार्यालय के समीप दोनों ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी ,जिसमे रांची की ओर जा रही ट्रक के ड्राइवर बुरी तरह से जख्मी हो गया। वही दुर्घटना के बाद सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की घंटो देर तक लंबी जाम लग गयी थी जिसे कोलेबिरा पुलिस के द्वारा जाम को हटाया गया। जिसके बाद क्रेन मंगा कर दोनों ट्रकों को बीच सड़क से किनारे किया गया।

### शांति समिति की बैठक में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह शांति से मनाने की अपील

**कोडरमा/ सतगावां।** थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार और संचालन पूर्व थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह ने किया। पुलिस पदाधिकारी,जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु राम की हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना, अक्षत कलश वितरण और शोभा यात्रा में शांति से संपन्न कराने को लेकर लोगों से सहयोग की अपील किया। थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी प्रकार का कोई विवाद न हो। जो भी कार्यक्रम मंदिर में की जाए, वह शांति पूर्ण हो और खासकर प्राण प्रतिष्ठा के दिन शांति व्यवस्था बनाएं रखे। मौके पर एसआई मनोज कुमार चितंबा, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, सुरेश वर्मा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, सदस्य ब्यूटी कुमारी, प्रतिनिधि सुनील सिंह,भोला सेठ,महेंद्र यादव, प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रतिनिधि शंकर यादव, मुखिया मंटू चौधरी, धनंजय कुमार, अरविंद चौधरी, विनोद यादव आदि उपस्थित थे।

## हाथियों से प्रभावित लोगों से मिले विधायक प्रतिनिधि, दी राहत सामग्री

# उचित कार्रवाई का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड के सेमरकुदर गांव में बुधवार की रात झुंड से बिछड़ा हुआ एक जंगली हाथी ने उत्पात हुए 4 घरों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर मे रखे आनाज व अन्य सामग्रियों को काफी नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद जुटे ग्रामीणों ने मशाल के सहारे हाथी को खदेड़ा तो वह केसरा की ओर जंगल में जा घुसा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी के नेतागण प्रभावित गांवों का दौरा किया। साथ ही पीड़ित परिवार को सुखा राशन तिरपाल व अन्य सामग्री प्रदान किया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि देर रात अकेला जंगली हाथी खिजुरटांड़ जंगल से निकलकर सेमरकुदर गांव पहुंचा फिर बोलोटोली निवासी लिबनुस किंडो, डिपाटोली निवासी सुकेश डुंगडुंग व मिखाईल कुल्लू तथा गोंड़टोली निवासी रातू गोंड़ के घर पर हमला कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वही विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने बताया कि ठेठईटांगर प्रखंड के सभी पंचायत के लोगों द्वारा हाथियों के उत्पात की शिकायत करते हुए समस्या की निदान की मांग कर रहे हैं। जिस पर विधायक विक्सल कोनगाड़ी द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। वही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने भी प्रशासन से हाथी का उत्पात पर लगाम लगाने की मांग की है।मौके पर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो, शाहबाज अली, जीवन समद अरविंद आदि उपस्थित थे।

### जलमीनार निर्माण की गुणवत्ता में नहीं हो कमी : अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** जल नल योजना के तहत मेगा जलापूर्ति योजना के निर्माण को लेकर बुधवार को कोडरमा प्रखंड अंतर्गत छतरबर पंचायत के चेचाई गांव में जलमीनार निर्माण को लेकर सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भूमि पूजन किया। इस जलमीनार के निर्माण के बाद छतरबर, चेचाई, करमा, झुमरी, चाराडीह, करियावर, सुजानपुर, चुटियारो, संग्रामडीह, कानगोबिगहा भंडरवा सहित करीब एक दर्जन गांव में पानी पहुंचेगा। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जलमीनार का निर्माण निर्धारित समय में पूरा करें, ताकि ग्रामीणों को पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके निर्माण में किसी प्रकार की गुणवत्ता में कमी बर्दास्त नहीं किया जागा। बता दें कि मेगा जलापूर्ति योजना के तहत 30 हजार 648 घरों में पानी पहुंचाने के लिए जिले के जयनगर, कोडरमा और डोमचांच प्रखंड में करीब एक दर्जन जलमीनार का निर्माण किया जाएगा।

# श्रम विभाग ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



जलडेगा। प्रखंड के ढोरीबहार गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में किए जा रहे गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान संस्था के फील्ड प्रोग्राम फेसलिटेटर कुलदीप सुरीन और कलिंदर प्रधान ने ग्रामीणों को मनरेगा, राशन कार्ड, श्रम विभाग, 15वें वित्त आयोग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आत्म, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्ज्वला योजना, ई श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन कराने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया की श्रम विभाग में निबंधन करने पर मजदूरों को विभाग द्वारा 20 प्रकार का लाभ दिया जाता है। वहीं आत्मा के बीटीएम ने कृषि से जुड़े योजनाओं जैसे बीज वितरण योजना, सिंचाई योजना, आदि की जानकारी दी। मौके पर संस्था के कार्यकर्ता कलिंद्र प्रधान, कुलदीप सुरीन, आत्मा के बीटीएम राजेश बागे सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हाथी के आतंक से ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक लगातार चरम पर है ऐसे में झारखंड पार्टी लगातार दिन हो या रात बिना किसी प्रवाह के क्षेत्र में जाकर लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा करने का काम कर रही है। लगातार पूर्व मंत्री एनोस एक्का, एवं छाप युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का कैंप करते हुए हाथी भागने को लेकर लगातार लोगों के बीच राहत सामग्री वितरण कर रहे हैं। इधर बताया गया कि राजाबासा पंचायत क्षेत्र जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा है जिसको लेकर ग्रामीणों में डर का माहौल है इधर मामले की जानकारी मिलने पर सन्देश एक्का पहुंचे एवं हाथी के आतंक से परेशान ग्रामीणों के बीच उन्होंने हाथी भगाने के लिए बम एवं डीजल जुट बोरी आदि सामान देकर उन्हें मदद की। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि झारखंड पार्टी आपकी हर प्रकार की समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य करेगी और आपके इस विकट परिस्थिति में भी 24 घंटा खड़ा है। उन्होंने कहा कि हाथियों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है ऐसे में अफसोस कदम उठाने की आवश्यकता है इसके लिए सभी ग्रामीण संगठित होकर रहे आने वाले दिनों में वन विभाग के लापरवाही खिलाफ उग्र आंदोलन की जाएगी।

# जवाहर नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी पूरी, 6 केंद्रों में होगी परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2024 कक्षा 6 के आयोजन हेतु सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्राचार्य बी पी गुप्ता ने बताया कि जिला मुख्यालय में 20 जनवरी, 2024 को आयोजित होने वाली जीनवीएसटी परीक्षा के लिए छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं - संत मेरिज हाई स्कूल, उसुर्लाइन कॉन्वेन्ट गर्ल्स हाई स्कूल, संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल, संत अन्ना बॉयज स्कूल, डीएवी एवं केंद्रीय विद्यालय। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त सीएलओ ने परीक्षा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। इस परीक्षा में सिमडेगा जिले के कुल 1993 परीक्षार्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। परीक्षा प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रवेश पत्र परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के जरिए डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा जनवि सहायता केंद्र के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है।

# उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार, त्वरित कार्रवाई का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा, अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन को प्रतिबंधित सूची से मुक्त करने, खाद्यआपूर्ति वितरण से संबंधित एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आये।उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया।

### कोई भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें: थाना प्रभारी

**डोमचांच।** ढाब थाना परिसर में 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में हो रही कार्यक्रम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी विनय कुमार ने की। थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि उक्त तिथि को अयोध्या मंदिर के लोकार्पण और आरंभ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है। इसी को देखते हुए थाना क्षेत्र में लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर देव स्थानों पर पूजन अर्चना,भजन, कीर्तन करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें गे। कोई भी समस्या हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे, तो बिना देर किए सूचित करें। क्षेत्र में शरारती तत्वों, अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्र में अशांति हो। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है।

# हजारीबाग ने ओढ़ी धुंध की चादर, पारा लुढ़का



**सुनील श्रीवास्तव , हजारीबाग**
हजारीबाग कुहासो की चादर में लिपटा हजारीबाग गुरुवार को ठंड की कड़कड़ाहट का पैमाना दे रहा था।बुधवार देर रात हुई बारिश ने इस बात का पता दे दिया था।आज तड़के सड़कें सूनी रहीं तो हाट बाजार वीरान।वैसे तो हजारीबाग अपनी नैसर्गिक मौसम के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन गुरुवार के मौसम ने तो कई युवाओं से यह कहलवा दिया कि ऐसे मौसम को वे पहली बार महसूस रहे हैं।वहीं बूढ़े बुजुर्गो ने बोरसी का दामन नहीं छोड़ा है। अभी कल हीं मासीपीड़ी का तापमान शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग की मानें तो ऐसी स्थिति आगामी तीन चार दिनों तक बनी रहेगी।स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगो को ठंड से बचने की सलाह दी है। आपको बता दे कि बारिश के बाद गुरुवार को दिन भर तापमान गिरा ही रहा। न्यूनतम 2 और उच्चतम 6 डिग्री तापमान होने से शहर के लोग ठिठुर रहे हैं। दिन-भर सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो सके। कुहासा और शीतलहर का दौर दिनभर चलता ही रहा। धुंध इतनी तेज रही कि 20 मीटर के बाद सब धुंधला दिखाई देने लगा।

## एक नजर

### राज केसरी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ कांग्रेस का धरना स्थगित

**बरही।** सड़क चौड़ीकरण कार्य में लापरवाही और अनियमित्तता को को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से राज केसरी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ गुरुवार को एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसे लेकर पूरी तैयारियां की जा चुकी थी। धरना कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शैलेंद्र यादव को शामिल होना था। परन्तु कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के झारखंड दौरे कार्यक्रम को लेकर रांची में पार्टी की अत्यावश्यक बैठक बुलाए जाने के करना जिलाध्यक्ष को रांची जाना पड़ा है। इस कारण गुरुवार का कार्यक्रम स्थगित किया गया है। शीघ्र ही इसे अगली तिथि के लिए निधारींत किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश डेलीगेट्स डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि राज केसरी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा जिस प्रकार चौपारण बरही में कार्य कर रही है। वह जनता के लिए आवागमन प्रभावित हो रहा है सड़क निर्माण कार्य शुरू किए हुए लगभग 6, 7 वर्ष होने के बाद भी अभी तक चौपारण ओवर ब्रिज निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है।

### मौसम ने ली करवट, रबी और आलू को हो सकता है नुकसान



**बरही ।** मौसम में आया अचानक परिवर्तन से आलू और रबी की खेती दोनो प्रभावित हो सकते है. उक्त बाते विशेष बात चीत के क्रम में की कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा के कृषि वैज्ञानिक व उपनिदेशक विशाल नाथ पांडेय ने कही. उन्होंने बताया कि यदि इसी प्रकार दो से तीन दिन तक मौसम में बदलाव होता रहा तो आलू में ब्लाइट्स (झुलसा रोग) होने की संभावना बढ़ जाती है. उन्होने बताया कि आलू में अर्ली और लेट ब्लाइटस दो अलग प्रकार के रोग होते है. 90 दिन से पहले वाले आलू की खेती में लेट ब्लाइट्स की सभावना ऐसे मौसम में ज्यादा होती है. इस प्रकार के रोग में आलू की पत्तियों की नोकों और किनारों पर गहरे भूरे रंग के धब्बे, पत्तियों की सतह के निचले हिस्से में सफेद कवक के आवरण और पत्तियां मुरझाने और मरने लगती है. साथ ही आलू के कंदों पर स्लेटी-नीले धब्बे दिखने लगते है.ऐसे में प्रभावित पौधो को तत्काल अलग करनी चाहिए. साथ ही इससे बचने के लिए कृषकों को माक्युर्री बेस्ड फंजी स्प्रे का छिड़काव करना चाहिए. जो किसी भी बीज या कीटनाशक दुकान पर मिल सकता है. उन्होंने बताया कि इसके अलावा लाईटोस या कॉपर क्लोराइड (50% डबल्यू पी) बिटेबल पाउडर का दो ग्राम प्रति लीटर के हिसाब से छिड़काव किया जा सकता है. उन्होंने अभी बताया कि सरसों की फसले जिसमें अब तक फल नहीं लगे हैं वह भी ऐसे मौसम में प्रभावित हो सकता है.

### वरीय पत्रकार डॉ शैलेश चंद्र शर्मा के निधन पर शोक की लहर



**हजारीबाग।** सेवानिवृत्त वरीय शिक्षक, वरीय पत्रकार सह प्रेस क्लब, हजारीबाग के संरक्षक डॉ शैलेश चंद्र शर्मा अब नहीं रहे। दिल्ली के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पूर्व उन्हे रीढ़ की हड्डी में कैंसर होने की परिवारजनों को सुचना मिली। बीमारी के कारण वे चलने फिरने में असमर्थ हो गए थे। स्व शर्मा विनोबा भावे विवि हजारीबाग के पीजी कॉमर्स विभाग से दो साल पहले सेवानिवृत्त हुए थें। हजारीबाग में उन्होंने प्रभात खबर,राष्ट्रीय नवीन मेल, हिंदुस्तान, जागरण, हिंदुस्तान टाइम्स, पायोनियर आदि दैनिकों में अपनी सेवाएं भी दीं।

## विद्यालय में अभिभावकों को सीआरपी ने दिया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सहायक शिक्षक अनिल कुमार रवि ने की। मौके पर उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को समय पर विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक इस बात का ध्यान रखें कि बच्चे समय पर विद्यालय पहुंचे और उनकी विद्यालय में उपस्थिति शत प्रतिशत रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना है कि सभी बच्चे विद्यालय पहुंचे और उसको लेकर हम लगातार प्रयास कर रहे हैं और जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

## श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर निकलेगी शोभायात्रा

**कटकमदाग (हजारीबाग) ।** प्रखंड के ग्राम सलगावां दुर्गा मंडप प्रांगण में गुरुवार को श्रीराम भक्तों की बैठक हुई। बैठक में अगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सलगावां व लुटा में कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें गांव के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाएगी। दुर्गा मंडप में पूजन के बाद प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा निकाली जाएगी। संध्या सभी मंदिरों को दीपों से जगमगाया जाएगा।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भाईचारगी के साथ मनाए : पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
श्रीराम मंदिर उद्घाटन और राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सनातनी समाज में हर्ष का माहौल है। चहुं ओर-हमारे राम आ रहे है, जैसे स्लोगन और कर्णप्रीय गीतों से वातावरण राममय हो चुका है। इस रामभक्ति के सरोवर से बरही भी अछूता नहीं है। देश के सबसे प्रमुख चौराहे को अदभुत और अलौकिक रूप से सजाने के लिए कोलकाता से कलाकार बुलाए जा रहे है। बरही चौक को रंग बिरंगे इलेक्ट्रॉनिक्स बल्ब के साथ विभिन्न तरीकों से सजाने का कवायद जारी है। चौक के इर्द गिर्द सभी दुकानों में श्रीराम चौक का स्टीकर लगाया जा रहा है। उक्त तिथि को पूरे दिन रामभजन, प्रसाद वितरण आदि किए जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। चौक को सजाने की जिम्मेवारी बरही के युवा व्यवसायी संदीप सेठ ने ली है। उक्त जानकारी उन्होंने गुरुवार को बरही चौक का जायजा लेने पहुंचे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को दिया। मौके पर पूर्व विधायक ने स्वयं अपने हाथो से स्टीकर भी लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की तिथि सनातन धर्मालबियों के लिए ऐतिहासिक होगा, जो इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा।

## जिला पंचायत स्थापना समिति की बैठक आयोजित

# डीसी के निर्देश पर पंचायत सचिवों को स्थानांतरित करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत स्थापना समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। जिसमें विभागीय निर्देश एवं वर्तमान प्रतिस्थापन की समीक्षा उपरांत समिति द्वारा पंचायत सचिवों का स्थानांतरण एवं प्रतिस्थापन किया गया। समिति द्वारा पंचायत सचिव नकुल यादव प्रखंड कार्यालय मांडू में पदस्थापित को स्थानांतरित करते हुए प्रखंड कार्यालय पतरातू, दशरथ पांडे मांडू को दुलमी, राजकुमार साव मांडू को चितरपुर, सहदेव महतो मांडू को गोला, बबलू पहाड़िया मांडू को पतरातू, मोहन राम पतरातू को दुलमी, मनोहर महतो पतरातू को मांडू, महेश्वर महतो पतरातू को गोला, कैलाश प्रसाद महतो पतरातू को गोला, नरेश हजाम पतरातू को मांडू, बोधी महतो पतरातू को मांडू, जिम्मी मालतो पतरातू को चितरपुर, किस्टो महतो पतरातू को मांडू, नरेश प्रसाद पतरातू यथावत, सरयू महतो पतरातू को मांडू, झमनलाल महतो दुलमी को पतरातू, वासुदेव महतो दुलमी को चितरपुर, नेमचंद करमाली चितरपुर को मांडू, सिकंदर अंसारी चितरपुर को यथावत, ब्रह्मानंद पाठक चितरपुर को पतरातू, राजेंद्र कुमार सिन्हा गोला को पतरातू,ईश्वर डेहरी गोला को पतरातू एवं जीवन प्रसाद गोला को पतरातू प्रखंड कार्यालय में अगले आदेश तक के लिए पदस्थापित किया गया।

### प्रखंड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की चुरचू प्रखण्ड कमेटी द्वारा प्रखण्ड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह स्थानीय चुरचू प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित किया गया । प्रखण्ड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह में मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए ! कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 18 फरवरी 2024 को लाखों की संख्या में अपने अधिकार के लिए विश्वकर्मा समाज के लोग लाखों की संख्या में राँची के मोरहाबादी मैदान में शामिल होंगे। 18 फरवरी को एक दिन के लिए पुरे झारखण्ड के विश्वकर्मा बन्धु अपने-अपने काम और प्रतिष्ठान को बन्द करके मोरहाबादी मैदान रांची पहुंचेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश शर्मा, नारायण राणा, प्रदीप राणा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए।

## सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

# आपका जीवन शिक्षण कार्य के लिए हमेशा याद किया जायेगा : बचूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कोयलांचल रजरप्पा स्तिथ सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में गुरुवार को शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य उमेश चंद्र महथा को सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। उमेश चंद्र महथा ने विद्यालय में 31 वर्षों तक आचार्य के रूप में सेवा दी। उन्होंने अपने शिक्षण कौशल और अनुभव से विद्यार्थियों को उन्नत स्तर की समझ दिलाई। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को हमेशा शिक्षा और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित किया। विदाई समारोह में विद्यालय के आचार्य बचूलाल तिवारी ने उनके साथ बिताए समय को याद करते हुए कहा कि आपका जीवन शिक्षण कार्य के साथ-साथ सादगी पूर्ण एवं विद्यालय के लिए समर्पित जीवन हमेशा याद आएगा। मौके पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जब मैं इस विद्यालय में आया था तब आप सबसे वरिष्ठ एवं अनुभवी आचार्य थे।आपसे काफी कुछ सीखने को मिला।आपके कार्य हमेशा प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं।आपका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा जिससे विद्यालय को निरंतर आगे ले जाने में सहयोग मिला। सचिव गोपाल नायक ने कहा कि विदाई एक भावुक पल है किंतु यह एक नियम हैं आपकी विद्यालय की स्थापना काल से ही महत्वपूर्ण भूमिका रहा हैं। विभाग प्रमुख ने उनके लेखन कला एवं संपादन कार्यों की प्रशंसा की उन्होंने उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य, स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की शुभकामनाएं दी।

### श्री रामलीला कृष्णलीला महासमिति ने की भव्य रामोत्सव मनाने की तैयारी

**हजारीबाग।** अयोध्या के बाद भगवान राम की दूसरी नगरी हजारीबाग के धर्म प्रेमियों एवं कलाकार समाज के द्वारा आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में दो दिवसीय रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 21 जनवरी को सभी आयु वर्गो के लिए सुबह 11 बजे से पेंटिंग,फैंसी ड्रेस और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विषय रामायण ,दोपहर 2 बजे से सभी धर्मप्रेमियों एवं सहयोगियों का सम्मान समारोह ,शाम 4 बजे से संगीत सह भक्ति समूह नृत्य एवं शाम 5 बजे से दिल्ली रामलीला मैदान की तर्ज पर 80 कलाकारो से सुसज्जित भव्य रामलीला का प्रदर्शन किया जाएगा। 22 जनवरी को सुबह 8 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ , सुबह 9 बजे से राम दरबार पूजा अर्चना ,सुबह 11 से 1 बजे तक अयोध्या रामलला प्राण प्रतिष्ठा लाइव प्रसारण एवं दोपहर 2 बजे से शोभा यात्रा श्री राम जनकी रथ का प्रस्थान नगर भ्रमण के बाद बड़ा अखाड़ा में वापसी एवं प्रसाद वितरण होगा।

## न्यूज बॉक्स

### दिन भर शीत लहरी के कारण घरों में दुबके रहे लोग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में शीतलहरी विगत एक सप्ताह से चरम पर है। वहीं गुरुवार को सुबह से ही घना कोहरा एवं मौसम में भारी नमी बनी रही। कोहरा के कारण सड़कों पर दिनभर गाड़ियों के लाइट जलते दिखाई दिये।वहीं कड़ाके की ठंड के कारण लोग घरों में दुबके रहे और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज बरकट्ठा क्षेत्र में इस मौसम का सबसे अधिक ठंड दिख रहा है। वहीं लोगों ने शीत लहरी को देखते हुए प्रशासन से चौक चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है।वहीं कुछ विद्यालयों से आज आई तस्वीरों ने स्पष्ट कर दिया कि बच्चे ठंड से ठिठुर रहे हैं और शिक्षक उनके बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था में लगे हुए दिखाई दिये । विदित हो कि इस ठंड के मौसम में बच्चों को विद्यालय भेजना खतरे से खाली नहीं दिख रहा है ।ऐसे में विभाग को चाहिए कि कम से कम प्रारंभिक विद्यालयों को अविलंब कुछ दिनों के लिए खराब मौसम को देखते हुए बंद कर दिया जाय।

### उप प्रमुख ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बरकट्ठा।** उप प्रमुख सुरजी देवी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुईयो को प्लस टु हाई स्कूल करने को लेकर केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री सह सांसद अन्पूर्णा देवी के नाम विधायक अमित कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बरकट्ठा-परसाबाद के मुख्य मार्ग पर स्थित मध्य विद्यालय तुईयो में 16 कमरा है तथा पर्याप्त भूमि है। पंचायत के करीब सभी बच्चे इसी विद्यालय में नामांकित है। हाई स्कूल/प्लस टू नहीं रहने से बच्चों को बरकट्ठा या अन्यत्र पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है। इन सभी समास्यों को देखते हुए मध्य विद्यालय तूइयो को हाई स्कूल किया जाना अति आवश्यक है।

### नहीं दिखा सूरज, दिन भर छाया रहा कोहरा, बाजार सूने

**बरही।** शीतलहर के प्रकोप से आम जनमानस सिहर रहा है. पूरा वातावरण सर्द हवाओं के साथ ठंड के गिरफ्त में है. इस ठंड में स्कूल, कॉलेज व शैक्षणिक संस्थानों सहित कार्यालयों में लोगो की उपस्थिति कम देखी जा रही है. शाम होने के पूर्व ही सड़क वीरान होने लग रहे है. ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों के लिए हो रहा है. जो प्रतिदिन की मेहनत से अपने और अपने परिवार के लिए दो जून के भोजन व्यवस्था कर पाते है. रिक्शा और ठेलेवाले के साथ राहगीरो की परेशानियां बढ़ी हुई है. वही अब तक प्रशासन की ओर से बरही के चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नही होने से लोग मायूस है. फुटपाथी दुकानदार को अलाव के अभाव में ज्यादा परेशानियां उठानी पड़ रही है. बरही चौक के सब्जी विक्रेताओं और फुटकर बिक्रेताओ ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन से इस दिशा में अतिशीघ्र कदम उठाने का मांग किया है.

### एनटीपीसी के अधिकारी व खनन मशीन को बदमाशों ने बनाया निशाना



**केरेडारी।** केरेडारी कोयला खनन परियोजना में शाम को सामने आई एक चौंकाने वाली और निंदनीय घटना में, टीएसपीसी नक्सल संगठन से जुड़े कुछ बदमाशों द्वारा अनुचित और हिंसक हमला किया गया। जिसमें एनटीपीसी अधिकारियों पर गोलियां चलाई गईं और खनन मशीनों को नुकसान पहुंचाया गया। यह घिनौना कार्य रात 9:14 बजे हुआ, जिससे आस-पास के समुदाय में डर की लहर दौड़ गई और साइट पर खनन कार्य कर रहे बीजीआर एवं एनटीपीसी अधिकारी डर की स्थिति में आ गए। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाएं हजारीबाग कोयला खनन परियोजनाएं अपनी खदानों से निरंतर कोयला निकासी से, बिजली का सर्वोत्तम स्त्रोत प्रदान करके राष्ट्र के साथ-साथ राज्य की प्रगति और विकास की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। एनटीपीसी स्वास्थ्य, रोजगार उन्ननुख प्रशिक्षण और युवाओं में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं को लागू करके समाज की बेहतरी, परियोजना प्रभावित लोगों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रगति और विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता है, एनटीपीसी ने केरेडारी और बड़कागांव ब्लॉक के स्थानीय समुदाय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। व्यक्तिगत हित में कुछ उपद्रवियों द्वारा किया गया यह संवेदनहीन हमला, एनटीपीसी द्वारा शुरू किए गए विकास के सकारात्मक पथ को अवरोध करने के लिए खतरा है। पिछले एक साल में यह दूसरी जघन्य घटना है, कुछ माह पहले बड़कागांव में एमडीओ रित्विक कंपनी के एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. एनटीपीसी के अधिकारी और उससे जुड़ी एजेंसियां, जिन्होंने खुद को क्षेत्र के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

# जयराम महतो एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की गुरुवार को पतरातू प्रखंड अन्तर्गत हेसला पंचायत में कमेटी विस्तार को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता परशुराम दांगी एवं संचालन राजेश कुमार महतो ने किया। बैठक में जिला संयोजक मंडली के सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कोर कमेटी सदस्य एवं सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। सभी ने टाइगर जयराम महतो के हाथो को मजबूत करने की बात कही। पतरातू प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र हेसला पंचायत मे भी जेबीकेएसएस के प्रति काफी रुझान नजर आया। ग्रामीणों ने कहा कि जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नहीं एक विचारधारा हैं। कहा उनकी सोच अच्छी है, विचार अच्छी है, झारखंड हित की बात करते है इसलिए सभी को साथ देने मे कोई दिक्कत नहीं है। सभी वर्ग के लोगों को एकजुट होकर उनका साथ देने की जरूरत है। हेसला पंचायत कमेटी में संरक्षक शंकर मुंडा, अध्यक्ष दीपक मुंडा, उपाध्यक्ष नितेश कुमार, सन्तोष कुमार, सचिव टिकेश्वर कुमार महतो, सह सचिव अजय मुंडा, विकाश मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा, संगठन सचिव दीपक मुंडा, पवन मुंडा को सर्वसम्मति से बनाया गया। सभी ने अपना दायित्व बखूबी से निभाने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से रवि महतो,गिरी शंकर महतो, पणेश्व महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, रवीन्द्र कुमार महतो,चंदन कुमार महतो,सुभान अंसारी, श्याम सुंदर महतो, मनोरंजन महतो, छोटेलाल महतो, भवानी महतो, रविन्द्र महतो, टिकेश्वर महतो, सन्तोष मुंडा, करुण पाहन, अजय मुंडा, संदीप कुमार, दीपक मुंडा, विशाल कुमार, राजेश कुमार, सूरज मुंडा, अशीष मुंडा, पवन मुंडा, अमन मुंडा उपस्थित थे।

## बरकट्ठा में केनवास पर उकेरे गए भगवान राम

# डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिखाई कलाकारी




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चहुंओर उत्साह का आलम है। जिले के बरकट्ठा में उल्लास देखने को मिला। जिला शिक्षा पदाधिकारी के पहल पर डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के बीच हमारे राम थीम पर चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजन किया गया।वहीं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए उनके जज्बे के कारण कैनवास पर भगवान राम ,माता सीता व हनुमान प्रकट हुए। छात्रों ने भगवान राम के साथ साथ उनके धनुष को भी शानदार तरीके से कैनवास पर उकेरा । प्रखंड क्षेत्र में हर वर्ग के लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा अर्चना करने व दीपोत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हैं। विद्यालय परिवार भी इस उत्सव का हिस्सा बना कैनवास पर अभिव्यक्ति के लिए विद्यार्थी मचल उठे। हाथों से कैनवास पर आड़े तिरछे इस तरह लकीर खींचते और मिटाते रहे कि भगवान राम प्रकट हो गए। प्रतिभागी के रूप में क्लास 6 से 12वीं तक में गोल्डी यादव,काजल कुमारी, अमर कुमार, ज्योति कुमारी, विद्या भारती, कुमारी प्रिंस, अनूप कुमार, रंजीत मंडल, स्वाति पांडेय, अनमोल शर्मा, अंश कुमार ने भाग लिया कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल.....

# धूमधाम व भक्तिभाव से मना श्री गुरु गोबिंद सिंह का 357वां जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, वाहे गुरू जी की खालसा, वाहे गुरू जी के फतेह आदि जयकारों से बुधवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास का क्षेत्र गूंजता रहा। अवसर रहा श्री गुरु गोबिंद सिंह का 357वां जयंती पर आयोजित प्रकाशोत्सव पर्व का। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा भुरकुंडा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेन रोड भुरकुंडा के तत्वावधान में श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का 357वां जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। इस दौरान सबद-कीर्तन, सुखमनी साहेब का पाठ सहित कई धार्मिक अनुष्ठान और भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु गुरू का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही गुरूद्वारा के ग्रंथी हीरा सिंह व अमर सिंह, निशान साहेब की सेवा कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि में दिवान सजाई गई। मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिन्कु ने बताया की गुरु गोविंद सिंह जी सिखों के दसवें गुरु थे।

सुप्रभात

क्रोध और आंधी दोनो एक समान ही होते है, क्योंकि दोनों के शांत होने के बाद ही पता चलता है कि नुकसान कितना हुआ है : अज्ञात

# प्राण प्रतिष्ठा पर 'इंडी' गठबंधन का असमंजस

लोकसभा चुनाव की घोषणा कुछ महीने बाद होगी, पर देश की पूरी राजनीति इसके इर्द-गिर्द घूम रही है। इस समय राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रमुख समूह भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या राजग तथा 'इंडी'गठबंधन हैं। इन दो प्रमुख समूहों की स्थिति के आकलन से लोकसभा चुनाव की अस्पष्ट ही सही, लेकिन तस्वीर जरूर बन जाती है। भाजपा ने कहा है कि वह 2024 में 50 फीसदी वोट का लक्ष्य लेकर बढ़ रही है। जबकि, 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराकर समय की धारा को फिर न पहचानने का प्रमाण दिया है। खुद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा निमंत्रण ठुकराने पर दुख भी प्रकट कर दिया है। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तथा उनके नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने का मूल कारण ही हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा भारत को अपनी पहचान के साथ विश्व के उच्चतम शिखर पर देखने का जनता के अंदर पैदा हुआ प्रबल भाव ही था। 2004 में सत्ता में आने पर यूपीए अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रभाव में चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने स्वयं को सेक्यूलर साबित करने के लिए सच्चर आयोग से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन तथा रामसेतु और राम को कल्पना का विषय न्यायालय में बताकर अपनी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर करनी शुरू कर दी थी।


**वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तथा उनके नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने का मूल कारण ही हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा भारत को अपनी पहचान के साथ विश्व के उच्चतम शिखर पर देखने का जनता के अंदर पैदा हुआ प्रबल भाव ही था। 2004 में सत्ता में आने पर यूपीए अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रभाव में चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने स्वयं को सेक्यूलर साबित करने के लिए सच्चर आयोग से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन तथा रामसेतु और राम को कल्पना का विषय न्यायालय में बताकर अपनी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर करनी शुरू कर दी थी।**

सत्ता से बाहर होने के बावजूद कांग्रेस, जिसका वास्तविक नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के हाथों में दिखता है, प्रकारांतर से इस नीति को आगे बढ़ा रही है। एक ओर देश का राममय वातावरण और दूसरी ओर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तुलना करें, तो दिख जायेगा कि विचार के स्तर पर बिल्कुल दो धाराएं देश में बन चुकी हैं। 'इंडिया' गठबंधन अब तक एक इकाई नहीं बन सका है, जिसका प्रमाण बीती 12 जनवरी को आयोजित इसकी बैठक में भी मिला, जिसमें गठबंधन के कई प्रमुख नेता शामिल नहीं हुए। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अंदर कोई विभाजन नहीं है।

चुनाव में नेतृत्व का चेहरा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नरेंद्र मोदी के समानांतर विपक्ष में कोई नेता नहीं, जिसे जनता उनके समक्ष या बड़ा मान सके। 'इंडिया' गठबंधन में नेतृत्व को लेकर व्यापक मतभेद हैं, क्योंकि अनेक नेताओं की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तीसरी पारी में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। वहीं, विपक्ष मोदी, संघ और भाजपा विरोध की नीतियों तक सीमित है।

इन दिनों

# भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय




आरके सिन्हा

*कई* सप्ताह से पूरा विश्व उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देश हों या फिर यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया या जर्मनी से जापान तक सभी राममय हो रहे हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेगा। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को 'रामरथ यात्रा' का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पूरे यूरोप से हजारों लोग भाग लेंगे। इतना ही नहीं, एफिल टावर के पास भव्य उत्सव भी मनाया जायेगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट किया जायेगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव किया जायेगा। अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं। दुनिया के 50 से अधिक देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इन देशों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव देखा जा सकेगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किये जाने की तैयारी है। न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा भी कि अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ भारत ही नहीं, न्यूयार्क में दक्षिण एशियाई और इंडो कैरेबियाई समुदायों के हिंदुओं के लिए भी जश्न मनाने का मौका है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नेपाल से 3 हजार से अधिक उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनकपुर से सीताजी के लिए साड़ी, चांदी के जूते, आभूषण आदि उपहार भेजे गये। श्रीलंका ने अशोक वाटिका से विशेष पत्थर अयोध्या भेजा है। मॉरिशस ने तो अपने यहां 22 जनवरी को अवकाश भी घोषित किया है। बकायदा, 2 घंटे का विशेष अवकाश पूजा पाठ के लिए प्रदान किया गया है। राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमान शामिल हैं। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। वहां विभिन्न धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं। दरअसल, राम भारत ही नहीं विश्व चेतना के आधार हैं। विश्व इतिहास और विश्व साहित्य में भी राम और रामकथा बहुप्राचीन एवं बहुप्रचलित है। इंडोनेशिया में 'काकाविन रामायण', जापान में 'होबुत्सुशू', थाइलैंड में 'रामकियेन', म्यांमार में 'रामवस्तु', 'राम-ताज्या', 'राम- तात्यो', 'थिरी राम', 'पोन्तव राम' तथा 'थामाध्ये' (रामलीला नाटक), कम्बोडिया में 'रामकेर', फिलीपीन्स में 'महारादिया लावना', मलेशिया में 'मलय रामायण, 'हिकायत सेरी राम', लाओस में 'फालम', मंगोलिया में राम ग्रंथ प्रचलित और लोकप्रिय हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्राचीन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण राम कथा केंद्रित कृति प्राचीन जापानी भाषा में विरचित रामायण का काबीन है, जिसकी तिथि नौवीं शताब्दी से भी पहले की है। लाओस के निवासी आज भी स्वयं को भारतवंशी मानते हैं। वे मानते हैं कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे। लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। यहां रामकथा पर आधारित चार रचनाएं उपलब्ध है। दक्षिण पूर्व एशिया समेत अन्य देशों में रामकथा का व्यापक असर देखा जा सकता है। आम जनमानस की जिंदगी में राम के चरित्र की गहरी छाप दिखती है। इस बीच, अयोध्या से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजधानी दिल्ली के अशोक विहार में भी राम लला के मंदिर जैसा ही एक राममंदिर का निर्माण हो रहा है। इन दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सीबी सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या (वीएचपी) लेकर गये थे ताकि वे रामलला के मंदिर का डिजाइन बनायें। फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राममंदिर का डिजाइन बनाया। हालांकि दिल्ली के अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि जब सोमपुरा जी और विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में राममंदिर का डिजाइन जारी किया तब हमने भी तय किया हमारे मंदिर का डिजाइन भी अयोध्या के राममंदिर की तर्ज पर ही रहेगा। इसकी अयोध्या के राममंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर ही लगा है। इन दोनों मंदिरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा तो है ही। वे अयोध्या के रामलला के मंदिर के निर्माण पर शुरू से ही नजर रख रहे थे, तो उनकी प्रेरणा से अशोक विहार का राममंदिर भी बना। इस बात को यहां के पदाधिकारी भी मानते हैं। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर स्थानाभाव के कारण छोटा है। जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा,तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जायेंगे।

**राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमान शामिल हैं। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं।**

## आपकी बात

### दवा बैंक बने


देवेश कु. घोष

जगदीश सिंह जग्गू और सपन कुमार गर्ग द्वारा कोकर स्थित निरामया अस्पताल को जीवन रक्षक दवा देने का समाचार बहुत अच्छा लगा । सामाजिक कार्यकर्ता द्वय का आस पास से इकट्ठा करके भी अस्पताल को दवाइयाँ उपलब्ध कराना प्रेरणा देता है । अमूमन घरों में बहुत सारी दवाइयाँ उपयोग के बाद रोगमुक्त हो जाने पर बची रह जाती हैं । क्या ऐसी दवाइयों का ह्यदवाई बैंकह्ण नहीं बनाया जा सकता है ? मुहल्ले का कोई विश्वासी सामाजिक कार्यकर्ता अनुपयोगी या अतिरिक्त दवाइयों का घरों से संग्रह करे तो थोड़े से प्रयास से ह्यदवाई बैंकह्ण बनाया जा सकता है । पुनः इन दवाइयों को सही और सेवा समर्पित अस्पतालों को मुहैया कराया जाए तो गरीबों का बहुत कल्याण हो सकता है ।

### रिकॉर्ड ठंढ में बंद हो स्कूल


कृष्णा सिंह

पलामू सहित पूरे राज्य में कड़ाके की ठंढ पड़ रही है और दिन के दो बजे तक कुहासा छाया हुआ है ऐसे में अभिभावक बच्चों को स्कूल ना भेजें इससे अच्छा है कि दो तीन दिनों के लिए स्कूलों को बंद रखा जाए । सरकार को गरीबों के लिए अलाव जलाने की भी व्यवस्था करानी चाहिए। सबसे ज्यादा परेशानी मजदूर वर्ग के साथ रिक्शा चालकों को होती है उन्हें रात में ठहरने के लिए रैन बसेरे बने हुए हैं पर अपर्याप्त भी हैं और उनमें ताले लगे हुए हैं । रैन बसेरे राजधानी रांची सहित अन्य शहरों कस्बों में बनने चाहिए।

**(अध्यक्ष मां महिला समिति फ्रेंड्स कॉलोनी,पंडरा रांची)**

### चौराहों पर जले अलाव

शीतलहर चरम पर है। इसके बाद भी मेदिनीनगर शहर के चौक-चौराहों पर अलाव नहीं जलने से आम जनमानस को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कड़ाके की ठंड से राहत पाने के लिये चौराहों के इर्द-गिर्द रहने वाले रिक्शा चालक, ठेला चालक, राहगीर आदि इधर-उधर से कूड़ा बीनकर राहत पाने को विवश हैं। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा अभी ठंड से राहत के आसार नहीं है। ऐसे में रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर तत्काल अलाव का प्रबंध किया जाना निहायत जरूरी है। अन्यथा अप्रिय घटना की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। **- दीपक कुमार मेदिनीनगर**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

संगीत की दुनिया

# वर्जिनिटी व चेस्टिटी के विचार ने किया महिला का बेड़ा गर्क


प्रवीण प्रियदर्शी

*वर्जिनिटी* व चेस्टिटी के विचार ने किया महिला का बेड़ा गर्क प्रवीण प्रियदर्शी आदि मानव काल के बाद जैसे ही मनुष्य ने व्यवस्थित गृहस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया वैसे ही महिलाओं की सामाजिक स्थिति कमजोर होने लगी। महिलाओं पर पुरुष का वर्चस्व बढ़ने लगा और उनके लिए नये-नये मापदंड गढ़े जाने लगे। सामाजिक प्राणी के रूप में यौनता पुरुष और महिलाओं का नैसर्गिक गुण रहा, प्रारंभिक काल में यौन आवश्यकता पूरी करने में शायद कोई पाबंदी भी नहीं रही होगी। लेकिन गृहस्थ जीवन ने एक नई व्यवस्था गढी शुरू कर दी। इसमें महिलाओं के सामने नीत नई वर्जानाओं की सीमा रेखा खींची जाने लगी। महिला की शारीरिक संरचना, विशिष्टता या सीमाओं का पुरुष ने बड़ी चालाकी से और कभी-कभी तो 'ब्रूट फोर्स' से अपने पक्ष में इस्तेमाल किया और महिला को घर में समेटने में सफल रहे। घर में सीमटते ही स्त्री... पुरुष की मिलकियत बन गई, उसके आर्थिक प्रयास-क्षमता व विशिष्टता को भी पुरुष ने अपनी मिलकियत का हिस्सा बना लिया। वहीं लज्जा, कौमार्य और सुचिता जैसे शब्द आकार लेने लगे। उन कालों के सामाजिक संघर्ष में सुरक्षा के नाम पर इन शब्दों को मजबूत किया गया और महिला को पुरुष और परिवार के सम्मान से जोड़ दिया गया। लज्जा, कौमार्य, सुचिता और पुरुष या पारिवारिक सम्मान का मान बिंदू बनते ही महिला की दुनिया बदल गई। अब वह पुरी तरह पुरुष के अधीन हो गई। उसकी अस्मिता ही खत्म कर दी गई, उसकी शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक अधिकारों को दोयम माना जाने लगा। हर समाज ने उनके लिए ऐसे-ऐसे नियम-कानून बनाये की खुद को मानव और विवेकशील कहने में शर्म महसूस होने लगे। इस पुरुषवादी विभत्सता ने आधी आबादी की नैसर्गिकता पर ही हमला कर दिया। विचारशील प्राणी को हंसने-बोलने वाली गुड़िया बनाने के इस कुत्सित प्रयास ने मानवता के खिलाफ ऐसा जुर्म किया जिसका कोई प्रायश्चित नहीं। इसके साथ ही महिला के अधिकार और उनके प्रति नजरिया में तत्कालीन समाज में व्यापक परिवर्तन हुआ।

**महिला की शारीरिक संरचना, विशिष्टता या सीमाओं का पुरुष ने बड़ी चालाकी से और कभी-कभी तो 'ब्रूट फोर्स' से अपने पक्ष में इस्तेमाल किया और महिला को घर में समेटने में सफल रहे।**



बोधि वृक्ष

# कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

इसी नदी के किनारे रावण ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी। राक्षसताल झील दुनिया की सबसे ऊँची खारे पानी की झील है। कैलाश पर्वत की चोटियों पर स्थिति मानसरोवर झील की लम्बाई 320 मीटर है। मानसरोवर झील का आकर सुर्यकार है। राक्षसताल झील की लम्बाई 225 मीटर है और इसका आकार चंद्राकार है। कैलाश पर्वत को इस संसार का मध्यम भाग माना जाता है। माना जाता है कि इस पर्वत से ही दिशाओ को ज्ञान किया जाता है तथा इसका आकार ही चुराभुजा है। जिससे दिशाओ को ज्ञान करना आसान हो जाता है। इस पर्वत का उपरी भाग बर्फ से ढका रहता है, जिस कारण ये सफेद दिखाई देता है। इस पर्वत की यात्रा के दौरान यमराज नामक चोटी आती है। इस चोटी से कैलाश पर्वत की परिक्रमा प्रारंभ की जाती है और लगभग 50 किलोमीटर लम्बी यात्रा तय करने के बाद वापस यमराज के पास पहुंचते है। यानि एक परिक्रमा पूर्ण होती है। इस स्थान का नाम यमराज इसलिए दिया गया क्योकि इस जगह पर यमराज रहते थे और कई लोग दावा करते है कि आज भी इस स्थान पर यमराज विराजित है। जैन धर्म के धर्मग्रन्थ के अनुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव तथा बौध धर्मग्रथ के अनुसार भगवान बुद्ध का निवास स्थल है। माना जाता है, कि इस पर्वत पर पवित्र आत्माएं ही जा सकती है। ये पर्वत पर अनेक ऋषि मुनियों की तपभूमि है। तिब्बत चीन का अधीन है। इसलिए चीन ने इस पर्वत को फतह करने के लिए अनेको प्रयास किये पर आज तक इस पर्वत पर कोई नहीं चढ़ पाया है। पर्वतारोहियों का मानना है कि इस पर्वत की चढ़ाई चढ़ने पर व्यक्ति दिशा का ज्ञान भूल जाता है। तथा भावनात्मक रूप से क्षीण जाता है। कई यात्रियों का मानना है कि इस पर्वत पर अलौकिक शक्तियों का वास है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# अवध में श्रीराम बिराजें- 12

## ।।।। जीवन में पुरुषोत्तम की पदयात्रा ।।।।


प्रवीण प्रियदर्शी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

दार्शनिक लाओत्से का विचार है कि जो श्रेष्ठता छिनी जा सके, उसे हम श्रेष्ठ या महान नहीं कह सकते। श्रेष्ठता किसी भी बाहय वस्तु या कारण पर निर्भर नहीं है। हम श्रेष्ठ है, क्योंकि हमारे पास शक्ति है। हम महान हैं, क्योंकि हमारे पास पद है। लेकिन ये सब श्रेष्ठता के पैमाने नहीं हैं। अपने आंतरिक गुणों एवं शक्तियों के कारण हम श्रेष्ठ बनते हैं। प्रकृति खुद पदयात्रा करती है और साथ में सारे सजीव एवं निर्जीव कार्यशील हो जाते हैं। फिर एक पड़ाव पर प्रकृति सबको छोड़ देती है। अब उस पड़ाव से उठना हमारे प्रयास पर निर्भर करता है कि हम ऊपर उठना चाहते हैं या जैसा पैदा हुए वैसा ही मर जाना है। उस पड़ाव पर मनुष्य का विकास हमारे आंतरिक गुणों, संभावना एवं अवसर के प्रति सचेत एवं सजगता पर निर्भर करता है। मनुष्य के देह भर पाने से कोई मनुष्तव नहीं होता जाता है। उसे श्रेष्ठ बनना होता है। इसके लिए यात्रा करनी पड़ती है। और यह पदयात्रा जीवन भर चलती रहती है। जीवन में पुरुषोत्तम बनाना आसान नहीं होता है। मानव जीवन में शिखर पर पहुंचने के लिए पदयात्रा करनी होती है। बाह्य यात्रा जिसमें अनगिनत सत्य मिलते हैं और अंतर्यात्रा जिसमें उन सत्य के आधार पर जीवन को दिशा देना होता है। श्रीराम का जीवन हमारे लिए पुरुषोत्तम की यात्रा का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। श्रीराम खुद विष्णु के अवतार हैं। भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ राज्य अयोध्या के राजकुमार हैं। उनके लिए हरेक चीज सहज ही वरेण्य है। बावजूद इसके वे 15 वें वर्ष में दशरथ से अनुमति लेकर तीर्थाटन के माध्यम से देश की यात्रा की। भारत की सांस्कृतिक आत्मा की तलाश की। इन यात्राओं के बाद वे लौटकर का आते हैं, तो अंतर्विवेक को उपलब्ध हो जाते हैं, उनमें वैराग्य उत्पन्न होता हैं। फिर राम एक तार्किक वैज्ञानिक की तरह चिंतन करते है, जहां वे विज्ञान से अध्यात्म की शिखर पर पहुंच जाते है। श्रीमदभागवदगीता के पूर्व योगवशिष्ठ ऐसे ही विचार मंथन की महान पुस्तक है। इसके बाद उनके जीवन के विभिन्न चरणों में भारत के महान ऋषियों यथा- वशिष्ट, विश्वामित्र, गौतम, भारद्वाज, कण्व, परशुराम, अगस्त्य, अत्रि जैसे गुरुओं का मार्गदर्शन मिला। तब राम के साथ एक पूरा समाज सांस्कृतिक रूपांतरण की विराट प्रक्रिया का साझीदार होकर जीवंत हो उठता है। पुरुषोत्तम की पदयात्रा को जिस प्रकार श्री राम ने अपने विचार और विवेक के धरातल पर

**मनुष्य के देह भर पाने से कोई मनुष्तव नहीं होता जाता है। उसे श्रेष्ठ बनना होता है। इसके लिए यात्रा करनी पड़ती है। और यह पदयात्रा जीवन भर चलती रहती है। जीवन में पुरुषोत्तम बनाना आसान नहीं होता है।**

## टेक वर्ल्ड

### 5 जी इस्तेमाल के आधार पर भारत टॉप 3 देशों में शामिल

हालांकि, उनकी घोषमा के अनुसार, 5जी नेटवर्क रोल आउट लक्ष्य पूरा होने के बाद निवेश कम हो जाएगा। नोकिया 6जी लैब का उद्देश्य 6जी तकनीक पर आधारित टेक्नोलॉजी और उनके कई प्रकार के उपयोग के विकास में तेजी लाना है। भारत ने 65 जी तकनीक पर पहले ही 200 से ज्यादा पेटेंट हासिल कर लिए हैं।

**(समाप्त)**



**भारत के पहले ह्युमन स्पेस**

ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान स्पेसक्राफ्ट अगले साल दिसंबर में लॉन्च किया जायेगा। इसरो ने बताया कि जल्द ही इस मिशन के लिए मानव रहित फ्लाइट टेस्ट शुरू किये जायेंगे। देश के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान स्पेसक्राफ्ट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ये मिशन अगले साल दिसंबर में लॉन्च किया जायेगा। इसरो ने बताया कि जल्द ही इस मिशन के लिए मानव रहित फ्लाइट टेस्ट शुरू किये जायेंगे। हाल ही में इसरो ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इस दौरान इसरो ने ट्वीट कर बताया कि, गगनयान मिशन के लिए मानव रहित फ्लाइट टेस्ट शुरू किये जायेंगे। क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को दिखाने वाले फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1के लिए तैयारी की जा रही है। गगनयान प्रोजेक्ट से धरती से लगभग 400 किलमीटर दूर एक सर्कुलर ऑर्बिट में दो से तीन सदस्यों के क्रू को एक से तीन दिक ले जाने और वापस सुरक्षित धरती पर लाने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं गगनयान भारतीय समुद्री सीमा में एक तय लोकेशन पर लैंड करेगा। इसरो ने कहा कि इस टेस्ट फ्लाइट की सफलता से बाकी के क्वालिफिकेशन टेस्ट्स और मानव रहित मिशंस के लिए रास्ता तय होगा। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मंत्री बेबी देवी ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
स्थानीय विधायक सह प्रदेश के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री ने गुरूवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित किसान भवन में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्या को सुना। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने मंत्री के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया और समाधान की गुहार लगायी। इस दौरान मंत्री ने कुछ समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया और कुछ समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से आये मुखिया ने मंत्री को अबुआ आवास योजना के संदर्भ में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव द्वारा जारी नये आदेश से उच्च प्राथमिकता वाले योग्य लाभुकों के वंचित रहने की लिखित शिकायत की और समाधान की मांग की। मुखिया संघ द्वारा दिये गये शिकायत में कहा गया है कि पूर्व में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव द्वारा जारी पत्र के आलोक में ग्राम सभा कर योग्य लाभुकों का प्राथमिकता निर्धारण किया जा चुका है परंतु पुनः सचिव द्वारा जारी पत्र में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता निर्धारण करने के आदेश से उच्च प्राथमिकता के योग्य लाभुक वंचित रह जायेगें।

इस पर मंत्री ने मुखिया संघ को सचिव से बात कर इसका समाधान करने का आश्वासन दिया साथ ही मौके पर उपस्थित बीडीओ अन्वेषा ओना को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में टाकुरचक गांव से आये ग्रामीणों ने बिजली के जर्जर तार व पोल बदलने, नागाबाद पंचायत के भंडारो से आये ग्रामीणों ने जला ट्रांसफार्मर बदलने की मांग रखी। जिस पर मंत्री ने मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्या के समाधान करने का निर्देश दिया।

मौके पर डुमरी सीओ शशिभुषण वर्मा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो बीससूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो उपप्रमुख उपेंद्र महतो, सुबोध यादव, दिवाकर महतो, राजकुमार पांडे, विश्वनाथ महतो कल्हाबार मुखिया नूररूद्दीन अंसारी, राजकुमार मेहता, पंकज महतो आदि उपस्थित थे।

### सदर विधायक, सीसीएल जीएम और उप नगर आयुक्त को उसरी बचाव अभियान के प्रतिनिधियों ने दिया ज्ञापन

# जल्द बनेगा छिलका डैम : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
उसरी बचाव अभियान कोर कमिटी की बैठक में जो पिछली बार परिसदन भवन में लिये गये निर्णय के अनुसार सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को नया परिसदन भवन में ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में जल्द से जल्द उसरी नदी में छिलका डैम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आदि का कार्य के लिए पहल करने संबंधी मांग है। सीसीएल जीएम बासब चौधरी और उप नगर आयुक्त स्मिता कुमारी को भी अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया।

सदर विधायक सोनू ने उसरी बचाव अभियान के संजोजक मंडली और कोर कमिटी को इस बाबत आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि उसरी बचाव अभियान कमिटी लगातार सकारात्मक कार्य कर रही है। हम साथ है, उन्होंने सीसीएल जीएम से फोन पर वार्ता कर के कई मुख्य बातों पर चर्चा की है। जल्द सीसीएल जीएम बासब चौधरी जी को भी ज्ञापन दिया जायेगा। उनका सकारात्मक पहल को गिरिडीह नहीं भूलेगा।

उसरी बचाव अभियान के संजोजक मंडली और कोर कमिटी के राजेश सिन्हा, रामजी यादव, कृष्ण मुरारी शर्मा, सूरज नयन, प्रभाकर कुमार, राकेश सिंह टुन्ना, उज्जवल साव आदि मौजूद थे।

बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा की उसरी बचाव अभियान कमिटी का सपना जल्द पूरा होगा।

अभियान के संयोजक राजेश सिन्हा ने कहा है कि उसरी नदी को संरक्षित करने के लिए जी जान एक कर रहे हैं। अभियान के सदस्य और अधिकारी जल्द सलाहकार टीम, जनप्रतिनिधियों की टीम और सामाजिक संगठन टीम के अलावा आम और खास लोगो को जोड़ा जायेगा। अभी फिलहाल 25 कोर कमिटी और 7 संयोजक मंडली बना है, सीनियर लोगों का सलाहकार टीम बनेगा।

## नशेड़ियों ने किया हमला, तीन घायल

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के तैतरिया सलैडीह पंचायत अंतर्गत बोरोटांड जाने के रास्ते में श्मशान शेड के पास कुछ युवकों ने ट्यूशन पढ़कर जा रहे विद्यार्थियों पर हमला कर दिया। इस हमले में तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान बोरोटोला निवासी 10 वीं में पढ़ने वाले शशिकांत वर्मा, इंद्रजीत वर्मा एवं 11वीं में पढ़ने वाले दिवाकर वर्मा के रूप में हुई है। शशिकांत वर्मा ने कहा वह अपने साथियों के साथ चार बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए डबरसैनी जा रहे थे। इस दौरान नशा कर रहे कुछ युवकों ने गाली देना शुरू कर दिया। हमले के बाद घायल छात्रों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी में उपचार करवाया और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# डीसी ने डायन कुप्रथा उन्मूलन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा डायन कुप्रथा उन्मूलन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उपायुक्त लकड़ा ने बताया कि सरकार के द्वारा यह मुहिम निकाला गया है कि कोई भी व्यक्ति डायन विसाच प्रकोप में ना पड़े। किसी महिला को डायन कहना या उसे डायन की अफवाह फैलाना या उसे डायन कहने के लिए किसी व्यक्ति को उकसाना अथवा किसी महिला को डायन घोषित कर उसे शोषित किया। मानसिक कष्ट देना डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 1999 के अनुसार धारा, 3 डायन का पहचान करने वालो को 3 महीने की सजा या एक हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों धारा 4, डायन बोलकर किसी को प्रताड़ित करना 6 महीने की सजा या 2000 जुर्माना अथवा दोनों धारा 5, डायन चिन्हित करने में जो व्यक्ति उकसायेगा 3 महीने की सजा 1000 जुर्माना अथवा दोनों धारा 6, भूत-प्रेत जाने की की क्रिया एक साल की सजा 2000 जुर्माना या दोनों। इन अधिनियमों की सभी धाराएं संज्ञान अपराध की श्रेणी में आते हैं। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग डायन कुप्रथा के उन्मूलन हेतु डायन अधिनियम 2001 के तत्वाधान पर डायन कहे जो वो है हत्यारा, ऐसा कोई अपराध करता है तो अपने नजदीकी थाना में सूचना देकर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# जन जागरूकता के लिए जिले में 15 दिन चलेगा बाल श्रम-बाल विवाह से आजादी के लिए जन कारवां

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बाल श्रम और बाल विवाह जैसे बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों का जिले से पूर्ण खात्मे के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि, नागरिक समाज और बाल पंचायत के बच्चे द्वारा गुरुवार को संयुक्त रुप से एक बड़े अभियान की शुरूआत किया गया। इन मुद्दों पर समाज में जनजागृति पैदा करने के उद्देश्य से संयुक्त रुप से प्रखंड मुख्यालय तीसरी से बाल श्रम-बाल विवाह से आजादी जन कारवां रथ को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया गया।



**तिसरी प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं बाल पंचायत के बच्चों ने संयुक्त रूप से कारवां को दिखाई हरी झंडी**

**गिरिडीह जिले से बाल श्रम एवं बाल विवाह को खत्म करना ही नए वर्ष का संकल्प है : बाल पंचायत**

**जिले के तिसरी, गावां, देवरी, राजधनवार, जमुआ समेत 300 से अधिक गांवों में चलाया जायेगा अभियान**

कार्यक्रम स्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव, शिक्षा पदाधिकारी बैसिल मरांडी, मुखिया संघ अध्यक्ष पिंकेश सिंह, तिसरी मुखिया किशोरी साव दर्जनों जन प्रतिनिधि, बाल पंचायत के बच्चे एवं बाल मित्र ग्राम के कार्यकर्ता मौजूद थे। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन के जिला समन्वयक श्री सुरेंद्र पंडित ने बताया कि बाल श्रम और बाल विवाह के समूल खात्मे के लिए यह एक जन अभियान है। जिसका नेतृत्व बाल मित्र गांवों के बच्चों के साथ-साथ समाज के अन्य तबको व प्रबुद्ध लोग कर रहे हैं। मोबाइल थिएटर टीम के माध्यम यह अभियान जिले के तीसरी, गावां, देवरी, राजधनवार, जमुआ समेत 300 से अधिक उन सभी गांवों व प्रखंडों में चलेगा। जहां बच्चे ढिबरा, होटल, ढाबों आदि में काम करते रहे हैं। इस अभियान के दौरान जिले में एक लाख लोगों को जोड़ने जागरूक करने और बाल श्रम बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तिसरी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री विनोद कुमार सिंह ने कहा कि इस जन जागृति के अभियान में सहयोग प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायतों व आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया है जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

प्रखंड प्रमुख श्री राजकुमार यादव ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बाल मजदूरी, बाल विवाह और बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन की सक्रियता से इन घटनाओं में काफी कमी आई है। मुझे उम्मीद कि इस जागरूकता अभियान से और भी सकारात्मक परिणाम निकलेगा। मैं क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह करूंगा कि इस अभियान में सभी सहयोग करें।

तिसरी थाना प्रभारी श्री प्रदीप कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन की सक्रियता से बच्चों के प्रति होने वाले शोषण में काफी कमी आई है। इस प्रकार का अभियानों का क्षेत्र को सामाजिक बुराइयों से मुक्त बनाने में अहम योदागान होता है। पुलिस प्रशासन भी पूरी सक्रियता के साथ बच्चों के साथ है।

शिक्षा विभाग से बीपीओ श्री बेसिल मरांडी ने कहा कि बच्चों को ढिबरा और बाल श्रम से निकाल कर विद्यालय से जोड़ने में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन की अहम भूमिका रही है। यहां तक की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सुदूरवर्ती बच्चियों के नामांकन में बाल मित्र ग्राम कार्यकर्ताओं का प्रयास सराहनीय है। इन प्रयासों से क्षेत्र में बाल विवाह में कम हुआ है।

इस अवसर पर बाल पंचायत की कोमल कुमारी ने कहा कि बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम के माध्यम से हमारी बाल पंचायतों ने ग्राम पंचायतों, प्रशासन और शिक्षा विभाग के सहयोग से 300 से अधिक गांवों में सभी बच्चों को स्कूलों में नामांकन करवाकर वहां से बाल श्रम लगभग समाप्त कर दिया है। विगत 16 अक्तूबर को बाल विवाह के खिलाफ हमने अपने गांवों में मशाले जलाकर शपथ लिया था। 1500 से ज्यादा बच्चियों को सावित्री बाई फुले योजना से जोड़कर बाल विवाह को भी रोकने में सफलता पाई है। अब हमारा लक्ष्य है पूरे जिले से बाल श्रम और बाल विवाह का पूर्ण खात्मा करना। इस अवसर पर तिसरी प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष पिंकेश सिंह ने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधियों के कंधे पर यह जिम्मेवारी है कि अपने क्षेत्र को बाल मित्र पंचायत बनाएं।

इस अवसर पर तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन से सुरेंद्र पंडित, उदय राय, राजेश सिंह, भरत पाठक, संदीप नयन, राजू सिंह, छोटेलाल, शिवशक्ति, भीम, बेंकटेश, जीवाधर, रोहित, पिंटू , शांति मुर्मू सहित प्रखंड कार्यालय के कर्मी संग बाल पंचायत के बच्चे भी शामिल रहे।

# दुर्गा वाहिनी प्रखंड कमिटी तिसरी में निकाली गई शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को तिसरी प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा वाहिनी प्रखंड कमिटी द्वारा जुलूस के रूप में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों महिला-युवतियों व पुरुषों ने हाथों में तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम का नारा लगाते हुए पूरे तिसरी मुख्यालय का भ्रमण किया। जिससे पूरे मुख्यालय का वातावरण राममय हो गया।

यह शोभा यात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सर्वप्रथम मुख्य सड़क से गम्हरियाटांड तक गयी जहां से उसी रास्ते होते हुए तिसरी ब्लॉक मोड़, चौक से केंवटाटांड तक गई। उसी रास्ते वापस आते हुए हनुमान मंदिर पर यह यात्रा समाप्त हुई।

इस दौरान जुलुस में शामिल महिलाएं-युवतियां व अन्य लोग भक्ति गानों पर झूमते नजर आये। हनुमान मंदिर प्रांगण में सभी ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठकर इस शोभा यात्रा को समाप्त किया। सभी सनातनियों से आगामी 22 जनवरी को आसपास के मंदिरों में इकट्ठा होकर भजन कीर्तन करने, प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखने नवरात्रि में अपने-अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की भी अपील की।

मौके पर हजारीबाग विभाग मंत्री अनूप यादव, जिला प्रमुख धर्म प्रचार प्रसार, कृष्ण कुमार स्वर्णकार, नगर प्रमुख धर्म प्रचार प्रसारक आशीष रजक, जिला सह मंत्री हरीश प्रसाद साह, दुर्गा वाहिनी प्रखंड अध्यक्ष पूजा पासवान, प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर साहू, मुखिया किशोरी साव,पूर्व प्रमुख नीलम देवी, शंकर शर्मा, प्रकाश रजक, सहित कई लोग शामिल थे।

### पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना को लेकर

# जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की द्वितीय चरण के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में गुरुवार को संपन्न हुई। उक्त योजना के तहत कुल 8837 आवेदन का ऑनलाइन सीएससी के माध्यम से आ चुका है। प्रथम चरण से कुल 378 आवेदन अनुशंसा होकर द्वितीय चरण के लिए आ चुका है, जिसे तृतीय चरण हेतु भेजने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ किया जा रहा है। बैठक में समिति के महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र गिरिडीह, एमएसएमई के सहायक निदेशक धनबाद, अग्रणी जिला प्रबंधक के प्रतिनिधि, श्रम अधीक्षक गिरिडीह, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं जिला उद्यमी समन्वय ने भाग लिया।

# बिरनी बीडीओ व उपप्रमुख ने की गरीब परिवार की मदद

### परिवार के बेटे की चेन्नई में हो गई थी मृत्यु, बीडीओ ने शव को मंगवाने में की थी मदद





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक गरीब व असहाय परिवार का सहयोग किया।

बिरनी प्रखंड के चीताखारो गांव निवासी वासुदेव सिंह के पुत्र संजय सिंह का चेन्नई में देहांत हो गया था। जिसके बाद उसके शव को बिरनी के बीडीओ, प्रमुख और उपप्रमुख द्वारा आर्थिक सहयोग कर मंगवाया गया था। कुछ दिनों बाद संजय सिंह के छोटे भाई अजय सिंह ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। बेटे की आत्महत्या की खबर सुनने के बाद उनके पिता वासुदेव सिंह की भी मौत हो गई थी। परिवार में केवल वासुदेव सिंह की पत्नी सोना और दो बेटी ही थीं। इस परिवार में एक भी कमाऊ सदस्य नहीं होने के कारण यह परिवार जैसे-तैसे कर अपना भरण पोषण कर रहा था। इसी बीच बीडीओ सुनील वर्मा के मन में उक्त परिवार का ख्याल आया। जिसके बाद उन्होंने उप प्रमुख शेखर सुमन से दूरभाष पर संपर्क कर उस परिवार का हाल-चाल जानने का प्रयास किया। गुरुवार को इस कड़ाके की ठंड में बिरनी बीडीओ व उप प्रमुख पीड़ित परिवार के गांव चिताखारो पहुंचे। इस दौरान उन्हें पुरे घटनाक्रम की जानकारी मिली। परिवार के बेहद तंगी के हालात को देखते हुए बीडीओ ने बीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल इन्हें मुर्गी पालन, दादी-बाड़ी योजना एवं पेंशन योजना से लाभान्वित किया जाये। साथ ही बीडीओ व उप प्रमुख के प्के द्वारा दोनों बच्चियों के लिए गरम कपड़े, सॉल्व और पढ़ने के लिए किताबें दीं गई। दोनों बच्चियों को इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया इसके बाद दोनों बच्चियों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह साइबर पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**गिरिडीह।** साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह शहर पुलिस के द्वारा लगातार अभियान जारी है। इस अभियान में इसी क्रम में गुरुवार को साइबर पुलिस ने छह अपराधियों को बने में सफलता हासिल की है। जिसमें एक अपराधी बंगाल के पुरलिया जिले का मुहद्दा गांव निवासी उज्जवल सिंह है। धनबाद के टुंडी थाना निवासी सूरज मंडल सिद्धेश्वर मंगल निमियाघाट थाना इलाके के दीपक साहू के साथ अहिल्यापुर थाना इलाके के अभिषेक और सुनील मंडल शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक बाइक के साथ 38 सिम कार्ड और 16 मोबाइल रिजेक्ट किया है पूछताछ में अपराधियों ने बताएं कि वह लोग साइबर अपराध से जुड़े अपराधियों को फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध कराने के साथ बैंक अधिकारी बनकर खाता धारकों को भाग करते थे और अभी तक लाखों की ठगी कर चुके थे। गिरफ्तार सभी अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### 22 को शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर तिसरी में शांति समिति की बैठक संपन्न



**गिरिडीह।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर गुरुवार को तिसरी थाना परिसर में प्रभारी बीडीओ विनोद सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बीडीओ विनोद सिंह ने शांति समिति सदस्य से जानकारी लिया कि 22 जनवरी को तिसरी प्रखंड में क्या प्रोग्राम करना है। सभी सदस्यों ने बारी-बारी से कहा कि उस दिन प्रखंड के मुख्य मुख्य मंदिरों में दीया जलाए जाएंगे और पूजा किया जायेगा। साथ ही शाम में भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी किया जायेगा। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने सभी सदस्य से कहा कि सभी प्रोग्राम शांतिपूर्वक होना चाहिए। पुलिस प्रशासन आप लोग के साथ है। सभी से कहा कि इस दिन कोई किसी भी तरह का हुड़दंग करता है तो तुरंत थाने को सूचित करना है। किसी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर तिसरी पुलिस इंस्पेक्टर बीरेंद्र टोप्पो, तिसरी मुखिया किशोरी साव, मुखिया जानकी यादव, मुखिया पंकज सिंह पंचायत समिति मोहम्मद कादिर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल, सांसद प्रतिनिधि सुनील शाह, गोपी रविदास, संजीत राम, हरीश प्रसाद साह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### 20 से 23 जनवरी तक मांस-मदिरा बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला पालक बिरेन्द्र पांडेय ने गुरूवार को एसडीएम डुमरी को आग्रह पत्र देकर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त डुमरी प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में होने वाले विविध कार्यक्रम के मद्देनजर 20 से 23 जनवरी तक क्षेत्र में मांस, मछली, मुर्गा, अंडा एवं शराब की बिक्री पर रोक लगाने का आग्रह किया है। पत्र में लिखा है कि 22 जनवरी को सनातनियों के लिए ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम दिन है क्योंकि इस दिन अयोध्या में रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम निर्धारित है। जिसको लेकर प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा भजन, कीर्तन एवं महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। क्षेत्र में शुद्धता एवं सात्विकता बनाये रखने के लिए उक्त तिथि तक क्षेत्र में मांस, मछली, मुर्गा, अंडा एवं शराब की बिक्री पर रोक लगाने के दिशा में पहल करें।

### तिसरी में भीषण जल संकट को लेकर अन्नपूर्णा देवी से मिले मुखिया और सांसद प्रतिनिधि



**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड अंतर्गत तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव व सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव ने पंचायत क्षेत्र के पांच गांवों में पेयजल की भीषण समस्या को लेकर कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात की। सांसद को इस समस्या से अवगत कराते हुए मुखिया किशोरी साव ने तिसरी के टोटो सोत नाला पर डैम का निर्माण करवाते हुए वहीं से पानी सप्लाई करवाने को लेकर आवेदन दिया। आवेदन देते हुए मुखिया किशोरी साव ने बताया कि पंचायत के तिसरी, जमुनियाटांड, केंवटाटांड,चिलगिली और पंदनाटांड में पेयजल की भीषण समस्या है। गर्मियों के दिनों में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। केंद्र सरकार नल-जल योजना द्वारा इन इलाकों में लगभग 1000 फिट डीप बोरिंग किया गया लेकिन पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं निकला। लिहाजा आने वाले गर्मी के दिनों में ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की और भी भीषण समस्या उत्पन्न हो सकती है। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने इस समस्या पर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया।

### बरही के आरक्षी की सड़क दुर्घटना में मौत



**बरही।** एनएच 33 नगवां पुल के पास बरही थाना के आरक्षी महेंद्र पाल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वह गढ़वा जिला के रहने वाले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका पदस्थापन एक वर्ष पूर्व बरही थाना में हुआ था। बताया जाता है कि वे किसी निजी कार्य से हजारीबाग जा रहे थे। इस दौरान नगवां पुल के पास सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। आकस्मिक निधन पर बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, एसआई महेंद्र बैठा,मो समउद्दीन, आरक्षी संजय कुमार आदि सहित थाना के कर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना किया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक की मौत

**बरही।** गया रोड एचपी पेट्रोल पंप के नजदीक हुई दर्दनाक सड़क हादसा में बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रकाश दास उम्र 50 वर्ष पिता जगदीश दास उरवां निवासी एवं कौलेश्वर दास पिता हीरामन दास के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति प्याज का गाछी लाने महराजगंज गए हुए थे। वहीं से लौटने के क्रम धमना मोड़ के नजदीक ट्रक ने दोनो को अपने चपेट में ले लिया। जिससे एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# सचिन और सारा तेंदुलकर के नाम पर बना था फर्जी वीडियो, एफआईआर दर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेक वीडियो मामले में मुंबई साइबर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मुंबई साइबर पुलिस ने 16 जनवरी को संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की। डीपफेक के जरिए सचिन तेंदुलकर का एक फर्जी वीडियो बनाया गया था, जिसमें वह एक गेमिंग एप्लिकेशन प्रचार करते दिखाई दे रहे थे। सचिन ने खुद यह वीडियो शेयर कर लोगों को बताया था कि यह फर्जी है और इसे रिपोर्ट करने को कहा था। इसके बाद इस मामले में पर कठोर नियम बनने की बात भी केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कही।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डीपफेक को भारतीय उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और विश्वास के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही प्लेटफार्मों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आईटी अधिनियम के तहत सख्त नियम लायेगी।

## क्या है मामला?

एक्स पर एक पोस्ट में तेंदुलकर ने फेक वीडियो शेयर किया था,





जिसमें वह एक गेमिंग एप्लिकेशन प्रचार करते दिखाई दे रहे हैं और तकनीक के दुरुपयोग के बारे में चिंता व्यक्त की थी। सचिन ने डीपफेक वीडियो को शेयर करते हुए लिखा था- ये वीडियो फर्जी है। तकनीक के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग को देखना परेशान करने वाला है। सभी से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में इस वीडियो, विज्ञापन और ऐप की रिपोर्ट करें। सोशल मीडिया मंचों को शिकायतों के प्रति सतर्क और उत्तरदायी होने की आवश्यकता है। गलत सूचना और डीपफेक के प्रसार को रोकने के लिए उनकी ओर से त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण है।

सचिन के इस ट्वीट पर कई फैंस ने अपनी चिंता जाहिर की थी। कुछ लोगों ने कहा कि यह असली लग रहा है। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि यह वीडियो हैरान करने वाला था। सचिन ने यह साफ करके अच्छा किया कि यह फर्जी वीडियो है। इसी दौरान कुछ लोगों ने फर्जी वीडियो बनाने वाले पर एफआईआर दर्ज करने की बात कही थी। अब पुलिस ने ऐसा कर लिया है।

सचिन से पहले उनकी बेटी सारा तेंदुलकर समेत कई दिग्गज अभिनेत्रियां भी इसका शिकार हो चुकी हैं। कटरीना कैफ, आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और प्रियंका चोपड़ा जैसी हस्तियां भी इसका शिकार हो चुकी हैं।

# सचिन की वन वर्ल्ड ने युवराज की वन फैमिली को 4 विकेट से हराया







**एजेंसी। बेंगलुरू**

सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में वन वर्ल्ड ने 'वन वर्ल्ड वन फैमिली कप' में युवराज सिंह की वन फैमिली को चार विकेट से हरा दिया। जहां सात देशों के 24 दिग्गज खिलाड़ियों ने साई कृष्णन में खेले गए एकमात्र मैच में भाग लिया।

181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वन वर्ल्ड ने दक्षिण अफ्रीका के अल्विरो पीटरसन की 50 गेंदों में 74 रनों की शानदार पारी की मदद से जीत हासिल की। सचिन और नमन ओझा ने वन वर्ल्ड को शानदार शुरूआत दी। श्रीलंका के अनुभवी चामिंडा वास की गेंद पर आउट होने से पहले ओझा ने 18 गेंदों में 25 रन में चार चौके लगाये हालांकि, यह सचिन की पारी थी जिसने ध्यान खींचा क्योंकि उन्होंने फाइन लेग पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। सचिन ने अल्विरो के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। अपने ट्रेडमार्क कवर ड्राइव और पैड से फ्लिक के साथ, सचिन ने अपनी 27 रन की पारी में तीन चौके जमाये।

फिर 12 गेंदों में 17 रन चाहिए थे। इरफान पठान ने अपनी टीम को जीत के करीब ले जाने के लिए धैर्य बनाये रखा। अंतिम छह गेंदों पर केवल सात रनों की आवश्यकता होने पर उन्होंने आत्मविश्वास से छक्के के लिए एक शक्तिशाली स्ट्रेट ड्राइव जड़ा। जिससे उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाई। पूर्व क्रिकेटर और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इस भावना को दोहराया कि खेल में मानवता की भावना को ऊपर उठाने की शक्ति है।

# जर्मनी ने पेनाल्टी शूटआउट में भारत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

## जापान को परास्त कर अमेरिका फाइनल में पहुंचा, फाइनल मुकाबला आज

**एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में भारत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में 19 जनवरी को अमेरिका और जर्मनी के बीच भिड़ंत होगी। इसके साथ ही दोनों टीमों ने पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा लिया है। भारत और जर्मनी के बीच गुरुवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें निर्धारित 60 मिनट में खेल एक-एक की बराबरी पर खत्म हुआ, उसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर दो-दो से ड्रॉ रहा। उसके बाद पेनल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें भी दोनों टीमों ने 3-3 गोल दागे। उसके बाद एक और शूटआउट कराया गया, जिसमें जर्मनी की टीम ने 1-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं पहला सेमीफाइनल मैच जापान और अमेरिका के बीच हुआ। इसमें अमेरिका ने 2-1 से जीत हासिल की। इसके साथ वह ओलंपिक क्वालिफायर मुकाबले के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी। मुकाबले के पहले और दूसरे क्वार्टर तक दोनों में से किसी भी टीम को एक भी गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। हाफ टाइम के बाद तीसरे क्वार्टर में जापान के लिए एमिरु सिमाडा ने एक गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। हालांकि, इसके बाद अमेरिका की कप्तान एश्ले हॉफमैन ने आखिरी क्वार्टर में अपने खेल से टीम की जबरदस्त वापसी कराई और टीम को 2-1 से जीत दिलायी। उनके अलावा तमेर ने भी टीम के लिए एक गोल किया। आखिर में मुकाबला 2-1 पर खत्म हुआ और अमेरिका की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी। गुरुवार को सेमीफाइनल से पहले खेले गये दो मुकाबले में न्यूजीलैंड और इटली ने भी जीत दर्ज की।

जापान- अमेरिका के मैच से पहले दिन का दूसरा मुकाबला न्यूजीलैंड और चेक रिपब्लिक के बीच खेला गया। इस मैच में न्यूजीलैंड ने 2-0 से जीत हासिल की। इससे पहले खेले गए दिन के पहले मैच में इटली ने चिली को पराजित किया था।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हुए सुमित नागल

**दूसरे दौर में शांग जुनचेंग ने दी शिकस्त**



**मेलबर्न।** भारत के उभरते टेनिस स्टार सुमित नागल की ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार शुरूआत गुरुवार को समाप्त हो गई। दूसरे दौर में नागल को चीन के शांग जुनचेंग से हार का सामना करना पड़ा।

नागल ने प्रत्येक अंक के लिए कड़ा संघर्ष किया लेकिन 6-2, 3-6, 5-7, 4-6 से हार गए। नागल ने खेल की शानदार शुरूआत करते हुए पहला सेट 6-2 से जीत लिया। हालांकि बाकी तीन सेटों में शांग ने नागल को कोई मौका नहीं दिया और मैच अपने नाम किया। यह मुकाबला 2 घंटे और 50 मिनट तक चला।

बता दें कि नागल 1989 के बाद से 35 वर्षों में ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को हराने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बब्लिक को हराकर इतिहास रचा था। सुमित ने वह मैच 6-4, 6-2, 7-6 (5) से जीता था।

## चीन में 14वें शीतकालीन खेलों का आयोजन होगा

**बीजिंग।** चीन में 14वें शीतकालीन खेल 17 से 27 फरवरी तक आयोजित होंगे। गुरुवार को इसकी उलटी गिनती का 30वां दिन रहा। वर्तमान शीतकालीन खेल इतिहास में सबसे बड़े पैमाने, सबसे अधिक इवेंटों और उच्चतम मानक वाले खेल हैं। प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में स्केटिंग, स्कीइंग, कर्लिंग और आइस हॉकी सहित आठ प्रमुख इवेंटों के कुल 176 आइटम शामिल हैं।



मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर में भारत व जर्मनी के बीच खेले जा रहे सेमी फाइनल मैच देखने पहुंचे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, साथ हैं झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

## सूर्यकुमार की जर्मनी में हुई सफल ग्रोइन सर्जरी



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्पोर्ट्स हर्निया के लिए 17 जनवरी को म्यूनिख में अपनी कमर की सर्जरी सफल सर्जरी कराई। दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद हाल के महीनों में यह उनकी दूसरी सर्जरी है। सर्जरी के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा मैं अपने स्वास्थ्य के लिए उनकी चिंताओं और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं और मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं बहुत जल्द वापस आऊंगा। सूर्यकुमार टखने की सर्जरी के लिए पुनर्वास के लिए एक सप्ताह पहले तक बेंगलुरु में थे। कमर की सर्जरी के बाद फरवरी के मध्य में उनके पुनर्वास शुरू करने की संभावना है।

# हामिश रदरफोर्ड ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की

**एजेंसी। ओटागो**



न्यूजीलैंड और ओटागो के सलामी बल्लेबाज हामिश रदरफोर्ड अगले हफ्ते डुनेडिन में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ सुपर स्मैश मुकाबले में अपने पेशेवर करियर का आखिरी मैच खेलेंगे। रदरफोर्ड का करियर 2008 में शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने अब तक सभी प्रारूपों में 16,468 रन बनाए हैं। रदरफोर्ड ने अपने 130 प्रथम श्रेणी मैचों के हिस्से के रूप में 16 टेस्ट खेले और 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण पर 171 रन बनाए। उन्होंने 35.26 की औसत से 17 शतकों के साथ 7863 टेस्ट रन बनाये हैं।

## जेएससीए के लाइफ मेंबर रंजीत सिंह ने रागनी सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात



**धनबाद।** जेएससीए लाइफ मेंबर्स रणजीत सिंह ने भाजपा नेत्री रागनी सिंह से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने फूलों का गुलदस्ता देकर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। दोनों में धनबाद जिला में क्रिकेट के विकास और क्रिकेटरों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। रागिनी सिंह ने क्रिकेट के विकास में अपना संपूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। रागनी सिंह से मिलने वालों में रमेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, राजू शर्मा, पीएन सिंह और राजीव रंजन सिंह शामिल है।

## ध्रुव जुरेल ने पहले टेस्ट कॉल-अप पर कहा

# मेरे पिता इस पर विश्वास नहीं कर सके, मैं भी इस पर विश्वास नहीं कर सका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

12 जनवरी को अहमदाबाद की एक शांत रात में, इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के दो दिवसीय टूर मैच के बीच में, ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो आगामी सीरीज के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया।

पहले तो उसे और उसके पिता को भी इस पर विश्वास नहीं हुआ। मैं हैरान था! मैं भारत ए टीम के साथ था, हम दो दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेल रहे थे। यह खबर देर रात को आई और जब मुझे पता चला, तो मैंने तुरंत अपने पिता को फोन करके बताया और उनका पहला सवाल था, कौन सी भारतीय टीम? क्या आप पहले से ही उनमें से किसी एक के लिए नहीं खेल रहे हैं? मैंने कहा वही जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलते हैं। उन्हें इस पर विश्वास नहीं हो रहा था। मुझे भी इस पर विश्वास नहीं हो रहा था।

राजस्थान रॉयल्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जुरेल को वापस बुलाया गया। उन्हें अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल्स से भी संदेश मिले। हां मैंने जुबिन भरूचा (उच्च प्रदर्शन निदेशक) सर से बात की, कुमार संगकारा (क्रिकेट निदेशक) सर, सिद्धार्थ लाहिड़ी (सहायक कोच और कोचिंग प्रमुख, आरआर अकादमी) सर, जाइल्स लिंडसे (एनालिटिक्स निदेशक और निदेशक टेक्नोलॉजी), दिशांत याग्निक (फील्डिंग कोच) सर से संदेश मिला। वे सभी मेरे लिए बहुत खुश थे। जुबिन सर ने हमेशा मेरा समर्थन किया है और



**मुझे लाल गेंद वाले क्रिकेट की मांगों के अनुसार खुद को ढालने में थोड़ा समय लगा अभ्यास, प्रशिक्षण और शुरूआती अनुभव के साथ, मुझे विश्वास है कि मैं ऐसा कर सकता हूं कि तीनों प्रारूपों को समान रूप से अच्छा खेलूं।**

मुझे याद है कि उन्होंने कुछ समय पहले मुझसे कहा था कि मेरा समय जल्द ही आने वाला है। मुझे जोस बटलर से भी एक संदेश मिला। उन्होंने कहा आपको देखकर अच्छा लगा भारतीय टीम को अभी लंबा सफर तय करना है।

उन्होंने मुझे एकदम से चुन लिया था, मैं सीनियर भारतीय टीम में शामिल होने के बिल्कुल भी करीब नहीं था। जिस तरह का समर्थन मुझे उनसे मिला है, उससे मुझे आवश्यक आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली है। यहां तक कि जिस सीजन में मैं खेला था, संजू (सैमसन) भाई ने मुझसे कहा कि मैं किसी भी बात की चिंता किये बिना खुलकर अपनी बात रखूं। घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले जुरेल ने बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच में भारत ए के लिए अर्धशतक बनाया था और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में 50 रन बनाए थे। उन्होंने 15 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 790 रन बनाए हैं और उनका औसत 46.37 है। सबसे महत्वपूर्ण सीख जो मैं इस श्रृंखला से लेना चाहता हूं वह यह है कि उच्चतम स्तर पर बने रहने के लिए आवश्यक मानसिक दृढ़ता कैसे विकसित की जाए। बहुत सारे खिलाड़ियों को कॉल-अप मिलता है, लेकिन केवल कुछ ही खुद को बनाए रखने में सक्षम होते हैं। एक बार जब आप किसी बड़े मंच पर लोगों की नजरों में आ जाते हैं, तो आपको लगातार आपके प्रदर्शन के आधार पर आंका जाता है इसलिए मैं वास्तव में जानना चाहता हूं कि ये खिलाड़ी बुरे दिनों से कैसे निपटते हैं, वे आलोचना और दबाव का सामना कैसे करते हैं। मैं कोशिश करने जा रहा हूं और यह सब आत्मसात करें। जुरेल 2020 में विश्व कप में भारत अंडर19 टीम के उप-कप्तान थे। भारत अंडर 19 के हिस्से के रूप में, मुझे विदेशी परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों पर खेलने का बड़ा अनुभव मिला।

## खबरें व्यापार जगत की

# 2030 तक घरेलू हवाई यातायात 300 मिलियन तक पहुंच जायेगा : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**एजेंसी। हैदराबाद**



नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को बताया कि भारत का घरेलू हवाई यातायात 2030 तक बढ़कर 300 मिलियन हो जाएगा। हैदराबाद के बेगमपेट हवाईअड्डे पर विंग्स इंडिया 2024 को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा घरेलू यात्री यातायात जो 2014 में 60 मिलियन था, वह कोविड से पहले बढ़कर 145 मिलियन और 2023 में यह बढ़कर 153 मिलियन हो गया।

उन्होंने कहा कि साल 2030 तक 300 मिलियन की अनुमानित वृद्धि के बावजूद, भारत दुनिया के शीर्ष 20 बाजारों में एक होगा।

आज हमारी पहुंच लगभग 3-4 प्रतिशत है, जो बढ़कर 10-15 प्रतिशत हो जाएगी। हमें अभी भी 85 प्रतिशत तक पहुंच हासिल करनी है। हम क्षमताएं बनाकर, बाधाओं को दूर कर और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर इस क्षमता की तैयारी कर रहे हैं ताकि 2047 तक विमानन क्षेत्र 20 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का समर्थन करने में सक्षम हो सके। भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागरिक उड्डयन बाजार और सातवां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन बाजार है। दोनों को मिला दिया जाए तो भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन बाजार है।

मंत्री ने कहा कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में विमान का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। उम्मीद है कि अगले दशक में भारत का बेड़ा 713 से बढ़कर 2,000 से अधिक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश, जिसके पास 2013-14 में 400 विमान थे, ने अपने बेड़े को 713 विमानों तक बढ़ा दिया है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान, भारत ने 74 हवाईअड्डे, वॉटरड्रोम और हेलीपोर्ट जोड़े, जिससे संख्या 149 हो गई। साल 2030 तक यह संख्या 200 के पार हो जायेगी।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट निवेशकों ने गंवाए 64 हजार करोड़ रुपये

**बड़ी गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी ने की निचले स्तर से रिकवरी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन दबाव में कारोबार करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ हुई थी। पहले घंटे के कारोबार में जोरदार बिकवाली की वजह से शेयर बाजार 1 प्रतिशत से भी अधिक टूट गया था लेकिन सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार ने निचले स्तर से काफी हद तक रिकवरी भी की। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत और निफ्टी 0.51 प्रतिशत टूट कर बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, मेटल ओर आईटी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। एफएमसीजी और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस और हेल्थ केयर इंडेक्स में तेजी बनी रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## सर्राफा बाजार में गिरावट से सोना 800 रुपये तक फिसला, चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को एक बार फिर गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर शहरों में सोना 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक कमजोर हो गया है। आज की गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के अधिकांश सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे लुढ़क गया है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट दर्ज की गई है।

## दिल्ली में स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो में उपलब्धियों की प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में 17 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाला 9वां स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो स्मार्ट सिटीज मिशन की उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहा है। नेशनल पेवेलियन में इंदौर स्मार्ट सिटी की छप्पन दुकान, सूरत स्मार्ट सिटी के अतीत को भविष्य से जोड़ना, उदयपुर स्मार्ट सिटी का क्षेत्र-आधारित विकास और प्रयागराज स्मार्ट सिटी की पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण सहित कुछ सबसे प्रभावशाली परियोजनाओं के मॉडल दिखाये गये हैं। इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) और एक्जीबिशन इंडिया ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एक्सपो में स्मार्ट आईसीटी, स्मार्ट एनर्जी, भवन, परिवहन, जल और स्वच्छ भारत आदि सहित स्मार्ट सिटी ढांचे के प्रमुख वर्टिकल शामिल हैं। स्मार्ट शहरों को वास्तविकता बनाने की दिशा में गहन संचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण को सक्षम करने के लिए यह एक मंच प्रदान करता है। 19 जनवरी को सिटी लीडर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जो शहर के नेताओं के साथ-साथ निजी उद्यमियों को भी एक मंच पर लाएगा, ताकि रहने योग्य और टिकाऊ शहरों के निर्माण के लिए उपयुक्त समाधानों की पहचान करने वाली शहर की पहल पर चर्चा की जा सके। मिशन के हिस्से के रूप में, सभी 100 स्मार्ट शहरों ने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) की स्थापना की है। ये 100 एसपीवी 1.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की लगभग आठ हजार बहु-क्षेत्रीय परियोजनाएं विकसित कर रहे हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, 15 जनवरी 2024 तक 100 एसपीवी ने 1.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 6,650 से ज्यादा परियोजनाएं पूरी की हैं।



## चीन में करोड़ टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला एक और तेल उत्पादन क्षेत्र तैयार

**बीजिंग।** चीन के पोहाई तेल क्षेत्र स्थित पोनान तेल क्षेत्र समूह का तेल और गैस उत्पादन वर्ष 2023 में पहली बार एक करोड़ घन मीटर से अधिक रहा। चीन में करोड़ टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला एक और आधार तेल उत्पादन क्षेत्र का निर्माण पूरा हुआ। बताया जाता है कि पोनान तेल क्षेत्र समूह स्थित समुद्र क्षेत्र की औसत जल गहराई करीब 20 मीटर है। वर्ष 1989 में पहले तेल क्षेत्र का उत्पादन शुरू होने के बाद अब तक यहां पर 14 तेल क्षेत्रों का निर्माण किया गया। पोनान तेल क्षेत्र समूह में कुल मिलाकर 10 करोड़ घन मीटर से अधिक तेल और गैस का उत्पादन किया गया। वर्ष 2023 में पोनान तेल क्षेत्र समूह में कच्चे तेल के उत्पादन में 20 लाख टन की बढ़ोतरी हुई, जो पोहाई तेल क्षेत्र में कच्चे तेल की कुल वृद्धि का करीब 90 प्रतिशत और पूरे देश के कच्चे तेल की कुल वृद्धि का लगभग 45 फीसदी है।

## एक नजर

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 18वीं बैठक

**गढ़वा।** कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 18वीं बैठक हुई। बैठक में वैज्ञानिक कृषि, किसानों की आमदनी बढ़ाने और उन्हें स्वावलंबी बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक डॉ. जगन्नाथ उरांव, डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, वैज्ञानिक डॉक्टर अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में नाबार्ड की डीडीएम लक्ष्मण राम, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रमेश कुमार, डॉ. अमरेश चंद्र पांडे, डॉ. सुषमा ललित बाखला, डॉ. राजीव कुमार, विंध्याचल राम, नवलेश कुमार, सियाराम पांडे, राकेश रंजन चौबे, सुनील कुमार, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार चौबे, शिवनाथ कुशवाहा, प्रदीप कुमार मेहता, बृजेश तिवारी, ब्रजकिशोर महतो आदि मौजूद थे।

### ग्राम सभा का हुआ वार्षिक सम्मेलन

**बड़गड़।** प्रखंड अंतर्गत कला खजुरी गांव में वार्षिक ग्राम सभा सम्मेलन आयोजित की गई। जिसमें आदिवासी समुदाय के लगभग 500 महिला, पुरुष और युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान ग्राम सभा के सचिव आनंद बखला ने पिछले 5 सालों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन पर चर्चा के बाद उसे पारित कर दिया गया। अपने संबोधन में ग्राम प्रधान विश्राम बखला ने कहा कि धीरे - धीरे कला खजुरी ग्राम सभा पेसा कानून के द्वारा दिए गए अधिकारों को समझ रहा है। इसलिए पिछले 5 सालों से जल, जंगल, जमीन और उस पर मालिकाना हक के लिए आगे बढ़ा है। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्षा जय प्रकाश मिंज ने आदिवासी विरासत के सरंक्षण की बात की और अपने मान सम्मान और सत्ता के लिए संघर्ष करने की बात कही। संगठन के कार्यकर्ता फिलीप कुजूर ने गांव की संपति के प्रबंधन के लिए योजना बनाने पर बल दिया। झारखंड मनरेगा वॉच के संयोजक जेम्स हेरेंज ने कहा कि आपके विकास के लिए सरकार ने राशन पेंशन और मनरेगा जैसे योजनाओं को लागू किया है, इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। समाजसेवी सुनील मिंज ने वनाधिकार कानून में दिए गए अधिकारों की चर्चा की। समाजसेवी ज्योति लकड़ा ने हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे आने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सूरज देव ने किया।

### उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**गढ़वा।** जिला परिवहन कार्यालय की ओर से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश से जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 15 जनवरी से 14 फरवरी तक किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। उपायुक्त ने आमजनों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहनें।

नौनिहालों ने कहा- एक वर्ष से फल और अंडा नहीं मिला, एचएम बैजनाथ सिंह ने पूछने पर कहा- आपको जो छापना है छापिये

# प्राथमिक विद्यालय लरहरा में बच्चों को परोसा गया माड़-भात

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को मध्याह्न भोजन में पौष्टिक भोजन देने के लिए सरकार निरंतर प्रयास में लगी हुई है, लेकिन इसके विपरीत विद्यालय के प्रबंध समिति व एचएम द्वारा बच्चों के निवाला को डकारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। ताजा मामला प्रखंड अंतर्गत आदिवासी बाहुल क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय लरहरा का है। यहां गुरुवार को इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन देने के बदले माड़-भात खिलाया गया।



बच्चों को माड़-भात खिलाये जाने के सवाल पर रसोईया फुलवा देवी ने बताया कि विद्यालय में हरी सब्जी और दाल नहीं थी। इसकी जानकारी एचएम को भी दी गई थी, लेकिन सामग्री उपलब्ध नहीं होने के चलते आज बच्चों को माड़-भात खिलाया गया है। वहीं विद्यालय में अध्यनरत राकेश कोरवा, शशिलाल कोरवा, देवब्रत कोरवा, संतोष कोरवा, सतीश कुमार, राहुल यादव, रंगिता कुमारी, कोरन कुमारी, रीमा कुमारी आदि बच्चों ने बताया कि हमलोगों को एक वर्ष से फल और अंडा नहीं मिला है। साथ ही विद्यालय में कभी भी मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाता है। एमडीएम में प्रत्येक दिन दाल भात व भुजिया और कभी-कभी खिचड़ी मिलती है। मध्याह्न भोजन में बच्चों को माड़-भात खिलाये जाने के बार में जब एचएम बैजनाथ सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जो छापना है छापिये। वहीं शिक्षा विभाग के बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता ने पूछे जाने पर कहा कि हमें जानकारी नहीं है। जांच करवाते हैं। अगर मामला सही पाया जाता है तो कार्रवाई करेंगे। वहीं शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। अगर मामला सत्य पाया जाता है तो दोषियों पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शाही को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**
भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही को झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड के कार्यक्रताओं ने पुष्प गुच्छ देकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। हर्ष व्यक्त करने वाले विधायक प्रतिनिधि सह अनुसूचित जाती मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह मंडल महामंत्री कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सह भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, विशुनपुरा प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि सह पिपरी कला पंचायत संयोजक अजय पाल, भाजयुमो



जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, मंडल मीडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी सहित आदि कई कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# चीनी कारोबारी की गोली मारकर हत्या

## क्षेत्र में दहशत, आक्रोशित लोगों ने विरोध में किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
पलामू जिले के छतरपुर में बाइक सवार अपराधियों ने गुरुवार को हरिहरगंज निवासी चीनी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने छत्तरपुर-जपला रोड जाम कर विरोध-प्रदर्शन किया। व्यवसायियों ने शुक्रवार को छत्तरपुर बंद का आह्वान किया है। मृत कारोबारी शुभम गुप्ता पलामू के हरिहरगंज के रहने वाले हैं और होलसेल चीनी का व्यपार करते हैं। गुरुवार को वह अपने पिता के साथ छतरपुर दुकानदारों से बकाया रकम लेने के लिए आए थे। शुभम के पिता दुकानदारों से लेनदेन की बात कर रहे थे और शुभम कार में ही बैठे हुए थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन अपराधी आए और कार के अंदर बैठे शुभम कुमार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में शुभम के सीना, कमर और पेट में गोली लगी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हवाई फायरिंग करते हुये फरार हो गए। इधर, गोलीबारी के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। गंभीर रूप से घायल शुभम को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी स्थिति में सुधार होता न देख डॉक्टरों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। परिजन उन्हें रिम्स ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गोली मारने के बाद अपराधी हुसैनाबाद की तरफ भागे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। अपराधियों को पकड़ने के लिये छापेमारी शुरू कर दी गयी है।



**व्यवसायियों ने आज छतरपुर बंद का किया आह्वान**

### अपराधी हुये बेलगाम

घटना को लेकर पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुइयां ने कहा कि हेमंत सरकार में पलामू पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से फेल हो गया है। लगातार छतरपुर इलाके में अपराधी और नक्सली गतिविधियां बढ़ रही हैं। आये दिन इलाके में गोलीबारी सहित लूट और छिनतई की घटना हो रही है। सभी लोग दहशत के साये में जी रहे हैं।

# मुकुंदपुर पंचायत के ताली में सेविका चयन के लिए हुई ग्रामसभा में हंगामा

## अनुकंपा और योग्यता को दी जायेगी प्राथमिकता : सीडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड क्षेत्र की मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव के मध्य विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर सीडीपीओ नंदजी राम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।



गहमागहमी के बीच शुरू हुई ग्रामसभा में सेविका पद के लिए पांच आवेदकों रेखा देवी, रंजीता देवी, अमृता विश्वकर्मा, माया कुमारी, ललिता कुंवर ने दावेदारी पेश की। इनमें दो आवेदक पोशक क्षेत्र के बाहर के थे, जिनके आवेदन खारिज कर दिये गये, जबकि मृतक आंगनबाड़ी सेविका आरती देवी की पतोहू अमृता विश्वकर्मा ने अनुकंपा और योग्यता के अधार पर आपनी दावेदारी पेश की। इस बीच ग्रामीण सड़क दुघर्टना में मृतक की पत्नी को सेविका पद पर चयनित करने को लेकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने हंगामा को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहीं माने। ऐसे में बीडीओ और चयन समिति टीम को वहां से बैरंग लौटना पड़ा। इस संबंध में बीडीओ सह सीडीपीओ नंदजी राम ने कहा कि ग्रामीणों ने हंगामा कर ग्राम सभा पूरी नहीं होने दी। उन्होंने कहा की अनुकंपा और योग्यता के अधार पर अमृता विश्वकर्मा को सेविका पद के लिए प्राथमिकता दी जायेगी। इसकी रिपोर्ट उप विकास आयुक्त को भेज दी जायेगी। मौके पर उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय, एएनएम सुलेखा, पर्यवेक्षिका सुचित्रा, पूर्व मुखिया संगीता देवी, लव सिंह, सोनी आदि मौजूद थे।

### योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से जिले में संचालित विकास योजनाओं के प्रगति को लेकर कार्यकारिणी एजेंसी के साथ समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब निर्माण, स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध कार्यारम्भ की समीक्षा, विद्यालय भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण एवं मरम्मति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं व पूर्ण किए गए योजनाओं समेत अन्य की बिन्दुवार समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, लघु सिंचाई, जिला परिषद, भवन प्रण्मडल, कृषि विभाग समेत अन्य कार्यकारिणी एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा संचालित विकास योजनाओं में अनियमित्ता या किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। पूर्व में अनुमोदित हो चुकी योजना और अभी तक टेंडर या किसी कारणवश लंबित है उसके सभी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए धरातल पर लायें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, सभी क्रियान्वयण एजेंसी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण माहौल में करें पूजा-पाठ

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थानों में हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया/भवनाथपुर/मझिआंव/खरौंधी/केतार**
चिनिया थाना परिसर में गुरुवार को 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता रंका अनुमंडल इंस्पेक्टर रामजी महतो ने की। थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार ने कहा कि हम अपने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हैं कि वे शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर देवस्थानों पर पूजन अर्चन भजन कीर्तन करें। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे कोई भी समस्या हो तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को करें। किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करें तो बिना देर किए पुलिस को इसकी सूचना दें। साथ ही कहा कि शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर अश्लील व भ्रामक गीतों पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध है। इंस्पेक्टर रामजी महतो ने कहा कि क्षेत्र में शरारती तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबर को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्र में अशांति हो। पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने लोगों से शांतिपूर्ण



वातावरण में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन व शोभायात्रा संपन्न कराने की बात कही। मौके पर प्राचार्य यासीन मलिक, फरीद खान, कपिल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, राजकुमार शाह उर्फ गरीबा, चंद्रिका सिंह, रमेश यादव, बदन राम रवि सीमंत कुमार, निर्मल यादव आदि मौजूद थे।

**वहीं भवनाथपुर** थाना परिसर में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने दोनों समुदायों को मिलजुल कर पूजा मनाने का अपील की। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से 21 एवं 22 जनवरी को शराब दुकान एवं मीट दुकान बंद रखने कि मांग की। मौके पर पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, एसआई कुंदन यादव, विजय शंकर राय, राजू उरांव, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, अनिल चौबे, संजय यादव, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक, सिंदुरिया पंचायत के उपमुखिया वैश खां, बीडीसी शकील अहमद, घनश्याम शुक्ला, राजमोहन यादव, शंभू सेठ, अजीत कुमार, दयानंद प्रजापति, महेंद्र पासवान, राजेंद्र पासवान, उमेश सिंह, विनोद यादव, उमेश शर्मा, कमरुद्दीन अंसारी, कसमुद्दीन अंसारी, रहीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

**वहीं मझिआंव** थाना परिसर में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने की। मौके पर थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित,कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, राधा कृष्ण मंदिर के महंत अक्षय कुमार, बाबा केशव नारायण दास, समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, पूर्व मुखिया अम्रुदीन खान, सोनपुरवा मुखिया अख्तर खान, महताब आलम, इंदल सिंह, ललन सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा इत्यादि मौजूद थे।

**वहीं खरौंधी** थाना परिसर में थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया की अध्यक्षता के बैठक हुई। जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने लोगों से मिलजुल कर कार्यक्रम करने की अपील की। मौके पर विहिप के अध्यक्ष रामानंद मेहता, आरएसएस के वीरेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, चन्दनी पंचयात के मुखिया रामगहन मेहता, कूपा मुखिया प्रमोद राम, बीडीसी कृष्णा राम, अजय मेहता, अशोक ठाकुर, जाकिर हुसैन, सतीस राम, राजकेश्वर यादव, हिफाजत अंसारी, विनोद यादव, कृष्णा गुप्ता, शशि पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

**वहीं केतार** थाना परिसर में गुरुवार को प्रभारी थाना प्रभारी दिनेश मरांडी की अध्यक्षता में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा, मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, सदर समीम अंसारी, अली हुसैन अंसारी, पंसस राजकुमार पासवान, उप मुखिया प्रदुमन प्रसाद, एसआई अमरेन्द्र कुमार, धीरज प्रजापति इत्यादि मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में घने कोहरे के...

उड़ान भरनी है। विजिबिलिटी कम होने के कारण हैदराबाद-रांची इंडिगो की फ्लाइट को वापस हैदराबाद लौटना पड़ा।
**रांची से उड़ान भरने वाली फ्लाइट हुई कैंसिल :** रांची-बेंगलुरु इंडिगो, रांची-मुंबई एयर इंडिया, रांची-दिल्ली एयर इंडिया, रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया, रांची-दिल्ली एयर इंडिया, रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया, रांची-दिल्ली एयर इंडिया और रांची-बेंगलुरु एयर इंडिया।

### वेद मंत्रों की ध्वनियों के ...

अब उसे आसन पर विराजमान कर दी गई है। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय, अनुष्ठान के यजमान ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, विहिप संरक्षक दिनेश, मूर्तिकार योगीराज के साथ कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। श्रीराम जन्मभूमि स्थित नवनिर्मित श्रीराम-मन्दिर में चल रहे अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार की दोपहर 12:30 बजे के बाद राममूर्ति का प्रवेश हुआ। दोपहर 01:20 बजे यजमान अनिल मिश्र और उनकी पत्नी उषा द्वारा प्रधान संकल्प लिया गया। इस दौरान पूरा श्रीराम मंदिर परिसर वेद मन्त्रों की ध्वनि से गुंजरित होता रहा। इसके बाद श्रीरामलला की मूर्ति के जलाधिवास तक का अनुष्ठान विधि सम्मत तरीके से पूरा किया गया। आचार्य अरुण दीक्षित के अनुसार अनुष्ठान की शुरूआत मुहूर्त के अनुसार प्रधान संकल्प और गणेश-अम्बिका पूजन से शुरू हुअ और फिर वरुण पूजन, वस्त्र-पात्र आदि के साथ आचार्यों के कार्यों का विभाजन, बाल्मीकि, अध्यात्मिक, भुशुंडी, रामचरित मानस समेत कुल 6 रामायणों के वाचन के लिए 6 आचार्यों का वरण आदि भी हुआ। इस दौरान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के प्रथम यजमान अनिल मिश्र अपनी पत्नी उषा मिश्रा को मंडप में प्रवेश कराया गया। वास्तु पूजा और मंडप के सभी खम्भों में विराजमान देवताओं की आराधना के बाद श्रीरामलला की मूर्ति के जलाधिवास के साथ अनुष्ठान को पूरा कर लिया गया।

### सीएस ने अधिकारियों को...

उन्होंने रेलवे और बस से अयोध्या जाने वाले लोगों पर खास ध्यान रखने को कहा है ताकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। किसी तरह के सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश न हो, इस पर भी खास ध्यान रखने को कहा है। इसके अलावा झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षा को लेकर भी अलर्ट रहने को कहा है। इसमें काफी संख्या में छात्र अलग-अलग जिलों में बने परीक्षा केंद्रों में जाएंगे। विधि-व्यवस्था से संबंधित कई दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में सभी गृह सचिव, डीजीपी के अलावा प्रमंडलीय आयुक्त, सभी आईजी, सभी डीआईजी, सभी डीसी और जिले के एसएसपी, एसपी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री ने राम मंदिर पर...

तक पहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ये टिकट केवल कलात्मक कार्य नहीं है। ये इतिहास की किताबों और कलाकृतियों के रूपों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप होते हैं। उन्होंने कहा कि इन टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र है। कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिये रामभक्ति की भावना है और मंगल भवन अमंगल हारी लोकप्रिय चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इनमें सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि है, जो देश में नये प्रकाश का संदेश भी देता है। इनमें पुण्य सरयू नदी का चित्र भी है। जो राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संदेश देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 भौतिक तत्व यानी आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी और जल, जिन्हें 'पंचभूत' के रूप में जाना जाता है, विभिन्न डिजाइन तत्वों के माध्यम से परिलक्षित होते हैं और पंचमहाभूतों का पूर्ण सामंजस्य स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम, देवी सीता और रामायण की कहानियां समय, समाज, जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं से परे प्रत्येक एक व्यक्ति से जुड़ी हैं। सबसे मुश्किल समय में भी त्याग, एकता और साहस के साथ दिखाने वाली रामायण तमाम चुनौतियों के बावजूद प्रेम की जीत के बारे में सिखाती है। रामायण पूरी मानवता को अपने साथ जोड़ती है। यही कारण है कि रामायण पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र रही है। दुनिया के विभिन्न देशों और संस्कृतियों में रामायण को लेकर एक उत्साह रहा है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को डीसी ने झंडी दिखा किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी 2024 तक जिला में एक माह तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही पूरे माह भर संचालित जागरूकता अभियान के दौरान जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार मौजूद थे।



### विद्यालय की वर्षगांठ पर चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**सिमरिया।** शीला में संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल एवं हेलमेट दिया गया। वहीं चार पहिया वाहन चालककों से सीट बेल्ट बांधकर चलाने को जागरूक किया गया। शीला ओपी प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने लोगों से अपील किया कि हेलमेट पहनकर एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट बांधकर चलें। विद्यालय के संचालक रामदेव कुशवाहा एवं प्रधानाचार्य सिकंदर कुमार राज ने बताया कि विद्यालय द्वारा इस तरह के जागरूकता अभियान हमेशा चलाए जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता भोला सिंह ने बताया कि विद्यालय के द्वारा चलाए गए इस अभियान से लोगों के बिच जागरूकता फैलेगी।




### कस्तूरबा विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी में विभिन्न बिंदुओं पर की गई चर्चा

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थिज कस्तूरबा गांधी बालिका आवासिय विद्यालय में गुरुवार को अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता वार्डन बिंदु पोद्दार ने किया। बैठक में शैक्षणिक शस्त्र 2024-25 में नामांकन की तिथि 30 जनवरी तक बढ़ाते हुए 30 जनवरी तक आवेदन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। साथ ही शत प्रतिशत छात्राओं की उपस्थिति पर विशेष बल दिया गया। बैठक में अभिभावकों को पोक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। जबकि प्रयास कार्यक्रम, रेलवे प्रोजेक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया गया। आत्मरक्षा को लेकर छात्राओं को ताई कमांडो का प्रशिक्षण देने का भी निर्णय लिया गया। व्यावसायिक शिक्षा के तहत छात्राओं को ब्यूटीशियन, सिलाई बुनाई कढ़ाई की प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करने की बात कही गई। बैठक में निर्धारित समय तक पाठ्यक्रम पूरा करने पर अभिभावकों ने जोर दिया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### कैबिनेट ने 16वें वित्त आयोग के लिए 3 पदों के सृजन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव के स्तर पर तीन पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव के स्तर पर तीन पदों, जिनमें संयुक्त सचिव के दो पद और आर्थिक सलाहकार के एक पद के सृजन को मंजूरी दी है, जिसका गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना द्वारा संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुसरण में किया गया था। नए सृजित पदों को आयोग को अपने कार्यों को पूरा करने में सहायता करने की आवश्यकता है। आयोग में अन्य सभी पद प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप पहले ही सृजित किये जा चुके हैं।

### ईडी के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल गुरुवार को भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल का कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है। भाजपा उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले जेल भेजने की साजिश रच रही है। ईडी ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए चौथी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गुरुवार को पेश होने के लिए नोटिस भेजा था। सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल ने ईडी के नोटिस का लिखित में जवाब दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है। यह नोटिस भाजपा के दबाव में भेजा गया है। उन्होंने कोई घोटाला नहीं किया है। इसलिए वह ईडी के सामने पेश नहीं होंगे।

### बरौनी-लखनऊ एक्स. में टीटीई ने की यात्री की पिटाई, निलंबित

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस में एक पुरुष यात्री को बार-बार थप्पड़ मारने और गालियां देने का वीडियो वायरल होने के बाद संबंधित यात्रा टिकट परीक्षक (टीटीई) को निलंबित कर और उसके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस तरह के दुर्व्यवहार के लिए जीरो टॉलरेंस के चलते टीटीई को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित टीटीई के खिलाफ रेलवे विभाग द्वारा जांच भी शुरू कर दी गई है।


# बुजुर्गों, दिव्यांगों व गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी यूपी सरकार

**एजेंसी। अयोध्या**

22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यूपी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके।

वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई कार्ट्स को रोड पर उतारने जा रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रा. लि. भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा मिले जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए। इसमें ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में हम जनवरी से मार्च तक 650 ई कार्ट्स उतारने जा रहे हैं।

एडीए के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने पूरी अयोध्या की कनेक्टिविटी के लिए जो हाइपरलूप मॉडल तैयार किया है, ये प्रोजेक्ट उसी का हिस्सा है। आने वाले दिनों में राम पथ पर 4 व्हीलर्स पर रोक रहेगी, तब ये ई कार्ट ही लोगों को दर्शन कराएंगी। दिव्यांगों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए ये पूरी तरह निःशुल्क रहेंगी। इन ई कार्ट्स की ओनरशिप एडीए की रहेगी और ये विभिन्न लोकेशंस से ऑपरेट की जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जो प्रस्ताव कॉर्पोरेट हाउसेस को दिया गया है उसमें कई बातों का जिक्र किया गया है। इसमें ई कार्ट या गोल्फ कार्ट के मेंटिनेंस, इसकी निगरानी, पार्किंग, ड्राइवर के चयन और प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के संबंध में जानकारी दी गई है।




### पुलिस की 45 टीमें करीब से सुरक्षा प्रदान करेंगी

22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या आने वाले वीवीआईपी आमंत्रित लोगों को चुनिंदा पुलिस कर्मियों की 45 टीमें करीब से सुरक्षा प्रदान करेंगी। अच्छे व्यवहार और संचार कौशल से लैस इन टीमों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक-रैंक के अधिकारी करेंगे, ताकि, आमंत्रित लोगों की परेशानी मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के अलावा किसी भी वर्गीकृत सुरक्षा या निजी सुरक्षा को अयोध्या में अनुमति नहीं दी जाएगी।" ये पुलिसकर्मी फॉर्मल कपड़े पहनेंगे और वीवीआईपी के पास तैनात रहेंगे। वीवीआईपी आमंत्रितों में शीर्ष उद्योगपति, उद्यमी, राजनेता, खिलाड़ी, फिल्म सितारे, आध्यात्मिक नेता और मीडिया दिग्गज शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से प्रत्येक टीम में पांच उप-निरीक्षक और एक पुलिस उपाधीक्षक शामिल होंगे। 33 जिलों और पुलिस आयुक्तालयों से चयनित युवा उप-निरीक्षकों की साठ और टीमों को हवाईअड्डे जैसी तलाशी ड्यूटी के लिए तैनात किया जाएगा।

### पीएम मोदी ने भगवान श्रीराम का ओड़िया भक्ति भजन साझा किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमिता अग्रवाल द्वारा गाया भगवान श्रीराम का ओड़िया भक्ति भजन 'अयोध्या नगरी नाचे रमनकु पाई' साझा किया है, जिसका संगीत सरोज रथ ने दिया है। प्रधानमंत्री सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि भारत के हर हिस्से में प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति है। हर भाषा में आपको उनके लिए समर्पित कई भजन मिलेंगे। यहां उड़िया में ऐसा ही एक प्रयास है।

### मंदिर के प्रसाद की कोई ऑनलाइन बिक्री अधिकृत नहीं, ट्रस्ट ने किया स्पष्ट

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि अयोध्या में भगवान को चढ़ाए जाने वाला प्रसाद भक्तों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए कोई मंच स्थापित नहीं किया गया है। ट्रस्ट के एक सदस्य ने कहा, ट्रस्ट द्वारा ऑनलाइन प्रसाद वितरित करने के लिए किसी विक्रेता या एजेंसी को नियुक्त नहीं किया गया है। यह बयान 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा (अभिषेक)' समारोह के बाद भक्तों को प्रसाद प्रदान करने का दावा करने वाले कुछ ऑनलाइन प्लेटफार्मों की रिपोर्टों के बीच आया है। राम मंदिर ट्रस्ट कार्यालय से बुधवार को संपर्क करने वाले मुंबई निवासी अनिल परांजपे ने कहा कि कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रसाद की पेशकश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन नहीं था और इसलिए मैं थोक में प्रसाद खरीदने के लिए ट्रस्ट कार्यालय गया। राम मंदिर के पास ट्रस्ट के कैंप कार्यालय में तैनात कर्मचारियों ने परांजपे को 'इलायची दाना' के 10 पैकेट इस निर्देश के साथ सौंपे कि इसे आगे वितरण के लिए अन्य प्रसाद के साथ मिलाया जाए।अन्य मंदिरों और धार्मिक स्थलों के विपरीत, जहां भक्तों द्वारा प्रसाद चढ़ाया जाता है, अयोध्या में सुरक्षा कारणों से सुरक्षा चौकियों से परे प्रसाद ले जाने की अनुमति नहीं है। मंदिर ट्रस्ट कैंप कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा, राम मंदिर ट्रस्ट एक गैर-लाभकारी संगठन है। प्रसाद केवल मौजूदा राम मंदिर के भीतर ही भक्तों को दिया जाता है। अभी तक कोई ऑनलाइन सेवा शुरू नहीं की गई है। भक्तों को प्रसाद निःशुल्क दिया जाता है और कोई पैसा नहीं लिया जाता। लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सेवाओं को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि ट्रस्ट ने अभी तक किसी को अधिकृत नहीं किया है।



### फिरोजाबाद से अयोध्या पहुंची 10 हजार से अधिक रंगबिरंगी चूड़ियां, भक्तों में होंगी वितरित

फिरोजाबाद से 10 हजार से अधिक रंगबिरंगी चूड़ियां गुरुवार को अयोध्या पहुंचीं और राज्य के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपी गईं। सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, फि रोजाबाद अपने कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है और इसकी चूड़ियां हर जगह प्रसिद्ध हैं। 10 हजार चूड़ियां मंदिर ट्रस्ट को सौंप दी गई हैं। इन्हें ट्रस्ट द्वारा भक्तों में वितरित किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि ये चूड़ियां हिंदू-मुस्लिम श्रमिकों की महीनों की मेहनत से तैयार होती हैं। इन चूड़ियों और कंगनों पर भगवान राम, माता सीता और भगवान हनुमान की तस्वीरें बनी हैं। समारोह में आने वाली महिलाओं में इनका वितरण निःशुल्क किया जाएगा।

### केंद्रीय कर्मचारियों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन मिलेगा आधे दिन का अवकाश

केंद्र सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूरे देश में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों को 22 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे तक (आधा दिन) बंद रखने की घोषणा की है। इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से एक ऑफिस मेमोरेंडम जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि 22 जनवरी को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में कर्मचारियों को शामिल होने के लिए दोपहर ढाई बजे तक का अवकाश दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि देश इस प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव की तरह मनाने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से इस दिन दीपावली मनाने और देश को जग-मग करने की अपील की है।

## कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का 5वां दिन

# राज्य में गृह युद्ध जैसी स्थिति है : राहुल

**एजेंसी। शिवसागर (असम)**



कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा के पांचवें दिन राहुल गांधी नगालैंड से असम पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि भारत में 'सबसे भ्रष्ट सरकार' शायद असम में है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नगालैंड से असम में प्रवेश करने के तुरंत बाद, गांधी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की और कहा कि वे नफरत फैला रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं। राहुल गांधी ने शिवसागर जिले के हालोवाटिंग में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार शायद असम में है। हम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम के मुद्दों को उठाएंगे। मणिपुर के बारे में बात करते हुए गांधी ने कहा कि उस राज्य में गृह युद्ध जैसी स्थिति है। मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद पिछले साल तीन मई को पहली बार झड़पें हुई थीं। मणिपुर में मेइती लोगों की आबादी लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासियों-नगा और कुकी समुदाय की आबादी 40 प्रतिशत है जो पर्वतीय जिलों में रहते हैं। उन्होंने कहा, राज्य बंटा हुआ है और प्रधानमंत्री वहां (मणिपुर) गए तक नहीं। नगालैंड में, नौ साल पहले एक समझौते (नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान करने के लिए) पर हस्ताक्षर किए गए थे और लोग अब पूछ रहे हैं कि इसका क्या हुआ। भाजपा के इस बयान पर पलटवार करते हुए कि ऐसी यात्राओं से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होगा, गांधी ने कहा कि पिछले साल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने देश के 'राजनीतिक विमर्श' को बदल दिया है।

### निष्कासित नेता अंगकिता दत्ता धरने पर बैठीं, राहुल से की 'न्याय' की मांग



जैसे ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार को असम में प्रवेश की, पार्टी से निष्कासित नेता अंगकिता दत्ता ने शिवसागर जिले के अमगुरी शहर में 'न्याय' की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। असम कांग्रेस के पूर्व मंत्री अंजन दत्ता की बेटी अंगकिता को राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. श्रीनिवास के खिलाफ उत्पीड़न के आरोप लगाने के बाद पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था, जब वह असम युवा कांग्रेस की अध्यक्ष थीं। उन्होंने श्रीनिवास के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी और इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। इस बीच, अमगुरी में एक साल पहले हुई भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण के दौरान अंगकिता दत्ता और राहुल गांधी की तस्वीरें प्रदर्शित करने वाले बड़े पोस्टर लटके हुए देखे गए। पोस्टरों पर लिखा था, 'अंगकिता के लिए न्याय' और क्या आप महिलाओं के साथ हर रोज होने वाले अन्याय से थक गए हैं?

## भारतीय अमेरिकी तारा ने की कैलिफोर्निया प्रांतीय असेंबली चुनाव लड़ने की घोषणा



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय-अमेरिकी समुदाय की नेता तारा श्रीकृष्णन ने घोषणा की है कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जिला 26 से कैलिफोर्निया प्रांतीय असेम्बली के लिए चुनाव लड़ेंगी। यह जिला सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र के दक्षिणी में सैंटा क्लारा काउंटी (सनीवेल, क्यूपर्टिनो और सैंटा क्लारा शहरों समेत) और उत्तर तथा पश्चिम सैन जोस शामिल है। तारा (30) 2021 से सैंटा क्लारा काउंटी शिक्षा बोर्ड में कार्यरत हैं जिसके अधिकार क्षेत्र में काउंटी के 31 स्कूल जिले हैं जिनमें कुल 2,70,000 छात्र पढ़ते हैं और जिसका बजट 30 करोड़ डॉलर का है। क्यूपर्टिनो संगीत अकादमी में पूर्व पियानो शिक्षिका तारा ने अपने अभियान वक्तव्य में कहा कि वह जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, किफायती आवास और सुरक्षित समुदायों जैसे मुद्दों के समाधान करना चाहती हैं। बयान में कहा गया है, हमारे निवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है: आवास सामर्थ्य, जलवायु परिवर्तन, यातायात की भीड़, और एक शिक्षा प्रणाली जिसे मजबूत करने की आवश्यकता है। इन चुनौतियों को संबोधित करना - और कर (से प्राप्त) डॉलर को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से खर्च करना - यही कारण है कि मैं प्रांतीय असेम्बली के लिए रेस में हूं। उन्होंने कहा, मैं समझती हूं कि कैलिफोर्निया को वित्तीय रूप से जिम्मेदार बनाने, हमारी शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के लिए क्या करना होगा ताकि हमारे बच्चों को भविष्य में करियर के अवसर मिलें।

## वायुसेना कर्मियों की हत्या के गवाह ने शूटर यासीन मलिक को पहचाना

**एजेंसी। जम्मू**



श्रीनगर शहर में 1990 के दौरान भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या के गवाह ने गुरुवार को विशेष सीबीआई अदालत में जेकेएलएफ अध्यक्ष यासीन मलिक को मुख्य शूटर के रूप में पहचाना है। अभियोजन पक्ष की ओर से इस गवाह को पेश किया गया था। श्रीनगर शहर के रावलपोरा इलाके में 25 जनवरी, 1990 को एक आतंकी हमले के दौरान की गई गोलीबारी में एक स्क्वाड्रन लीडर सहित चार वायुसेना कर्मी मारे गए और 22 घायल हो गए। उस समय यह सभी दिन की ड्यूटी के लिए स्टाफ बस का इंतजार कर रहे थे। इसी मामले में आज मलिक को दिल्ली की तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया, जहां उसे एक अन्य आतंकी अपराध में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद से रखा गया है। विशेष सीबीआई अदालत में पूर्व वायुसेना कर्मी राजवार उमेश्वर सिंह और अभियोजन पक्ष के एक प्रत्यक्षदर्शी ने गुरुवार को मलिक की पहचान रावलपोरा में वायुसेना कर्मियों पर गोलीबारी करने वाले मुख्य शूटर के रूप में की है। सीबीआई की वकील मोनिका कोहली ने संवाददाताओं से कहा कि गोलीबारी की घटना में मुख्य शूटर के रूप में मलिक की पहचान होना इस मामले की जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# विदेशी जहाज पर ड्रोन हमला, भारत ने दिया जवाब

### जहाज पर सवार 9 भारतियों समेत चालक दल के सभी 22 सदस्य सुरक्षित बचाए गए

### नौसेना के विशेषज्ञों ने एमवी जेनको पिकार्डी के नुकसान का निरीक्षण किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले जहाज एमवी जेनको पिकार्डी पर ड्रोन से हमला हुआ है, जिससे जहाज में आग लग गई। समुद्री डकैती रोकने के लिए तैनात भारतीय नौसेना के जहाज ने तत्काल हमले का जवाब दिया। जहाज पर सवार चालक दल के सभी 22 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। इनमें 9 भारतीय हैं।

भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम को समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। बुधवार की रात 11.11 बजे मार्शल द्वीप के ध्वज लगे जहाज एमवी जेनको पिकार्डी पर ड्रोन हमला होने की जानकारी मिली। अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी गश्त कर रहे भारतीय युद्धपोत विशाखापत्तनम ने संकट कॉल को स्वीकार करके तेजी से जवाब दिया। भारतीय जहाज ने एक घंटे के भीतर करीब 12.30 बजे ड्रोन हमले का जवाब देकर विदेशी जहाज को रोक दिया। ड्रोन हमले की वजह से एमवी जेनको पिकार्डी जहाज में आग लग गई लेकिन भारतीय नाविकों ने आग बुझाकर स्थिति सामान्य की। जहाज पर सवार 22 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित बचा लिया गया है, जिसमें 9 भारतीय भी हैं। इस हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है और आग को भी नियंत्रण में ले लिया गया है।

आईएनएस विशाखापत्तनम से नौसेना विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) विशेषज्ञ क्षतिग्रस्त एमवी जेनको पिकार्डी के नुकसान का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को सुबह जहाज पर चढ़े। ईओडी विशेषज्ञों ने गहन निरीक्षण के बाद जहाज को आगे जाने के लिहाज से सुरक्षित बना दिया है। इसके बाद जहाज कॉल के अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

## फिल्म जगत

### रवीना ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार इंद्राणी कोठारी को बताया 'एब्सल्यूट दिवा'



**मुंबई।** अभिनेत्री रवीना टंडन ने आगामी शो 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार इंद्राणी कोठारी के बारे में खुलकर बात की और इसे एक 'एब्सल्यूट दिवा' बताया है। इस शो में दर्शक रवीना को एक अनदेखे अवतार में देखेंगे। रवीना ने कहा, इंद्राणी कोठारी एक एब्सलूट दिवा हैं। वह अपने परिवार के लिए शक्ति और प्यार पर निर्भर है और उनकी रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। बाहर से ग्लैमरस और नरम दिल वाली इंद्राणी के व्यक्तित्व में एक रहस्यमय पहलू है।" रवीना ने कहा, वह अपने तरीके से दोषपूर्ण है और यह उसके चरित्र को निभाने के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण बनाता है। इंद्राणी भावनाओं की एक श्रृंखला से गुजरती है जो एक तरफ उसकी कमजोरियों को प्रदर्शित करती है और दूसरी तरफ सत्ता की स्थिति में होने के उसके विचार को प्रदर्शित करती है।" अभिनेत्री ने कहा, यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार कर रही हूं। आरएटी. फिल्म्स द्वारा निर्मित और रुचि नारायण द्वारा निर्देशित इस सीरीज में रवीना, नम्रता सेठ, वरुण सूद के साथ-साथ गौरव शर्मा, वालुस्चा डिसूजा, एमी एला, विराफ पटेल, पीयूष खाती प्रमुख भूमिका में हैं।